You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-06 | शुक्रवार, 02 फरवरी 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



लोकतंत्र के नाम पर गांधी परिवार काला धब्बा है। आपातकाल इसका जीता-जागता सबूत है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र पर भाषण देने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्हें परिवार के इतिहास को पढ़कर गिरेबान में झांकना चाहिए। केशव प्रसाद मौर्य की यह टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा पर की गयी टिप्पणी के बाद आयी है।

केशव प्रसाद मौर्य

अंतरिम बजट : रक्षा क्षेत्र को मिले 6.2 लाख करोड़, 0.27 लाख करोड़ रुपये का इजाफा 11

बजट गतिशील और विकासोन्मुखी है : मुख्यमंत्री धामी 12

## बजट में महिलाओं-किसानों के लिए कई ऐलान, तीन लाख तक की आय ही टैक्स फ्री, भारतीय अर्थव्यवस्था में10 साल में दिखा सकारात्मक परिवर्तन

# बजट में मध्यम वर्ग को राहत की उम्मीद

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । सरकार ने आम चुनाव के ठीक पहले अंतरिम बजट 2024.25 में आयकर और अप्रत्यक्ष करों को यथावत रखते हुये महिलाए युवा गरीब और किसानों को लुभाने की कई पहलों की घोषणा की और आर्थिक वृद्धि को तेजी बनाये रखने के लिए बुनियादी ढांचे पर 11.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय के प्रावधान वाले वित्त वर्ष 2024.25 के लिए अंतरिम बजट पेश करते हुये कहा कि सरकार ने 10 साल के काम से जनता का विश्वास और भरोसा अर्जित किया है और जुलाई 2024 में हम ही अगला पूर्ण बजट भी पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि अगला बजट विकसित भारत का रोडमैप होगा। अंतरिम बजट में चालू वित्त वर्ष के व्यय का संशोधित अनुमान 44.90 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस वित्त वर्ष में राजस्व प्राप्तियां 30.30 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जो बजट अनुमान से अधिक है। उधारी को छोड़कर सरकार की कुल प्राप्तियां 27.56 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जिसमें कर प्राप्तियां 23.24 लाख करोड़ रुपये होंगे। अगले वित्त वर्ष में कुल व्यय 47.66 लाख करोड़ रुपये रहने और उधारी को छोड़कर कुल प्राप्तियां 30.80 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024.25 में कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपये रहने की है। वित्त मंत्री ने राजकोषीय मजबूती की राह पर कायम रहते हुये अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी के 5.1 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2025.26 में इसके 4.5 प्रतिशत तक रखा जायेगा। उन्होंने लोकसभा में बजट भाषण में कहा परंपरा को बनाये रखते हुये मैं कराधान संबंधी किसी प्रस्ताव का बदलाव नहीं कर रही हूं और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष करों की दरों को वर्तमान स्तर पर बनाये रखने का प्रस्ताव करती हूं जिसमें आयात शुल्क की दरें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नयी कर व्यवस्था में सात लाख रुपये तक कोई कर नहीं देना है।

वित्त मंत्री ने अपने लगातार छठे बजट भाषण में कहा कि भारत चालू वित्त वर्ष में लगातार तीसरे साल सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ जी.20 देशों में सबसे तीव्र बढ़ोतरी दर्ज करने वाला देश होगा। श्रीमती सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा हमने बजट को पारदर्शी को बनाया है। हमने आमदनी और खर्च के मासिक रिपोर्ट जारी करने की व्यवस्था की है फिर भी बजट में हम सब कुछ शामिल करते हैं तथा कुछ छिपाते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पूंजीगत निवेश में वृद्धि में कमी होने के एक सवाल के जबाव में कहा कि हम लगातार चार साल से इसमें बढोतरी कर रहे हैं और इसबार 11.11.111 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो ऊंचे तुलनात्मक आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि है यह कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह भी देखा जाना चाहिए कि निजी निवेश शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं।

वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि बजट में वर्तमान मूल्य पर 2024.25 में जीडीपी वृद्धि दर 10.5 प्रतिशत रहेगी और कर राजस्व में वृद्धि 11.5 प्रतिशत रहेगी। चालू वित्त वर्ष में वर्तमान मूल्यों पर जीडीपी वृद्धि 8.9 प्रतिशत और कर राजस्व में 12 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान है। अधिकारियों ने कहा कि बजट के आंकड़े व्यावहारिक एवं विश्वसनीय है।

अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री योजना के तहत दो करोड़ और मकान बनाने तथा मलिनबस्तियों किराये के मकान में रखने वाले मध्यवर्ग के लोगों के लिए अपना मकान बनाने की नयी योजना तथा अर्थव्यवस्था की आगे की जरूरतों के लिए राज्यों की सहमति के साथ नयी पीढ़ी के सुधार करने सहित 12 प्रमुख पहलों की घोषणा की गयी है। अधिकारियों ने कहा कि मध्यम वर्ग के लिए मकान योजना में ब्याज सब्सिडी जैसी पहल हो सकती है।

इन पहलों में रुफटॉप सोलर योजना के लिए 10 हज़ार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लखपति दीदी योजना के तहत लक्ष्य को दो करोड़ महिलाओं से बढ़ा कर तीन ● शेष पेज 11 पर



**अंतरिम बजट में भविष्य का सपना दिखाया वित्त मंत्री ने पूंजीगत व्यय में 11 प्रतिशत की वृद्धि,करदाताओं को कोई राहत नहीं, 3 लाख रुपये की आय ही रहेगी टैक्स फ्री**

### अंतरिम बजट

- केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने पेश किया बजट, कहा- सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र से आगे बढ़े
- राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमानः वित्त मंत्री
- वित्त मंत्री ने की पुराने कर बकाया के निपटारे की घोषणा, उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ का कोष होगा तैयार
- आयुष्मान भारत योजना में सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी और हेल्पर्स भी होंगे कवर, स्वास्थ्य मंत्री ने किया स्वागत
- अंतरिम बजट में महिला सशक्तीकरण पर रहा जोर, महिला उद्यमियों को दिए 30 करोड़ मुद्रा योजना लोन

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को हासिल करने का रोडमैप है बजट : शाह



नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य तय किया है। आज जो बजट पेश किया गया है, वह विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने वाला है। शाह ने गुरुवार को बजट भाषण के बाद एक्स पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि यह बजट मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालता है। शाह ने कहा कि किसानों के लिए समर्पित मोदी सरकार का विकसित भारत बजट देश के किसान भाइयों के लिए खुशहाली व समृद्धि के नए अवसर लेकर आया है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत से प्रेरित इस बजट में एक तरफ तिलहनों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया गया है तो दूसरी तरफ नैनो-डीएपी के प्रयोग व डेयरी विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार आज 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता व 04 करोड़ किसानों को फसल बीमा से सुरक्षा दे रही है। बजट में मॉडर्न स्टोरेज और प्रभावकारी सप्लाई चेन स्थापित करने पर लिये गए अहम फैसलों से हमारे अन्नदाता आर्थिक तौर पर सशक्त एवं समृद्ध बन सकेंगे। शाह ने कहा कि इस बजट में लखपति दीदी के लक्ष्य को ● शेष पेज 11 पर

## यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है : मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए इसे केवल एक अंतरिम बजट नहीं बल्कि एक समावेशी और अभिनव बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी देता है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से बजट पर टिप्पणी करते हुए कहा, ल्लयह समावेशी और अभिनव बजट है। इसमें निरंतरता का आत्मविश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा।ङ्क मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा, ल्लनिर्मला सीतारमण का बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। यह बजट 2047 तक विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बजट युवा भारत की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने बजट में लिए गए दो महत्वपूर्ण ● शेष पेज 11 पर

## पक्ष की प्रतिक्रिया

### केंद्र के अंतरिम बजट में 'विकसित भारत' का विजन : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय अंतरिम बजट की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट में 'विकसित भारत' का विजन, अंत्योदय का संकल्प और 'नए भारत' को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का 'रोड मैप' है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भारत को पांच ● शेष पेज 11 पर

### किसानों की आय में वृद्धि को चरितार्थ करने वाला बजट : केशव प्रसाद मौर्य




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग़रीबों के लिए समर्पित, विकसित भारत की गारंटी वाला स्वागत योग्य बजट प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट गांव-गरीब के विकास, महिला सशक्तिकरण, टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन और किसानों की आय में वृद्धि को चरितार्थ करने वाला बजट है। यह गरीबों, महिलाओं, उत्तम स्वास्थ्य, कृषि विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को समर्पित बजट है। केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा कि अमृतकाल में इस बजट ने जनता को नई ज़ुबान दी है। बजट में सबका ध्यान रखा गया है। हर वर्ग का सम्मान, ग़रीब कल्याण, भारत कल्याण!नारी वंदन, नारी अभिनंदन! नारी शक्ति मज़बूत, ● शेष पेज 11 पर

### समाज के हर वर्ग को सौगात देने वाला बजट : आनंदीबेन पटेल



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को लोकसभा में पेश अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के विकास को गति देने वाला है। यह बजट देश को अगले 03 वर्षों से भी कम समय में 05 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सक्षम होगा। उन्होंने बजट को युवा एवं विकसित भारत की आकांक्षाओं का ● शेष पेज 11 पर

### भारत के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखने वाला बजट: भूपेन्द्र चौधरी



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने 2024-25 के केंद्रीय अंतरिम बजट को भारत के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखने वाला बजट बताया है। प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट लोक आकांक्षाओं की पूर्ति ● शेष पेज 11 पर

### विकसित भारत लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण है यह अंतरिम बजट: अनुराग ठाकुर



नई दिल्ली। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर कहा कि यह अंतरिम बजट हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समावेशी विकास की अटूट गाथा का प्रतिबिंब है और यह अंतरिम बजट विकसित भारत लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण होने वाला है। केन्द्रीय मंत्री गुरुवार को संसद में पेश किए गए केंद्रीय अंतरिम बजट 2024 पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में बुनियादी ढांचे और नवाचार पर विशेष ध्यान देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए ठाकुर ने कहा, ल्लये बजट एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला रखता है, ● शेष पेज 11 पर

## विपक्ष की प्रतिक्रिया

### केन्द्रीय अंतरिम बजट जन विकास के लिए व्यर्थ : अखिलेश यादव



लखनऊ। संसद के निचले सदन लोकसभा में गुरुवार को पेश अंतरिम बजट को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जन विकास को लेकर इसे व्यर्थ बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर बजट को लेकर प्रतिक्रिया दी है। सपा अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। ये भाजपा का 'विदाई बजट' है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद के निचले सदन लोकसभा में आज अंतरिम बजट पेश किया है। देश के अर्थशास्त्री इस बजट को संतुलित बता रहे हैं। हालांकि टैक्स में बदलाव नहीं किया गया है। वहीं सैलरीड क्लास को कोई फायदा होता नहीं दिख रहा है, लेकिन देश के सुरक्षा को लेकर रक्षा बजट को बढ़ाया गया है। रक्षा खर्च 11.1 प्रतिशत बढ़ाया गया है, यह जीडीपी का 3.4 प्रतिशत होगा। वहीं ग्रामीण विकास और गरीबों के आवास योजना का लाभ दिए जाने का बजट बढ़ाया गया है।

### रालोद ने अंतरिम बजट को बताया चुनावी

राष्ट्रीय लोकदल

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने गुरुवार को आए अंतरिम बजट को आम जनता, किसान और नौजवानों के लिए निराशाजनक बताया है। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट कर बजट पर निशाना साधते हुए चुनावी बजट करार दिया है। रालोद ने कहा कि वित्त मंत्री बजट पर 58 मिनट तक बोलती रहीं लेकिन देश को राहत चाहिए था, भाषण नहीं। भाजपा सरकार ने मध्यवर्गीय परिवार को आयकर में कोई राहत नहीं दी। क्या ये सिर्फ चुनावी बजट है ? रालोद ने लिखा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने, बेरोजगार युवाओं के लिए कुछ नहीं किया। थैन्क्यू वित्त मंत्री जी ! राहत की बिल्कुल उम्मीद भी नहीं है देश को। रालोद व्यापार प्रकोष्ठ रोहित अग्रवाल ने बजट पर बयान जारी कर कहा कि वित्त मंत्री के भाषण में किसानों, छोटे व्यापारियों के हित एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक शब्द भी नहीं। जनविरोधी भाजपा सरकार के बजट से वैसे भी जनता को कोई उम्मीद नहीं है।

### बजट में मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए कुछ नहीं : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए जो अंतरिम बजट पेश किया है, उसमें गरीब और मध्यवर्ग के लिए कुछ नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बजट भाषण के बाद गुरुवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि अंतरिम बजट नीरस था। इसमें न तो बढ़ती महंगाई रोकने के लिए कोई उपाय सुझाया गया और न ही किसानों के हित की कोई ठोस बात कही गई। कांग्रेस के लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बजट को चुनावी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में सिर्फ जनता को लुभाने की कोशिश की गई है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बजट भाषण के बाद संसद भवन परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी सरकार उद्योगपतियों के लिए काम करती है। यह बजट भी उन्हीं के लिए था। इस बजट से देश के नौजवान, किसान, महिला व मध्यवर्ग को सिर्फ निराशा हाथ लगी है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि बजट का एक बड़ा हिस्सा राष्ट्रपति के अभिभाषण से लिया गया था। यह बजट आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की पुनरावृत्ति है। कांग्रेस सांसद रंजीता रंजन ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि कितनी महिलाएं हैं, जिनकी बचत दो लाख है, जिस पर वे 7.5 फीसदी ब्याज लेंगी? ये पूरी तरह से चुनावी बजट है।

### मुख्यमंत्री योगी ने किया विधानभवन स्थित टंडन हॉल के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधान भवन स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हॉल के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने एलईडी पर उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत की गाथा की कहानी को देखा। नवनिर्मित श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, लोकभवन, विधानभवन, दीपोत्सव आदि की गौरवगाथा को देख सीएम अभिभूत हो उठे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री योगी को यहां की विशेषताओं से भी अवगत कराया। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महिला कल्याण व बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्य, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय समेत कई विधायक मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए




एजेंसी

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के विशेष जज दिनेश राय ने आज यहां एक दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। श्री सोरेन के रिमांड पर फैसला दो फरवरी को सुनाया जाएगा। पीएमएलए कोर्ट में श्री सोरेन का पक्ष झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने रखा और कहा कि यह प्रिडिकेट ऑफेंस नहीं है। ईडी के वकील ने कहा कि आईपीसी की धारा 120बी के तहत कार्रवाई जारी है इसलिए इन्हें कस्टडी में लेना अनिवार्य है। यह कार्रवाई शेड्यूल ऑफ ऑफेंस में आता है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने श्री सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया और कहा कि रिमांड पर फैसला कल सुनाया जाएगा। इससे पहले श्री सोरेन ● शेष पेज 11 पर

## ज्ञानवापी तहखाने में हिन्दू पक्ष को पूजा की अनुमति के खिलाफ मुस्लिम पक्ष पहुंचा हाई कोर्ट

एजेंसी

प्रयागराज। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण पूर्वी तहखाने में वाराणसी की जिला अदालत द्वारा मंदिर पक्ष को पूजा करने की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाई कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दाखिल कर चुनौती दी है। दूसरी तरफ मंदिर पक्ष के शैलेन्द्र पाठक ने कैविएट दाखिल कर मुकदमे में उसे सुनवाई का अवसर देने की मांग की है। वाराणसी के जिला जज ने बुधवार को अपने आदेश में वादी एवं काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पुजारी के द्वारा तहखाने में स्थित मूर्ति की पूजा करने की व्यवस्था करने का जिलाधिकारी को निर्देश दिया है। मस्जिद पक्ष की याचिका में जिला जज के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। इनका कहना है कि अभी तक आदेश 7 नियम 11 के तहत वाद के पोषणीयता की अर्जी तय नहीं हुई है। इसलिए पूजा का अधिकार देने का वाराणसी के जिला जज का आदेश सही नहीं है। इसी मामले में वादी शैलेन्द्र कुमार पाठक ने कैविएट दाखिल की है। कैविएट में मांग की गई है कि अगर इंतजामिया कमेटी कोई ● शेष पेज 11 पर



### ज्ञानवापी पर आया फैसला प्रशंसनीय, कब्जा करने वालों को मान लेनी चाहिए गलती : संजय निषाद

लखनऊ। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद ने ज्ञानवापी पर आए फैसले की प्रशंसा की है। उन्होंने गुरुवार को अपने एक बयान में कहा कि मुसलमानों को अब गलती मान लेनी चाहिए। संजय निषाद ने कहा कि काशी के बाद मथुरा भी हमारा है। मुसलमानों ने ● शेष पेज 11 पर

### ज्ञानवापी पर भाजपा नेता मोहसिन रज़ा ने मौलानाओं से आगे आने की अपील की

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री मोहसिन रज़ा ने निचली अदालत के फैसले के आधार पर ज्ञानवापी परिसर में शुरू हुई पूजा-अर्चना पर एक बार फिर मुस्लिम समाज, खासकर धर्मगुरुओं से आपसी भाईचारा ● शेष पेज 11 पर

# आम आदमी के लिए एक जुमला है बजट : सभाजीत सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट पर आम आदमी पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा मोदी सरकार ने जो बजट पेश किया है उससे साफ प्रतीत होता है कि यह जुमलों की सरकार है। 2014 में मोदी ने दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था 10 साल में अब तक 20 करोड लोगों को नौकरियां मिल जानी चाहिए लेकिन इस सरकार में युवाओं को नौकरियां नहीं मिलीं बल्कि लाठियां मिली हैं। बजट में मोदी सरकार ने रोजगार के नाम पर युवाओं को एक बार फिर छलने का काम किया है। 55 लाख नौकरियां देंगे ये हास्यास्पद है। मँहगाई की मार जितनी आज है उतनी पहले कभी भी नहीं थी। आटा दाल सब्जी एलपीजी पेट्रोल डीजल सब महंगा हो गया है। आम आदमी की महंगाई से कमर टूट गई है।

किसान की आय दोगुनी नहीं हो पाई, फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं हुआ है पूरी तरह से यह बजट आम आदमी के लिए एक जुमला बजट है।

### उद्योगपतियों के हित में है बजट : रालोद

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने केंद्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इस बजट में किसानों, मध्यम वर्ग, गरीबों तथा मजदूरों के लिए कुछ नहीं है सिर्फ जुमले ही है इस बजट से आम जनमानस को मात्र निराशा ही हाथ लगी है। अगर इस बजट में किसी को कुछ मिला है तो वह देश के उद्योगपतियों के हित में हैं और गरीबों, मध्यवर्गीय तथा किसानों के लिए बिल्कुल शून्य है। केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये श्री दुबे ने कहा कि अंतरिम बजट के बहाने मोदी सरकार ने देश की जनता को चुनावी लॉलीपॉप थमाया है। इस बजट में महंगाई, बेरोजगारी की ज्वलंत समस्याओं से निपटने का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसमें न ही स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की गयी है और न ही विदेशी कर्ज को कम करने का कोई उपाय है।

# लोक सभा निर्वाचन के तैयारी के मद्देनजर विभिन्न स्थलों का डीएम ने किया निरीक्षण

### निरीक्षण दौरान मतदान पार्टियों की रवानगी स्थल, मतगणना स्थल,स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर ।जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के दृष्टिगत मतदान पार्टियों की रवानगी स्थल, मतगणना स्थल,स्ट्रॉन्ग रूम आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मतदान पार्टियों के रवानगी के दृष्टिगत जिला स्टेडियम रविंद्रनगर घूस, पुलिस लाईन कुशीनगर, बुद्धा पार्क रविंद्र नगर घूस का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान के पश्चात शील्ड ई0वी0एम0 जमा करने हेतु उदित नारायण डिग्री कालेज, पडरौना एवं उदित नारायण इण्टर कालेज, पडरौना में बनने वाले स्ट्रांग रूम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान ए आर ओ /ए ई आर ओ व विधानसभा वार मतगणना हेतु लगाए जाने वाले टेबल, वाहन पार्किंग स्थल, मतगणना स्थल, स्ट्रॉन्ग रूम की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी लोक निर्माण विभाग को ईवीएम वीवीपीएटी मशीन आदि पार्टी रवानगी( डिस्पैच) से लेकर प्राप्ति (रिसीविंग) तक विस्तृत ले आउट प्लान बनाने से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर गुंजन द्विवेदी मुख्य विकास अधिकारी ,वैभव मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), मोहम्मद जफर, उप जिलाधिकारी / सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, महात्मा सिंह, उप जिलाधिकारी (न्यायिक), पडरौना, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड, कुशीनगर, परियोजना निदेशक, डी0सी0मनरेगा,डीएसओ दिलीप कुमार,लेखपाल योगेंद्र, मकसूद अहमद, कनिष्ठ सहायक, सैयद कमाल असगर रिजवी, वरिष्ठ सहायक, भीम सिंह, प्रधान सहायक आदि अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विवेक श्रीवास्तव ने कार्यभार किया ग्रहण



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त सचिव विवेक श्रीवास्तव ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उप सचिव माधवेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

### एलडीए की कार्यवाही में अवैध प्लाटिंग ध्वस्त व अवैध निर्माण सील

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुरूवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते द्वारा जोन-2, व जोन-3 एवं जोन-5 में ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए किसान पथ और काकोरी में दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया तथा तेलीबाग में एक अवैध निर्माण को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी संजय जिंदल ने बताया कि विनय सिंह व अन्य द्वारा बीबीडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसान पथ पर लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। जिसके खिलाफ़ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता एनएन चौबे एवं संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इस अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राजकुमार लोधी व अन्य द्वारा काकोरी में टीएस मिश्रा रोड पर लगभग 3.5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी इसमें भी विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता अनिल कुमार व अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा, भरत पाण्डेय व प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा इस अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि शैल कुमारी द्वारा तेलीबाग में काका मार्केट के पीछे लगभग 800 वर्गफिट क्षेत्रफल में बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके खिलाफ़ विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश दिये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता शिवा सिंह व अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्र व ऋतुपाल द्वारा पुलिस बल के सहयोग से इस निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया गया।

### लोकतंत्र के नाम पर काला धब्बा है गांधी परिवार : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा है कि लोकतंत्र के नाम पर गांधी परिवार काला धब्बा है। आपातकाल इसका जीता-जागता सबूत है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र पर भाषण देने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्हें परिवार के इतिहास को पढ़कर गिरेबान में झांकना चाहिए। केशव प्रसाद मौर्य की यह टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा पर की गयी टिप्पणी के बाद आयी है। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा था कि खुद भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सत्ता की सनक में लोकतंत्र को तबाह करने का अभियान चला रही है। केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर कांग्रेस की आलोचना की है।

### 4 फरवरी को गोरखपुर में होगा वृहद रोजगार मेले का आयोजन

**पड़रौना, कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी गुन्जन द्विवेदी ने बताया कि एक दिवसीय मण्डलीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन मदन मोहन मालवीय तकनीकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के परिसर में दिनांक 04.02.2024 को होना प्रस्तावित है, उक्त मेला में विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों की लगभग 15,000 रिक्तियों के साथ 150 से अधिक नियोजक कम्पनीयों के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, जिसमें 18 से 35 आयुवर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियां जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं से लेकर स्नातक, कौशल विकास मिशन प्रशिक्षित आई0टी0आई0 उत्तीर्ण, पालिटेक्निक उत्तीर्ण अभ्यर्थी उक्त रोजगार मेला में प्रातः 8:30 बजे से प्रतिभाग कर रोजगार मेला का लाभ प्राप्त कर सकते है। अतः उक्त के क्रम में जनपद कुशीनगर के अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### 3 से 5 फरवरी के बीच आंगनबाडी केन्द्रों पर लाभार्थियों को किया जायेगा सामग्रियों का वितरण

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद के अन्तर्गत संचालित आंगनबाडी केन्द्रों पर लाभार्थियों को वितरण हेतु सामग्री प्राप्त हो चुकी है। यह सामग्री माह दिसंबर 2023 के आपूर्ति आदेश के अनुसार है। जनपद के पडरौना, फाजिलनगर, दुदही, कसया, नेबुआ नौरंगिया, कप्तानगंज, हाटा, रामकोला, मोतीचक विशुनपुरा, तमकुहीराज, खड्डा, के परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रो से निम्नवत सामग्री का विवरण दिनांक 03 व 05 फरवरी 2024 को किया जायेगा। उक्त दिवस को पडरौना, फाजिलनगर, दुदही, कसया, नेबुआ नौरंगिया, कप्तानगंज, हाटा, रामकोला, मोतीचक विशुनपुरा, तमकुहीराज, खड्डा के परिजनों के सी0डी0पी0ओ0 व मुख्य सेविका रहेंगे और कम से कम 05 केंद्रों का भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों को 1 कि0ग्रा0 गेहूं दलिया, 1 कि0ग्रा0 फोर्टीफाइड राइस ,1 कि0ग्रा0 चना दाल ,455 मि0ली0 खाद्य तेल प्रति माह ,3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को 500 ग्राम गेहूं दलिया ,500 ग्राम फॉर्टिफाइड राइस ,500 ग्राम चना दाल प्रति माह, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को 1.5 कि0ग्रा0 गेहूं दलिया ,1.5 फोर्टीफाइड राइस, 1.5 कि0ग्रा0चना दाल ,455 मि0ली0 खाद्य तेल प्रति माह तथा अति कुपोषित बच्चों को 1.5 कि0ग्रा0 गेहूं दलिया, 1.5 कि0ग्रा0 फोर्टीफाइड राइस, 1.5 कि0ग्रा0 चना दाल, 455 मि0ली0 खाद्य तेल प्रति माह उपरोक्त सामग्री का वितरण दिनांक 03 व 05 फरवरी 2024 को किया जायेगा।

### देश को वास्तविक विकास की ओर ले जाने वाला है अंतरिम बजट : मनीष खेमका

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केन्द्रीय अंतरिम बजट को लेकर देश की जनता अपनी-अपनी राय दे रही है। उद्यमी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, शिक्षाविद, व्यापारी, दुकानदार समेत हर वर्ग और गरीब, किसान और युवाओं का ध्यान रखा गया है। ग्लोबल टैक्सपेयर्स ट्रस्ट के चेयरमैन मनीष खेमका ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को देश के वास्तविक विकास की ओर ले जाने वाला बताया है।

गलोबल टैक्सपेयर्स ट्रस्ट के चेयरमैन एवं जीएसटी ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी जीएसटी काउंसिल उप्र के सदस्य मनीष खेमका ने बताया कि मोदी सरकार का यह आत्मविश्वास से भरा अंतरिम बजट है। अभूतपूर्व राजस्व आय और चुनावी साल होने के बावजूद लोक-लुभावन योजनाओं से परहेज़ किया गया है। करदाताओं की मेहनत की कमाई को वोट बटोरने के बजाए देश के वास्तविक विकास पर ख़र्च किया जा रहा है। गरीबों के लिए दो करोड़ नये घर व गाँवों में तीन करोड़ लखपति दीदी के लक्ष्य के ज़रिए भारत में गरीबी उन्मूलन का वायदा नहीं बल्कि ठोस उपाय किया जा रहा है। एक करोड़ घरों को सोलर पैनल लगवाने पर 300 यूनिट बिजली प्रति माह मुफ़्त दी जाएगी। आर्थिक व राजनीतिक दोनों ही पैमानों पर यह दूरदर्शी योजना वाकई बेहतरीन व सराहनीय है। इससे न केवल सोलर उद्योग बढ़ेगा, पर्यावरण सुधरेगा, बिजली का बिल कम या खत्म होने से मध्यम वर्ग की जेब में पैसे बचेंगे, बल्कि बिजली कंपनियों की हालत भी बेहतर होगी।

# उप्र के 66 जिलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार को प्रदेश को कृमि मुक्त बनाने के लिए 66 जिलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की शुरुआत की। कृमि मुक्त अभियान के तहत एक वर्ष से 19 वर्ष तक के प्रदेश के 8.66 करोड़ बच्चों एवं नवयुवकों को एल्बेन्डाजॉल टैबलेट खिलाने का लक्ष्य तय किया है। इस दौरान निजी शैक्षणिक संस्थानों पर खासा फोकस रहेगा। वहीं अन्य जनपदों में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान में 10 फरवरी से एल्बेन्डाजॉल खिलाई जाएगी।

स्कूलों में दोपहर के भोजन के बाद दी जाए गोली

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि जिलों में स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मदद से एक वर्ष से पांच वर्ष तक के पंजीकृत बच्चों और 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के स्कूल नहीं जाने वाले बालक-बालिकाओं को दवा खिलाई जा रही है। वहीं 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को उनके शिक्षकों के माध्यम से दवा का सेवन सुनिश्चित कराया जा रहा है। किशोर जुवेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से किशोरों को दवा खिलाई जा रही है। यह दवा चबाकर खानी है जबकि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त बच्चे या किशोर को दवा नहीं खिलाई जाएगी। छोटे बच्चों को गोली निगलने में परेशानी हो सकती है, इसलिए ऐसे बच्चों को गोली पीसकर खिलाई जाती है।

अभियान के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिये हैं कि बच्चों को स्कूलों में दोपहर के भोजन के बाद गोली दी जाए। यह गोली किसी भी प्रकार से बच्चों के लिए नुकसानदायक नहीं है। इसके साथ ही अभियान के दौरान दवा सेवन से छूटे बच्चों एवं किशोर किशोरियों के लिए पांच फरवरी को मापअप राउन्ड आयोजित किया जाएगा। यह दवा स्वास्थ्य टीम के सामने ही चबाकर या चूरा करके खानी होगी। किसी भी बच्चे या परिजन को बाद में खाने के लिए दवा नहीं दी जाएगी।

पिछले वर्ष साढ़े पांच करोड़ से अधिक लोगों को खिलाई गई दवा

पिछले वर्ष अगस्त में कृमि मुक्त अभियान के दौरान प्रदेश के 53 जनपदों के 542 ब्लॉकों में दवा खिलाई गई थी। इस दौरान 7 करोड़ 3 लाख बच्चों एवं किशोर किशोरियों को दवा खिलाने के लिए लक्षित किया गया था। वहीं अभियान के दौरान कुल 5 करोड़ 56 लाख लोगों को दवा खिलाई गई यानि 79 प्रतिशत लक्षित बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्त की दवा खिलाई गई थी। इस दौरान किसी भी ब्लॉक में कोई प्रतिकूल घटना की बात सामने नहीं आई थी।

यह होंगे फायदे

कृमि मुक्ति से स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एनीमिया नियंत्रण रहता है। बच्चों में सीखने की क्षमता में सुधार होता है। बच्चे अक्सर जमीन में गिरी चीज उठाकर खा लेते हैं। कई बार वह नंगे पैर ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े (कृमि) विकसित हो जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। वह एनीमिया से ग्रसित हो जाता है। एल्बेन्डाजॉल खा लेने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं। इससे शरीर में आयरन की शोषक क्षमता बढ़ जाती है और शरीर में एनीमिया यानि खून की कमी दूर होती है।

कृमि संक्रमण के लक्षण

पट में दर्द, दस्त, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना

बच्चे के पेट में कीड़े की मात्रा जितनी अधिक होगी, संक्रमित व्यक्ति के लक्षण उतने ही अधिक होंगे

हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते हैं

### फर्जी फ़ेसबुक आईडी बनाकर लोगों को गुमराह करने वाले दो गिरफ्तार

बस्ती। फर्जी फ़ेसबुक आईडी बनाकर लोगों को गुमराह करने वाले दो शातिरों को बस्ती की साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक विकास यादव ने गुरुवार को बताया कि पुलिस ने मेटा प्लेटफार्म व अन्य अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए अभियुक्त जितेन्द्र गिरी उर्फ पंकज(39) पुत्र महेन्द्र गिरी, पिन्टू पासवान पुत्र छड्डू पासवान ग्राम परसरामपुर सिकटिया थाना अलीनगर जिला चन्दौली को मुगलसराय जनपद चन्दौली से गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी में साइबर क्राइम पुलिस थाना,बस्ती के पुलिस का उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोगों को कोई धन्धा नहीं चल रहा था। जब भी मैं खाली रहता हूं अपने परिचित पिन्टू पासवान के माध्यम से फ़ेसबुक एकाउण्ट अलग-अलग नामों से बनवाता हूं तथा किसी सम्भ्रान्त अथवा अधिकारियों की फोटो आदि भी अपने फर्जी फ़ेसबुक एकाउण्ट की प्रोफाइल पर लगाता हूं। जिससे मैं अमीर लोगों से फ़ेसबुक पर दोस्ती कर सकूं और उनसे पैसा आदि मांग सकूं।

### अटल आवासीय विद्यालयों में आगामी सत्र के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ । पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों और कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण और आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मंडल स्तर पर शुरू किए गए अटल आवासीय विद्यालयों में अगले सत्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर आगामी सत्र के लिए कई मंडलों में या तो आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई है या फिर कुछ ही दिनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। अधिक से अधिक आवेदन के साथ ही छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराने के लिए अटल आवासीय विद्यालय उत्तर प्रदेश के आग्रह पर शिक्षा निदेशक (बेसिक) की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। शिक्षा निदेशक (बेसिक) महेंद्र देव ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिए गए निर्देशों में कहा गया है कि समस्त बेसिक स्कूलों में कक्षा 5 में अध्ययनरत एवं माध्यमिक शिक्षा के स्कूलों में कक्षा 8 में अध्ययनरत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को अटल आवासीय विद्यालयों के शैक्षिक सत्र 2024-25 की प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया जाए।

# मनबढ ईओ अमित सिंह का हुआ स्थानांतरण

### ईओ द्वारा चेयरमैन व कर्मचारियों के साथ मारपीट करने का मामला

### विशेष सचिव का रिश्तेदार बताकर करते थे गुण्डई का प्रर्दशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । सडकछाप आचरण को लेकर हमेशा चर्चा मे रहने वाले मनबढ ईओ अमित सिंह की कारस्तानी को आखिरकार शासन ने संज्ञान ले ही लिया। चेयरमैन व कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले ईओ का तमकुहीराज नगर पंचायत से बोरिया-बिस्तर बध गया। शासन ने उन्हें फाजिलनगर स्थानांतरित कर दिया है। ऐसी चर्चा है कि ईओ खुद को विशेष सचिव का रिश्तेदार बताकर न सिर्फ लोगो पर धौस जमाते थे बल्कि मारपीट कर अपनी गुण्डई का प्रर्दशन भी करते थे, ताकि उनके खिलाफ कोई बोलने जुर्रत न कर सके। काबिलेजिक्र है कि ईओ अमित सिंह नगर पंचायत तमकुहीराज मे अपने सात माह के कार्यकाल मे कभी कर्मचारी और ठेकेदार से मारपीट तो कभी सत्तादल के नेताओं व आम जनमानस से दुर्व्यवहार कर विवादो मे रहे है। बीते शनिवार को पहले कर्मचारी फिर ठेकेदार को मारने-पीटने के बाद चेयरमैन के साथ मारपीट करने को लेकर नगर पंचायत कार्यालय का तापमान बढ गया था। मीडिया ने ईओ अमित सिंह की गुण्डई का प्रर्दशन व उनकी कारस्तानी के किस्से प्रमुखता से उठाया। नतीजतन शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ईओ अमित सिंह को तमकुहीराज से हटा फाजिलनगर स्थानांतरित कर दिया है। सूबे के नगर विकास के अनु सचिव महावीर प्रसाद द्वारा जारी अनुभाग-1संख्या-348/8-1-2024 दिनांकः 31 जनवरी-24 के आदेश मे कहा गया है कि जनहित व प्रशासकीय हित में उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) प्रशासी (अधीनस्थ) सेवक अमित सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत तमकुहीराज, जनपद कुशीनगर को तात्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित करते हुए नगर पंचायत फाजिलनगर, जनपद कुशीनगर में अधिशासी अधिकारी के रिक्त पद पर तैनात किया जाता है। आदेश मे यह भी कहा गया है कि उक्त अधिशासी अधिकारी को अपनी नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए स्वतः कार्यमुक्त किया जाता है। संबंधित अधिशासी अधिकारी अपनी नवीन तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने की सूचना शासन / निदेशक, नगर निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को अविलम्ब उपलब्ध करावे। खुद को विशेष सचिव का बताते है रिश्तेदार, कहते है नही कर सकता कोई बालबाका चर्चा-ए-सरेआम है मनबढ ईओ अमित सिंह लोगो से खुद को नगर विकास के विशेष सचिव को अपना रिश्तेदार बताकर न सिर्फ अपना भौकाल टाइट करते है बल्कि मातहतों व चेयरमैन के साथ मारपीट कर अपने गुण्डई का प्रर्दशन करते है। कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों का कहना है कि ईओ अमित सिंह दावा करते है कि उनका कोई बालबाका नही बिगाड सकता है। नगर विकास में विशेष सचिव मेरे रिश्तेदार है और जब तक वह विभाग मे रहेगें तब तक मेरा कोई कुछ नही उखाड सकता है। लोगो ने कहा कि इसी दम पर वह किसी से मारपीट कर लेते है और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। ईओ पर अब तक दर्ज नही हुआ मुकदमा

कहना न होगा कि शनिवार को ईओ अमित सिंह द्वारा पहले कर्मचारी व ठेकेदार को मारने-पीटने के बाद चेयरमैन के साथ मारपीट की गयी थी। ऐसा प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है। इस दौरान चेयरमैन के समर्थकों ने इओ की भी पिटाई कर दी थी। नतीजतन मारपीट मे चेयरमैन और ईओ दोनो चोटिल हुए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को किसी तरह से समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद उसी रात ईओ ने थाने को तहरीर देकर चेयरमैन सहित आधा दर्जन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जबकि दुसरे दिन चेयरमैन अपना मेडिकल कराकर ईओ के खिलाफ तहरीर लेकर थाने पहुचें, लेकिन तमकुहीराज पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नही किया है। मजे की बात यह है कि 28 अक्टूबर को भी ईओ अमित सिंह ने आउटसोर्सिंग कर्मचारी कुन्दन पाण्डेय को मारा-पीटा था। इस संबंध मे पीड़ित कुन्दन ने तमकुहीराज पुलिस को तहरीर देकर ईओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। बावजूद इसके तमकुहीराज पुलिस ने उस मामले मे भी ईओ के खिलाफ कोई कार्रवाई नही किया है।

# कोतवाली पडरौना का पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर सुरेश राव ए कुलकर्णी बृहस्पतिवार को जनपद मे आगमन पर अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय मे पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके बाद डीआईजी के द्वारा पडरौना कोतवाली का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जनपद भ्रमण पर आए डीआईजी गोरखपु सुरेश राव ए0 कुलकर्णी द्वारा एएसपी की उपस्थिति में थानों के निरीक्षण के क्रम में थाना को0 पडरौना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का जायजा लिया गया। साथ ही परिसर को साफ रखने, कार्यालय में अभिलेखों को दुरुस्त रखने व मीनू के अनुसार पोषण युक्त भोजन तैयार करने, शस्त्रागार में शस्त्रों को नियमित सफाई करने, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदलकर नए प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से संबंधित लावारिस एवं जप्त वाहनों की नीलामी कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही मिशन शक्ति कक्ष व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम प्रहरियों से वार्ता कर उनका हाल जानने के साथ क्षेत्र से संबंधित अपराध और अपराधियों की जानकारी रखने एवं इसकी जानकारी बीट पुलिस अधिकारियों से साझा करने, अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय, प्रभारी निरीक्षक को0 पडरौना एवं अन्य अधि0 व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

### समृद्धि को समर्पित है केन्द्रीय बजटः सूर्य प्रताप शाही

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केन्द्रीय अंतरिम बजट 2024-25 को सर्वसमावेशी तथा सर्वस्पर्शी बताते हुए प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री तथा केन्द्रीय वित्तमंत्री का आभार व्यक्त किया है। सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा संसद में प्रस्तुत किया गया अंतरिम बजट 2024-25 किसानों, महिलाओं, गरीबों तथा युवाओं को सभी क्षेत्रों में अनेक अवसर प्रदान करने वाला है। इससे भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बजट में देशभर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाली योजनाओं, कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने वाले कदमों के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशद योजना है। इसका सकारात्मक प्रभाव अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों की ओर से सर्वस्पर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री तथा वित्तमंत्री को उ.प्र. के किसानों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# व्यापारियों ने वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट पर की चर्चा

## बजट में सीधे तौर पर वित्त मंत्री ने व्यापारियों को कुछ भी नहीं दिया : संजय गुप्ता




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। गुरुवार उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल एवं फिक्की के संयुक्त तत्वाधान में राजधानी के रीजेनट्रा सेंट्रल होटल में ''बजट चर्चा'' का आयोजन हुआ बजट चर्चा में राजधानी के व्यापारी ,उद्योगपति, चार्टर्ड अकाउंटेंट, महिला व्यापारी और अर्थशास्त्री शामिल हुए तथा सभी ने एक साथ बैठकर बजट का सजीव प्रसारण पैनी निगाह से देखा

बजट चर्चा में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा लोकसभा चुनाव के चलते व्यापारियों एवं आम जनता को अंतरिम बजट में भी लोक लुभावना घोषणाओ की उम्मीद थी किंतु सरकार ने इसे अंतरिम बजट के रूप में ही पेश किया जो कि कहीं ना कहीं सरकार की गंभीरता और रिपीट होने के आत्म विश्वास को दर्शाती है उन्होंने कहा सीधे तौर पर व्यापारियों के लिए कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं हुआ किंतु व्यापारियों को उम्मीद है नई सरकार बनने के बाद नए वित्त मंत्री व्यापारियों एवं उद्योगों को भी अपनी प्राथमिकता में शामिल करेंगे क्योंकि युवा किसान महिला गरीब के साथ-साथ व्यापार उद्योग को प्राथमिकता में रखने से ही देश की अर्थव्यवस्था को 5ट्रिलियंन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहायता मिलेगी

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने बोलते हुए कहा बजट में सीधे तौर पर वित्त मंत्री जी ने व्यापारियों को कुछ भी नहीं दिया उन्होंने कहा इस बजट में संगठन को ई कॉमर्स पॉलिसी, रिटेल ट्रेड पॉलिसी, सभी प्रमुख बाजारों हेतु सीसीटीवी कैमरा योजना, व्यापारी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने की अपेक्षा थी व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने नई सरकार के अगले वित्त मंत्री से पूर्णकालिक बजट में व्यापारियों की सभी मांगों को पूरा होने की उम्मीद जताई

बजट चर्चा में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष हरजिनदर सिंह ,ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ साकेत चतुर्वेदी, मोहम्मद आदिल, महिला इकाई की ट्रांस गोमती अध्यक्ष श्रीमती अंजलि मौर्य उपाध्यक्ष श्रीमती रितु ठाकुर श्रीमती एकता, श्रीमती रीमा अग्रवाल ,चार्टर्ड अकाउंटेंट बीके गुप्ता, फिक्की के यू पी चेयरमैन मनोज गुप्ता, फिक्की के कोचेयरमैन विश्वास स्वरूप, फिक्की के राज्य प्रमुख अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी शामिल थे

### व्यापारी समाज और व्यापारियों के लिए कोई ख़ास घोषणा इस बजट में नही : अमरनाथ मिश्रा



लखनऊ। लखनऊ व्यापार मण्डल की तरफ से बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि वित्त मंत्री के द्वारा जो अंतरिम बजट प्रस्तुत किया गया उसमें जो तमाम माँगे व्यापार मंडल के द्वारा माँगी गई थी उस पर कोई सकारात्मक या किसी भी तरह की कोई घोषणा नहीं हुई। एक बात जो विचारणीय है वो ये है कि सरकार ने पुराने पेंडिंग मामलों में राहत दी है इसके तहत 2009 व दस तक पेंडिंग डायरेक्ट टैक्स के मामलों में टैक्स माफ़ कर दिया जाएगा लेकिन यह तब होगा जब संबंधित पर 25 हज़ार रुपये का टैक्स बन रहा हो। इसी तरह 2010-11 में चौदह पंद्रह के बीच पेंडिग टैक्स के मामलों में दस हज़ार रुपये तक के टैक्स से जुड़े मामलों को वापस लेने का फ़ैसला किया गया है। उन्होने कहा कि मौजूदा सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ज़ोर ज़्यादा दिया है और पहले से चल रही योजनाओं को बजट प्रोविजिनंग दिए हैं ताकि वो गतिशील रहे हैं बाक़ी सोलर सेक्टर में की गई घोषणा स्वागत योग्य हैं कोई बहुत ख़ास फ़र्क पड़ने वाला नहीं है लेकिन सरकार की नीयत साफ़ है कि वह देश की उन्नति एवं प्रगति के लिए बजट में प्रतिबद्ध दिखाई देती है और व्यापारी समाज और व्यापारियों के लिए कोई ख़ास घोषणा इस बजट में नही है। सरकार ने जो पेंडिंग टैक्स पर ध्यान दिया है उसे ज़रूर मध्यम वर्ग के व्यापारी यहाँ सामान्य जनता हम सभी को लाभ मिलेगा वैसे भी अंतरिम बजट में बहुत ख़ास उम्मीद नहीं होती। उन्होने कहा कि रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने में जो 3 सौ यूनिट बिजली की छूट की घोषणा की है वह स्वागत योग्य है।

### यह बजट कर्मचारी हितों के प्रतिकूल है : सुनील यादव



लखनऊ। फार्मेसिस्ट फ़ेडरेशन की तरफ से सुनील यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार का अंतरिम बजट कर्मचारी हित के मामले में निराशाजनक है। पूरे बजट में कर्मचारियों के हित के लिए कोई घोषणा नहीं है। पुरानी पेंशन की घोषणा नहीं की गई, संविदा प्रथा और ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने के स्थान पर बढ़ावा दिया जा रहा है, स्थाई रोजगार सृजन ना होने से तकनीकी योग्यता धारक लोगों को अल्प वेतन और भविष्य की असुरक्षा के बीच कार्य करना पड़ रहा है। सरकार आमजन के लिए अनेक योजनाएं लेकर आ रही है लेकिन सभी के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा का अधिकार भी लागू किया जाना जनहित में है। उन्होने कहा कि पूरा देश मानता है कि आपदा काल में देश का सरकारी कर्मी और फार्मा उद्योग ने बड़ी जनहानि को रोका था, देश का नाम विश्व पटल पर स्वर्णाक्षरों में लिखा गया, लेकिन 27 पेज के 97 पैरा वाले बजट भाषण में वित्त मंत्री द्वारा एक बार भी सरकारी कर्मियों के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया। बजट में स्थाई रोजगार की घोषणा नहीं है, कर्मचारी कल्याण की घोषणा नहीं हुई है अतः यह बजट कर्मचारी हितों के प्रतिकूल है।

### बेरोजगारी को बढ़ाने वाला एवं कार्पोरेट को खुश करने वाला बजट है : सुनील सिंह



लखनऊ। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि यह मुद्रास्फीति और बेरोजगारी को बढ़ाने वाला बजट, कार्पोरेट को खुश करने वाला बजट है। सरकार पर कल्याणकारी योजनाओं की अनदेखी करने वाला बजट किसानों, रोजगार और युवाओं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य जैसे विषयों को नजर अंदाज करने वाला बजट, वादे से ज़्यादा गारंटी, काम में पूरा नहीं। उन्होने कहा कि कुछ पूंजीपतियों और बड़े व्यापारियों के लिए टैक्स वसूला जा रहा है। जनता को करों से लाभ होना चाहिए लेकिन यह उनकी कमर तोड़ रहा है। बजट केवल दिखावा है। आम शहरी के लिए भी बजट में कुछ नहीं है। केंद्रीय बजट को लेकर लोग बहुत उत्साहित थे, लोगों में बहुत आशा और उम्मीद थी, लेकिन लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया।


## ब्लाक सभागार में फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर बैठक हुई आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बीकेटी। विकासखंड कार्यालय बीकेटी के सभागार में गुरुवार को फाइलेरिया मुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित हुई,जिसमें विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव,ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।सीएचसी बीकेटी अधीक्षक डाक्टर जे पी सिंह की अध्यक्षता में फाइलेरिया मुक्ति अभियान 10 फ़रवरी से बीकेटी में शुरू होगा।सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बीकेटी से फाइलेरिया नोडल विनोद श्रीवास्तव व यूनिसेफ के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर महेश प्रसाद वर्मा ने सभागार में मौजूद लोगों को इस अभियान के बारे में जानकारी दी।खंड विकास अधिकारी बीकेटी पूजा पांडे ने बताया कि विकास खंड क्षेत्र के हर आंगनबाड़ी केन्द्र,सभी सरकारी विद्यालयों में आने वाले बच्चों को इन बीमारियों के बारे में जागरूक कर फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने का काम करेंगे,उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान कोई व्यक्ति दवा से वंचित ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जाए। को-आर्डिनेटर महेश प्रसाद वर्मा ने बताया कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान की शुरुआत 10 फ़रवरी होगी,फाइलेरिया की यह दवा उम्र व ऊंचाई के आधार पर तथा एक वर्ष आयु वर्ग से ऊपर के लोगों को ट्रिपल ड्रग थेरेपी के अनुसार एम.डी.ए.के दौरान सरकार द्वारा मुफ्त में दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा आइवर्मेक्टिन ,डी.ई.सी.व अल्बेन्डाजोल खिलायी जायेगी,उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक लाईलाज बीमारी है।इस बीमारी के लक्षण पांच से 10 वर्षों के बाद देखने को मिलते हैं। शुरूआत में इसके कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं।फाइलेरिया एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में मच्छर के काटने से फैलता है।इस बीमारी से हाथ, पैर,स्तन और अंडकोष में सूजन हो जाती है,यह दवा एक साल से कम उम्र के बच्चों,गर्भवती महिलाओं तथा अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को नहीं खिलाई जाएगी।उन्होंने बताया यह दवा फाइलेरिया के परजीवियों को मार देती है और हाथीपांव व हाइड्रोसील जैसी बीमारी से बचाने में मदद करती है।

## ध्वस्तीकरण की नोटिस के सदमे में गई रिटायर्ड बैंक कर्मचारी की जान,सीएम से लगाई न्याय की गुहार





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बीकेटी राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के भैंसामऊ में एलडीए द्वारा मकान के ध्वस्तीकरण की नोटिस से आहत सेवानिवृति बैंककर्मी को दिल का दौरा पड़ गया गहरा सदमा लगने से उसकी मौत हो गई।वहीं मृतक के लड़के ने इस मामले पर मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक कानपुर नगर सेक्टर जे 539 विश्वबैंक बर्रा मूल निवासी रामखेलावन पुत्र स्वर्गीय लालमन कानपुर क्षेत्रीय बैंक में मैनेजर पद पर तैनात थे और 2017 को सेवानिवृति हुए थे,लखनऊ में अपना निजी मकान बनवाकर रहने की इच्छा पूरी करने के लिए अपनी नौकरी से कमाई गई पूंजी से उन्होंने 2018 में नगर पंचायत बख्शी का तालाब अंतर्गत भैसामऊ गांव में 2100वर्ग फीट जमीन खरीदी थी और मकान बनवाकर उसी में रहने लगे थे,उन्हें लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा 25 जनवरी 2024 को ध्वस्तीकरण की नोटिस की जानकारी दी गई,नोटिस के सदमे में रामखेलवान को दिल का दौरा पड़ने से 26जनवरी की सुबह कानपुर में मौत हो गई।वहीं मृतक रामखेलावन के पुत्र ध्यानचंद्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र लिखते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### भू माफिया पर लगाए रंगदारी के आरोप

मृतक के पुत्र ध्यानचंद्र ने भू माफिया बारूद खाना गोलागंज लखनऊ निवासी मकसूद अहमद पुत्र सिद्दीकी लखनऊ पर आरोप लगाते हुए बताया कि आईजीआरएस के माध्यम से मेरे पिता व कालोनी के अन्य लोगों पर अवैध ढंग से दबाव बना रहा था और वह अपने आप को अतीक अहमद का रिश्तेदार बताकर पचास लाख रुपए की रंगदारी मांग रहा था,इसकी शिकायत भी बीकेटी पुलिस को पहले ही की गई थी वहीं जब रंगदारी नही दी गई तो लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन-5 के अधिकारियों से मिलकर 25 जनवरी 2024 को ध्वस्तीकरण की नोटिस थमवा दी गई,नोटिस मिलने के सदमे में मेरे पिता रामखेलवान को दिल का दौरा पड़ गया और उनकी मौत हो गई।

## बीबीडी थाना क्षेत्र में अधिवक्ता से मारपीट

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीबीडी थाना क्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता ने कुछ लोगों पर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है पीड़ित की तहरीर पर मंगलवार देर रात के दर्ज कर लिया गया है इंस्पेक्टर बीबीडी अजय नारायण सिंह ने बताया कि प्रतापगढ़ निवासी ओम प्रकाश सिंह हाई कोर्ट में अधिवक्ता है। वह अपने साथी प्रदुम सिंह के साथ बीबीडी के उत्तर धोना गांव में किराए के मकान में रहते हैं। मंगलवार देर शाम ओमप्रकाश घर पर थे इस दौरान अंकुर गोस्वामी बृहस्पति पांडे ,दीपक गुप्ता ,शिवेंद्र उपाध्याय, विमल मिश्रा, और दो अन्य लोग घर के अंदर घुस आए प्रदुम के बारे में पूछने पर ओम प्रकाश ने वजह पूछी आरोप है कि इससे नाराज दबंगों ने उनसे अभद्रता शुरू कर दी यही नहीं बुलेट पर जबरन बैठक 2 किलोमीटर दूर एक जंगल में ले गए जहां बुरी तरह पिटाई कर दी किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर ओमप्रकाश थाने पहुंचे इंस्पेक्टर का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## आशाओं को मिला आयुष्मान भारत योजना का लाभ

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजिक एवं आर्थिक रूप से अति कमज़ोर परन्तु स्वास्थ विभाग की रीड़ की हड्डी आशा एवं आशा संगिनियों को आयुष्मान योजना का लाभ दिए जाने पर आशा संवर्गों में खुशी की लहर है। भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल उपाध्याय ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ ने आशा संगिनियों के लिए प्रदेश में तथा 11 दिसम्बर को दिल्ली में आशा संगिनियों को लेकर एक दिवसीय राष्ट्रीय व्यापी रैली की गई जिसके फलस्वरूप केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता में सहमति बनी थी जिसकी आज घोषणा की गई है। भारतीय मज़दूर संघ सदैव शोषित कमज़ोर वर्ग की आवाज़ इसी तरह सरकार तक पहुंचता रहेगा और उनके हक़को दिलाने के प्रयासरत रहेगा।

## बसंत व होली गीतों की कार्यशाला का शुभारम्भ

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा मकरन्दोत्सव शीर्षक के तहत बसंत व होली गीतों की कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। संस्था की अध्यक्ष अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार से संगीत नाटक अकादमी के अभ्यास कक्ष में आकाशवाणी की ए ग्रेड की कलाकार रंजना मिश्रा द्वारा बसंत गीत व होली गीत सिखाया जा रहा है, जिसमें उन्होंने सरस्वती वन्दना सुरसति मइया से करीला पुकार, गीत सिखाकर शुरुआत की। कार्यशाला में आभा शुक्ला स्वाति गुप्ता, रेशमा, नीलम, सुधा द्विवेदी, अर्चना गुप्ता, सुरुचि, अपर्णा, अंजलि, लता, नवनीता, शशि सिंह सहित कई महिलाओं ने ऑफलाइन व ऑनलाइन प्रतिभाग किया।

## विश्वशांति के लिये सदैव महत्वपूर्ण रहेंगे महात्मा गाँधी के विचार : एनके श्रीवास्तव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । मौजूदा समय में महात्मा गाँधी के अहिंसावादी विचारों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है।विश्व के लगभग सभी देश बाह्य और आंतरिक स्तर पर सामाजिक और राजनीतिक हिंसा के खतरों का सामना कर रहे हैं।ऐसे कठिन समय में केवल महात्मा गाँधी के मानवतावादी दर्शन के मार्ग पर चल कर ही मानवता बच सकती है। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पत्रकारों से बात करते हुए राजनीतिक शोधकर्ता एनके श्रीवास्तव ने बताया कि आधुनिक सभ्यता के कारण उत्पन्न सभी समस्याओं का निदान और समाधान गांधी वांगमय में मौजूद है।

लखनऊ निवासी निर्मल कुमार श्रीवास्तव त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं । उनके शोधकार्य 'गाँधी जी के अहिंसात्मक विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता' के लिए श्री सत्यसाईं विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा द्वारा पी.एच.डी. राजनीति शास्त्र की उपाधि प्रदान की गयी है। निर्मल कुमार श्रीवास्तव विगत कई वर्षो से गाँधी दर्शन पर शोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि उनका यह शोध शिक्षा और राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

## पेक्स लेबोरेटरीज ने लांच किया इनसोपेक्स, यूपी में 05 हजार से अधिक मेडिकल स्टोरों पर पहुँचाने का प्रयास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। एपेक्स लेबोरेटरीज ने गुरूवार को लखनऊ स्थित एक निजी होटल में इनसोपेक्स लांच किया। इस मौके पर बताया कि एपेक्स लेबोरेटरीज का हर्बल डिवीजन, ग्रीन मिल्क कॉन्सेप्ट एक नया आयुर्वेदिक फार्मूलेशन लांच करने जा रहा है, जिसका नाम इनसोपेक्स है। ये फार्मूलेशन मूड डिस ऑर्डर और अनिद्रा को ठीक करने में मदद करता है।

इस मौके पर एसवी सुभाषिनी, जीएमसी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आर श्रीधर वीपी सेल्स एंड मार्केटिंग, वीपी राघवन एजीएम, डॉ शिवशंकर त्रिपाठी, डॉ गुरूमीत राम, डॉ शशि शर्मा, डॉ एमएस खान और डॉ इमरान अंसारी ने इस इनोवेटिव प्रोडक्ट के बारें में जानकारी साझा की। बताया कि आजकल गैर संचारी रोग और जीवनशैली से प्रेरित स्वास्थ्य समस्यांए होने का खतरा बढ़ रहा है। इन समस्याओं में मूड विकार, नींद संबंधी विकार, तनाव, चिंता और अवसाद शामिल है। इनसोपेक्स एक अनूठी आयुर्वेदिक दवा है जो इन समस्याओं को दूर करने में मदद करती है। यह न्यूरोट्रांसमीटर के संतुलन को बनाए रखकर काम करती है। बताया कि इनसोपेक्स उत्तर प्रदेश में अभी 3000 से ज्यादा मेडिकल स्टोरों में उपलब्ध है, कंपनी अब इसे 5000 हजार से ज्यादा मेडिकल स्टोरों तक पहुँचाना चाहती है। बताया कि इनसोपेक्स की 10 टैबलेट 49 रूपयें में आती है यह सिर्फ डाक्टर के पर्चे पर उपलब्ध है। इनसोपेक्स पर बताया कि इनसोपेक्स एक आयुर्वेदिक दवा है जो तगारा, अश्वगंधा, ज्योतिष्मती, संकपुष्पी और ब्राह्मी जैसे आयुर्वेदिक घटकों से बनी है। आयुष मंत्रालय द्वारा प्रमाणित आईएसओ स्टैंडर्ड के प्लांट में बनाया जाता है। इनसोपेक्स का खास मिश्रण ही इसे अन्य दवाओं से अलग एवं प्रभावी और सुरक्षित बनाता है।

## युवक ने महिला पर हसिये से वार कर घायल

मोहनलालगंज।निगोहां के रामपुर गढी जमुनी निवासी बेलावती ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया गांव में रहने वाले जंगबहादुर की पट्टे की जमीन उसके पति सुखराम ने खरीदी थी,जिस पर उसके द्वारा भवन निर्माण कराया जा रहा था तभी बीते बुद्ववार को मौके पर पहुंचे जंगबहादुर ने अपने एक रिश्तेदार के साथ मौके पर पहुंचकर गाली-गालौज करते हुये हसिये से बाये हाथ पर वार कर लहूलूहान कर दिया चीख पुकार सुनकर बचाने आयी बहू रूबी,श्री देवी,सीमा,रचना,ममता की लात घुसो से बुरी तरह पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुये दो आरोपी मौके से भाग निकला।जिसके बाद परिजन घायल बेलावती को इलाज के लिये अस्पताल लेकर गयें।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर दो आरोपियों के विरूद्व मारपीट,जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## दबंग भाईयों ने जानवर बंधाने से मना करने पर दम्पत्ति को पीटा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज क्षेत्र के दहियर गांव निवासी सूरज कुमार ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उसके घर के सामने स्थित चबूतरे पर गांव के ही सुमन व उसके भाई विनोद कुमार,प्रमोद कुमार अपने जानवर बांध देते है जिसके चलते उक्त रास्ते घर आने जाने में काफी दिक्कत होती है,बीते बुद्ववार की देर शाम चबूतरे पर जानवर बंधाने का विरोध करने पर तीनो भाईयों ने लाठी-डंडो व कुल्हाड़ी से लैस होकर घर में घुसकर उसकी व पत्नी समेत घर में मौजूद बुजुर्ग दादा की पिटाई कर लहूलूहान कर दिया ओर दोबारा जानवर बंधाने से मना करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

# पंजीकृत 51 राजनैतिक दलों ने बनाया विकसित भारत संकल्प महासंघ

## राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय बने राष्ट्रीय संयोजक

**कैनविज टाइम्स संवादाता**



लखनऊ। ब्रहस्पतिवार राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में देश के 51 राजनीतिक पार्टियों ने विकसित भारत संकल्प महासंघ बनाकर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में देश के लगभग दो सौ सीटों पर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया और गोपाल राय को नवनिर्मित विकसित भारत संकल्प महासंघ का संयोजक चुना है। लखनऊ प्रेस क्लब में विकसित भारत संकल्प महासंघ द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में विकसित भारत संकल्प महासंघ के संयोजक गोपाल राय ने अपनी रणनीति का खुलासा करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु हम सभी 51 पार्टियों ने एक मंच पर आने का संकल्प लिया और देश के अंदर जो भी समान विचारधारा वाले दल हमसे विकसित भारत संकल्प महासंघ तालमेल या सहयोग की आकांक्षा रखते हैं उनसे बातचीत के दरवाजे हमेशा खुले हैं। श्री राय ने कहा कि हमें लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर, भगत सिंह और पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेई के सपनों का भारत बनाना है इसलिए हम तमाम समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों से अपील करते हैं कि वे आगे आएं और भारत को विकासशील राष्ट्र से विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रयास करें।जो हमारे साथ 51 दल सामान विचार धारा वाले है उसके अध्यक्ष सह संयोजक है। और जो देश के अन्य सामान विचार धारा वाले दल है उनसे भी कर सकते है गठबंधन

### कहा महासंघ 200 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

### समान विचार वाले दलों से भी कर सकती है गठजोड़

इसी क्रम में डॉ. टी. आर सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष भ्रष्टचार अपराध मुक्त न्याय दल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की करप्शन क्राइम जीरो टालरेंस नीति बहुत अच्छी है और जोर दार सराहना किया,किरन कमलेश तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्षा हिन्दू समाज पार्टी ने कहा कि हमारे पति देश एवं समाज हित में कार्य करते हुए देश द्रोहियों द्वारा जिनकी निर्मम हत्या लखनऊ में कर दी गयी जिसका अपराधिक वाद उच्चन्यायालय इलाहबाद में लंबित है हमको पूर्ण विश्वास है कि मुकदमे की पैरवी के दौरान साजिशन मेरी हत्या हो सकती है इसलिय सरकार से मांग है कि हमारे मुकदमे को उच्चन्यायालय लखनऊ में शीघ्र स्थान्तारण किया जाए क्योंकि हत्या का घटना स्थल लखनऊ हैजिसका क्षेत्राधिकार विधि संगत उच्चन्यायालय लखनऊ बनता है।

# रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डाइबिटीज इन इंडिया उत्तर प्रदेश का आज से शुरू होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम

## डाइबिटीज पर होगी चर्चा, डायबिटीज से संबंधित विभिन्न विषयों पर 110 वक्ता देंगे व्याख्यान




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डाइबिटीज इन इंडिया उत्तर प्रदेश के द्वारा 02 से 04 फरवरी तक तीन दिवसीय ठघ्एग्ग 2024 का आयोजन अटल बिहारी बाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में किया जा रहा है। जिसको लेकर गुरूवार को हजरतगंज स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में बताया गया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश विदेश व उत्तर प्रदेश से 110 डायबिटीज के क्षेत्र में अग्रणी वक्ता डायबिटीज से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे एवं कार्यक्रम में शुक्रवार के दिन 150 शोधार्थी अपना शोधपत्र पढ़ेंगे।।वहीं शुक्रवार को दोपहर 02 से 04 बजे के मध्य एक रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डाइबिटीज इन इंडिया उत्तर प्रदेश शाखा की और डायबिटीज रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया जाएगा।

शनिवार को कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे। तो वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अश्विनी त्यागी सदस्य विधान परिषद व डा अमोद सचान चेयरमैन हिंद इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, अटरिया व सफ़ेदाबाद होंगे। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन प्रो अनुज माहेश्वरी ने बताया की उत्तर प्रदेश में 18 प्रतिशत जनसंख्या प्री डायबिटीज से ग्रसित है जो की राष्ट्रीय एवरेज से कही ज्यादा है। डायबिटीज के क्षेत्र में शोध और चिकित्सकों के लिए सतत शिक्षा कार्यक्रम की महती आवश्यकता है। वहीं प्रो नरसिंह वर्मा, कन्वीनर ने ग्रामीण क्षेत्रों में डायबिटीज के प्रचार प्रसार रोकने व विलेज अडॉप्शन प्रोग्राम की अवश्यकता पर जोर दिया। संस्था के सचिव डा अजय तिवारी ने बताया कॉन्फ्रेंस की मेडिकल कॉन्सिल ऑफ इंडिया द्वारा 9 सीएमई क्रेडिट्स दिए गए हैं।

# अलग-अलग मामलों में छः वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निघासन-खीरी।स्थानीय पुलिस द्वारा टीमें गठित की गयी जिसमे शातिर वारंटियों को हिरासत में लिया गया विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए वारंटियो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के निर्देशन में वारण्टी,वाछिंत व संदिग्ध अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र यादव के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में निघासन पुलिस बल द्वारा अलग अलग टीमों द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण शंकर लाल,प्रेमपति पुत्रगण हरद्वारी लाल निवासी रकहेटी सम्बंधित मुकदमा धारा 498इ/406/506 कोतवाली निघासन सम्बन्धित कोर्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट बाह्य न्यायालय निघासन मुन्ना पुत्र अकबर अली निवासी झोल्हुपुरवा संबंधित धारा 427 व 2/3 सार्वजनिक अधिनियम कोतवाली निघासन सम्बन्धित कोर्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट बाह्य न्यायालय निघासन धर्म सिंह उर्फ भूरा पुत्र कृपाशंकर,हेतराम पुत्र रामविलास,सुनील उर्फ मंगरा पुत्र हरिराम निवासीगण पुरैना संबंधित मुकदमा धारा 380/411 कोतवाली निघासन सम्बन्धित कोर्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट बाह्य न्यायालय निघासन सभी वारण्टी अभियुक्तगण उपरोक्त को इनके गांव से पुलिस हिरासत में लिया गया है सभी वारण्टी अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में वारंटियो को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक बलराम वर्मा,कांस्टेबल राहुल कुमार,योगेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक राममिलन यादव,उप निरीक्षक प्रेम नरायन राजपूत,कांस्टेबल,राजकुमार,प्रशान्त तेवतिया,अतुल कुमार शामिल रहे।

## रणजी मैच में असम से भिड़ेगी यूपी की टीम

कानपुर। मुम्बई जैसी मजबूत टीम के खिलाफ सीधी जीत से लबरेज यूपी रणजी की क्रिकेट टीम आसान सी लग रही असम के खिलाफ अपनी बेन्च स्ट्रेन्थ को आजमा सकती है। शुक्रवार से शुरु हो रहे एलीट ग्रुप बी के अहम मुकाबले में कप्तान नितीश राणा नव चयनित खिलाडियों को (जिसमें तेज गेंदबाजों) की गुंजाइश अधिकतर दिखायी दे रही है उनको इस मैच में प्रयोग के तौर पर आजमा सकते हैं।

इस सत्र के लिए खेले गए अभी तक के मुकाबलों में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम का प्रदर्शन लगातार सुधार की ओर बढता ही जा रहा है। मुंबई को हराने के बाद यूपी के कप्तान नितीश राणा के सामने जीत का सिलसिला जारी रखने और घरेलू मैदान में सीजन की पहली जीत दिलाने की चुनौती होगी। रणजी ट्राफी के इस सीजन में यूपी की टीम ने अभी तक खेले चार मुकाबलों में तीन ड्रा खेले हैं जबकि मुंबई के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहा है। जहां एक ओर घरेलू मैदान में बंगाल और बिहार के साथ ड्रा के बाद सीजन की पहली जीत हासिल करने उतरेगा।यूपी की टीम के खिलाडियों ने ग्रीनपार्क में मुख्य प्रशिक्षक सुनील जोशी और कप्ताकन नितीश राणा के मार्गदर्शन में कड़ा अभ्यास किया।

# गांजा पत्ती सहित नशा तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**गांजा तस्कर को खमरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार, 01 किलो 100 ग्राम गांजा पत्ती जब्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत हुई कार्रवाई**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर-खीरी।जिले की खमरिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के पैकापुर तिराहा से मुखबिर की सूचना पर एक युवक को नशीला पदार्थ गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपित युवक के पास से 01 किलो 100 ग्राम गांजा पत्ती बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थ के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खमरिया पुलिस द्वारा ग्राम पैकापुर तिराहा से नशा तस्कर अमित मिश्रा पुत्र कृष्णकांत निवासी ग्राम व थाना खमरिया जनपद खीरी को 01 किलो 100 ग्राम गांजा पत्ती के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके खिलाफ थाना खमरिया पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए नशा तस्कर को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया माननीय न्यायालय ने सुनवाई करते हुए नशा तस्कर को जेल भेज दिया थानाध्यक्ष खमरिया निराला तिवारी के नेतृत्व में नशा तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी,उप निरीक्षक विक्रांत थाना खमरिया, हेड कांस्टेबल अरुण कुमार, कुशवाहा, कान्स्टेबल रवि यादव शामिल रहे।

इस बाबत मे जब थानाध्यक्ष खमरिया निराला तिवारी से उक्त गिरफ्तारी के मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नशा तस्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

(थानाध्यक्ष खमरिया, निराला तिवारी)

## सपा ने केन्द्रीय बजट को बताया भाजपा की विदाई का बजट

बलिया। केंद्रीय बजट 2024 विपक्षी पार्टियों के नेताओं को नहीं भाया है। विपक्षी समाजवादी पार्टी के नेताओं ने बजट को दिवा स्वप्न बताया।पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में जनता के लिए कुछ नहीं है। ध्वस्त रेल व्यवस्था, बेरोजगरी और महंगाई पर कैसे अंकुश लगेगा। इस सम्बन्ध में कोई जिक्र नहीं है।।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ दीवास्वप्न दिखाना जानती है, जनता से कोई सरोकार नहीं हैं। वहीं, सपा के जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय कान्हजी के कहा कि यह बजट भाजपा की 'विदाई बजट' है। आज का बजट विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है।

कहा कि भाजपा सरकार ने पुनः एक बार जनविरोधी बजट पेश कर बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा।

# सेवानिवृत्त होकर घर लौटने पर बीएसएफ के जवान संदीप राठौर का भव्य स्वागत

**बीएसएफ के सेवानिवृत्त जवान का गांव में गर्मजोशी से स्वागत**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जंगबहादुरगंज-खीरी। जिले खीरी के जंग बहादुर गंज कस्बे में रहने वाले बीएसएफ के जवान बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त होकर जब घर लौटे तो परिवार वालो व ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर ढोल नगाड़ों के साथ जवान का स्वागत किया।

पसगवां ब्लॉक के ग्राम सल्लिया निवासी संदीप राठौर की बीएसएफ में कांस्टेबल के पद पर पोस्टिंग हुई थी 21 वर्षो की नौकरी में उन्होंने कई अलग-अलग राज्यों के बार्डर पर सेवा दी है संदीप राठौर वर्तमान में अमृतसर (पंजाब) में तैनात थे सेवानिवृत्त के बाद जब वह पहली बार अपने घर पहुँचे तो लोगो ने काफी गर्म जोशी के साथ अपने गांव के बेटे का स्वागत किया।जवान की पत्नी ने जब अपने पति को वर्दी में देखा तो वह भी भावुक हो गई।देश के लिए सेवा करने वाले सेना के जवान को पत्नी ने गुलाब का पुष्प देकर व मुह मीठा कराकर स्वागत किया।बेटे को देखकर मां भी भावुक हो गई।इस बीच पूरा गांव भारत माता के जयकारे से गूंजता रहा।



रिश्तेदारों के साथ कस्बा वासियों ने जवान का जगह जगह स्वागत किया। जवान ने भी अपने गृह ग्राम में मिले प्रेम व आदर को हाथ जोड़कर स्वीकार किया। भ्रमण के दैरान ग्रामीणों ने देश भक्ति के नारे भी लगाए।सन्दीप 21 वर्ष तक भारतीय सेना मे रहे। वे समस्त ग्रामवासियों से मिलकर खुश व भावुक नजर आए। कस्बे में यह पहला मौका है जब सेना से रिटायरमेंट के बाद किसी जवान का इस अंदाज में स्वागत किया गया है संदीप अपने दो भाईयों में बड़े थे उनका बीएसफ के पद पर चयन हुआ था।उनका एक भाई सतीश राठौर में हरदोई में शिक्षक पद पर तैनात हैं।

## शहर में बाइक चोर गिरोह सक्रिय पुलिस बेखबर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । शहर में एक बार फिर बाइक चोर गिरोह सक्रिय हो गया है।बाइक चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं।भुक्तभोगी के शिकायतों के बाद भी चोर गिरोह को चिन्हित करने में नगर पुलिस विफल साबित हो रही है। बाइक चोर क्षेत्र के घनी आबादी व सीसीटीवी कैमरे के सामने ही बड़ी आसानी से बाइक चोरी कर रहे हैं और लोगों को पता भी नही चलता।पिछले महीने में ही जिला मुख्यालय समेत नगर से मोटरसाइकिलों की चोरी हो चुकी है,लेकिन चोरों का कोई पता नहीं।जिले के चोरों के इस गिरोह की बात करें तो इनमें खास बात यह है कि इनकी पहली पसंद नई बाइक बनी हुई है।लोगों की मानें तो संबंधित कंपनी की बाइक के लॉक चोर आसानी से खोल लेते है।अधिकांश बाइक पुरानी होने की वजह से उनका लॉक जल्दी खराब हो जाता है।जिसका फायदा उठाकर चोर आसानी से चोरी कर लेते है।ऐसी कई घटनाएं शहर के जिला अस्पताल,महिला अस्पताल, पुलिस ऑफिस कार्यालय के सामने दीवानी गेट पास देखने को मिली है।

धर्मेंद्र कुमार तिवारी थाना इटियाथोक पुलिस अधीक्षक ऑफिस में गवाह के संबंध में आया हुआ था चार बजे बाहर आने पर देखा की बाइक उसकी गायब थीं। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के रहने वाले असद अपनी पत्नी का इलाज कराने जीवनदीप चिकित्सालय में आया था। दोपहर में जब बाहर निकाला तो देखा मोटरसाइकिल गायब थी।जिला अस्पताल में रहने वाले एक व्यक्ति की बाइक उनके जिला चिकित्सालय के आवास के सामने से चोर बड़ी आसानी से दिन के उजाले में चुरा ले गए। इश्तियाक अली एक मुकदमे की पैरवी करने के लिए दीवानी कचहरी में आए हुए थे उनकी मोटरसाइकिल मात्र एक घंटे के अंतराल में चोरी हो गई।

# टूट गई धर्म की दीवार, मुस्लिम युवती ने हिंदू लड़के से रचाई शादी

**बोली- प्रेम का कोई मजहब नहीं, आजीवन रहूंगी साथ**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिंगाही खीरी। मोहब्बत का कोई मजहब नहीं होता, प्यार के खातिर लोग मज़हब की दीवारें तोड़ अपने साथी को पाने की हर कोशिश करते हैं, ऐसा ही एक मामला थाना सिंगाही की ग्राम पंचायत सिंगहा कला के मजरा सिंगहा खुर्द में देखने को मिला है। यहां एक मुस्लिम लड़की मेहनाज बानो ने अपने हिन्दू प्रेमी गगन मिश्रा के साथ ग्राम के ही हनुमान मन्दिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फ़ेरे लिए। इसके बाद मेहनाज़ बानो का नाम बदलकर कल्यानी मिश्रा रख लिया। दोनों प्रेमी युगल पिछले काफी वर्षों से एक दूसरे से प्रेम करते आ रहे थे। इस विवाह के ग्राम समाज के सम्भ्रांत व्यक्ति साक्षी रहे और दोनों लोगों को सुखी दाम्पत्य जीवन बिताने का आशीर्वाद दिया।



**लड़की के घर वाले थे खिलाफ**

मुस्लिम समुदाय की युवती मेहनाज़ बानो का हिन्दू समुदाय के लड़के गगन मिश्रा के साथ काफी वर्षों के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था जब इस प्रेम प्रसंग की जानकारी लड़की के घर वालों को पता चला तो उन्होंने लड़की के नाबालिक होने के चलते लड़के पर प्रशासनिक कार्यवाही के तहत उसे जेल भिजवा दिया। लड़की के बालिक होने पर उसके बयानों अनुसार मुस्लिम लड़की को हिन्दू के लड़के के साथ प्रशासनिक ढंग से भेज दिया गया जिसका विवाह समाज के सम्भ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में मन्दिर परिसर में सम्पन्न करा दिया गया।

लड़की का नाम मेहनाज़ बानो से कल्यानी मिश्रा रखकर आचार्य अम्बिका प्रसाद त्रिवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दोनों की शादी कराई और दोनों को सुखी दाम्पत्य जीवन बिताने का आशीर्वाद दिया। दोनों ने मंदिर में अग्नि को साक्षी मानकर सात फ़ेरे लेते हुए एक दूसरे को जयमाला पहनाया। इस शादी समारोह में मेहनाज़ बानो से बनी कल्यानी मिश्रा के घर वाले शरीक नहीं हुए किन्तु लड़के के घर वाले और हिन्दू समाज के व्यक्तियों ने शरीक होकर शादी समारोह को सम्पन्न कराया।

## अंतरिम बजट 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण : अनुप्रिया पटेल

मीरजापुर। केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने 2024-25 के अंतरिम बजट को देश के गरीबों, किसानों, महिलाओं का बजट बताते हुए कहा कि इस बजट के जरिए 2047 तक भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमत्री के सपनों को साकार करने वाला बजट प्रस्तुत किया है। आम बजट को वंचितों, पिछड़ों, गरीबों व किसानों के प्रति समर्पित बताया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार हर परिवार को मकान व 300 यूनिट बिजली देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास यायेजना के तहत तीन करोड़ मकान के निर्माण का लक्ष्य पूरा होने वाला है और अगले पांच वर्षों में दो करोड़ मकानों का और निर्माण किया जाएगा।

# युवा नगर व्यापार मण्डल के गौरव अध्यक्ष व आदित्य बने

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पलियाकलां-खीरी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल कंछल गुट की सम्बद्ध इकाई नगर व्यापार मंडल पलिया कलां के प्रति निष्ठा एवम व्यापारियों के सेवा भावना को देखते हुये जिला उद्योग व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष नानक चंद वर्मा के निर्देश पर जिला महामंत्री अमित महाजन, तहसील अध्यक्ष जसपाल सिंह गोहानिया, तहसील महामंत्री राजेश गुप्ता व अन्य वरिष्ठ व्यापारीगणों से विचार विमर्श के उपरांत नगर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गौरव गुप्ता व महामंत्री राजीव शुक्ला,कोषाध्यक्ष श्याम आनंद ने नगर युवा व्यापार मण्डल पलिया कलां इकाई का गठन करते हुए नगर निवासी प्रमुख युवा व्यवसाई गौरव अग्रवाल को युवा नगर व्यापार मण्डल पलिया का अध्यक्ष, आदित्य कुमार मौर्य को युवा महामंत्री एवम मनीष अरोरा को युवा कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है व नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि आप अपने अपने पदों का कुशलतापूर्वक दायित्व निर्वाहन करते हुए संगठन व व्यापारियों के हित में कार्य करेंगे और दस दिनों की अवधि में अपनी युवा नगर व्यापार मण्डल पलिया की कार्यकारिणी का गठन करेंगे। नगर युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष मनोनीत किए जाने के उपरांत व्यापार मण्डल जिला महामंत्री अमित महाजन, तहसील महामंत्री राजेश कुमार गुप्ता, व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण सिंघल, जसवीर फ्लोरा,अनूप कुमार गुप्ता, मो.फहीम,मोध फिरोज खान, ताराचंद्र गुप्ता, विनोद अग्रवाल, मो0 आरिफ सहित नगर व क्षेत्र के व्यापारियों ने मनोनीत पदाधिकारियों को माला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर हर्ष व प्रसन्नता व्यक्त की है।

# कांग्रेस नेता रवि तिवारी ने अंतरिम बजट को बताया निराशाजनक

**ये भाजपा का विदाई बजट, लोगों को निराशा हाथ लगी : रवि तिवारी**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर-खीरी।भारत सरकार कि वित्त मंत्री द्वारा लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए बजट को जनता के लिए बहु उपयोगी बताया वहीं

जिला कांग्रेस कमेटी खीरी के उपाध्यक्ष रवि तिवारी ने बजट पर प्रश्न चिन्ह उठाते हुए कहा कि इस अंतरिम बजट में देश के लोगों की आंखों में धूल झोंकने के अलावा कुछ भी नहीं, कर्ज में डूबी हुई सरकार अंतरिम बजट पेश कर सुनहरे भविष्य के सपने दिखाकर वाहवाही लूटने का कुत्सित प्रयास किया है, देश का किसान नौजवान परेशान है उनकी नीतियों से इस बजट में किसानों के लिए कुछ भी नहीं है आज बेरोजगारी चरम सीमा पर है परंतु सरकार कारपोरेट के भरोसे बैठी हुई है सरकार रोजगार उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं है वर्तमान सरकार शिक्षा स्वास्थ्य चिकित्सा का इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया सिर्फ सिर्फ सपने ही दिखाए गए हैं सरकार द्वारा प्रतिदिन राग अलापा जाता है कि भारत विकसित हो रहा है देश की भोली भाली जनता को सरकार सिर्फ गुमराह कर रही है, यह बजट सिर्फ और सिर्फ छलावा के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है रवि तिवारी ने कहा कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है फिलहाल ये भाजपा का विदाई बजट है।

## योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता: आर.के. सिंह

कानपुर। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। जनहित के विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसका लाभ मिल सके। यह बात गुरुवार को नवागत जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कही।उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण गुणवक्तापूर्ण एवं समयबद्ध सुनिश्चित कराया जाएगा। अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकताएं हमारी प्राथमिकता में रहेगा। सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। जनहित के विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराया जाएगा।श्री सिंह 2010 बैच के अधिकारी है जो मूलतः उत्तर प्रदेश के अयोध्या के निवासी है तथा कई महत्वपूर्ण पदों में कार्यरत रहे है। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर मुरादाबाद व गाजियाबाद में कार्य किया, वर्तमान समय में जिला मजिस्ट्रेट एवं जिलाधिकारी व उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण गाजियाबाद के पद पर कार्यरत थे।

# जहांगीराबाद में नहीं है कोई सफाई कर्मचारी

**चारों ओर बजबजाती नालियां। नाला कूड़ा करकट से पटे, जगह जगह लगे कूड़े के ढेर। काफी दिनों से नहीं हुई सफाई। संक्रमण की संभावना।**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



जहांगीराबाद (सीतापुर)। बिसवां की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद में काफी समय से नालियों की सफाई न होने से कूड़ा करकट से पटकर जगह जगह बजबजाती नजर आ रही हैं।कई जगहों पर तो नालियों से निकल कर गंदा पानी रास्तों पर भी रिसने लगा है जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। गांव में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हैं जिनमें दुर्गंध उठ रही है जिससे किसी भी समय संक्रमण फैल सकता है।

आश्चर्य की बात यह है कि बिसवां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद का चयन प्रधानमंत्री सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत भी किया जा चुका है और लाखों रुपया खर्च कर ड्रीम प्रोजेक्ट भी लगाया गया परन्तु आज तक वह शुरू नहीं किया जा सका है जो सिर्फ शो पीस बना हुआ है।वह सिर्फ कागजों की सुर्खी जरूर बना हुआ है।

बताते चलें कि जहांगीराबाद ग्राम पंचायत में जहांगीराबाद के अतिरिक्त अन्य आठ मजरा गांव इसी ग्राम पंचायत में जुड़े हुये हैं जिनकी जहांगीराबाद से दूरी लगभग चार किलोमीटर तक है। आबादी के लिहाज से भी ग्राम पंचायत की आबादी भी पन्द्रह से बीस हजार के लगभग है। लगभग पन्द्रह वर्षों से कोई भी सफाई कर्मी ग्राम पंचायत में नहीं रहा। इधर कुछ महीनों से एक सफाई कर्मी की नियुक्ति हुई थी जिसका भी स्थानान्तरण कहीं और हो गया है। रोस्टर के द्वारा केवल प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय की ही सफाई होती थी। गांव में सफाई कर्मी साफ सफाई नहीं करते थे।

नियम के अनुसार प्रत्येक राजस्व गांव में एक ही सफाई कर्मी की नियुक्ति होती है परन्तु जहांगीराबाद ग्राम पंचायत बड़ी ग्राम पंचायत है जिसमें फरदापुर, मवासेपुर,मीनापुर,गनुवापुर, रघुनाथपुर,अहरोरी, दानपुरवा व कहारनपुरवा आदि आठ मजरा गांव भी शामिल हैं। आबादी को देखते हुए एक सफाई कर्मी पूरी ग्राम पंचायत तो दूर जहांगीराबाद गांव की सफाई भी नहीं कर पाता है और जल्द ही ट्रांसफर करा कर भाग जाता है।

इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी ने बताया कि बहुत समय के बाद जहांगीराबाद में एक सफाई कर्मी विमलेश अवस्थी की नियुक्ति हुई थी। उसने भी बिना बताये लगभग पन्द्रह बीस दिन पहले अपना स्थानान्तरण कहीं अन्यत्र करा लिया है।इस समय कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं है जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों को आबादी को देखते हुए इस ग्राम पंचायत में कम से कम तीन सफाई कर्मियों की नियुक्ति करनी चाहिए। इतनी बड़ी ग्राम पंचायत में जो भी सफाई कर्मी आता है वह कुछ ही दिनों में अपना ट्रांसफर करा कर चला जाता है।वैसे किसी अन्य मद से वैकल्पिक व्यवस्था कर सफाई करायी जायेगी।

इस बारे में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सफाई कर्मी का ट्रांसफर हो गया है। मैं जल्द ही व्यवस्था करा कर तीन-तीन सफाई कर्मियों की टोली को सप्ताह में तीन दिन जहांगीराबाद ग्राम पंचायत में भेज कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराऊंगा।

# संयुक्त जिला चिकित्सालय का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

## मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया एवं मरीजों का हाल चाल जाना तथा चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी प्रातः करीब 08:50 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची डीएम ने सर्वप्रथम ओपीडी, पैथोलाजी कक्ष, इमरजेंसी विंग, जनरल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, पोस्ट आपरेटिव वार्ड, आपरेशन थिएटर, डायलिसिस कक्ष, ब्लड बैंक, केएमसी वार्ड, एसएसएनसीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों से दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बंध में जानकारी ली एवं संबंधित चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया।डीएम ने मरीजों से आवश्यक दवाओं के साथ ही भोजन आदि मिलने की भी



जानकारी ली।जिलाधिकारी ने विगत दिनों करंट की चपेट में आने से जो बच्चे झुलस गये थे उनका भी हाल चाल लिया एवं बेहतर इलाज करने के निर्देश सीएमएस को दिया।ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक के संचालन के सम्बंध में जानकारी ली जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी पी अग्रवाल ने बताया कि ब्लड बैंक के जल्द ही संचालित होने की संभावना है। आगामी छह फरवरी को लखनऊ से टीम निरीक्षण करने आयेगी।डीएम ने कहा कि ब्लड बैंक संचालन में यदि किसी भी प्रकार की कमी आती है तो उन्हें अवगत कराया जाय जिससे जो भी छोटी मोटी कमियां हैं उन्हें पूर्ण करते हुये ब्लड बैंक का संचालन प्रारम्भ किया जा सके। केएमसी वार्ड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर टेलीविजन व अन्य प्रचार सामग्री लगाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने गम्भीर मरीजों के रेफर की स्थिति के बारे में जानकारी ली जिस पर सीएमएस ने बताया कि गम्भीर मरीजों को सुल्तानपुर, रायबरेली अथवा केजीएमसी लखनऊ रेफर किया जाता है।इसके अलावा डीएम ने अस्पताल में चिकित्सकों, स्टाफ, आवश्यक दवाओं, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक निर्धारित समय पर अस्पताल आएं एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायें।

# सीएमओ के निरीक्षण में ओपीडी से नदारद मिले फार्मासिस्ट और चिकित्सक

## सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जायस का प्रातः दस बजे किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जायस अमेठी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने गुरुवार की सुबह दस बजे जब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जायस का औचक निरीक्षण किया गया तो इस दौरान उपस्थित पंजिका के अवलोकन में पीएचसी अधीक्षक और फार्मासिस्ट सहित कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीएमओ के निरीक्षण के दौरान मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि डाक्टर और फार्माशिष्ट अभी कैम्पस आवास में है।ओपीडी समय में डॉक्टर को कैम्पस आवास में देख सीएमओ सख्त हो गये और नाराजगी जताई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया गया कि उनके द्वारा गुरुवार की सुबह दस बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जायस का औचक निरीक्षण किया गया और इसके बाद उपस्थित पंजिका का अवलोकन करने पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी



डॉ. सचिन सहित फार्मासिस्ट विक्रम प्रसाद अनुपस्थित थे। सीएमओ ने मौजूद कर्मचारियों से डॉक्टर और फार्मासिस्ट के बारे में पूंछा तो पता चला कि अभी दोनो लोग कैम्पस आवास में है। अस्पताल में सीएमओ के आने की खबर सुनकर स्वास्थ्य कर्मियों में खलबली मच गई।सीएमओ अंशुमान सिंह ने मातहतों को कड़ी फटकार लगाते हुये सख्त हिदायत दी है कि ओपीडी समय में अस्पताल में ही रहकर मरीजों का समुचित इलाज करें और अस्पताल में आये हुये मरीजों को किसी तरह की समस्या नही होनी चाहिये।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा का गांव चलो अभियान की मंडलों की कार्यशाला सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर सरकार की योजनाओं से लोगो को जागरूक करने के आठ साथ लाभार्थियों से संवाद स्थापित करें।ये बातें सभी मंडलों में आयोजित गांव चलो अभियान कार्यशाला में बताया कि आगामी चार फरवरी से भाजपा द्वारा चलाये जाने वाले गांव चलो अभियान में गांव के संयोजक व प्रवासियों की टीम गांव गांव जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण,सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों, पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर लोगों को सरकार के प्रति जागरूक करेंगे। गांवव चलो अभियान के ज़िला संयोजक राजीव शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि मण्डलों की कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शंकर गिरी ज़िला प्रभारी व प्रदेश मंत्री शंकर गिरी,भाजपा के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा,दयाशंकर यादव,दुर्गेश त्रिपाठी,चन्द्रमौलि सिंह,सुधांशु शुक्ला,राकेश त्रिपाठी, भवानी दत्त दीक्षित,मनोज जायसवाल,अजय तिवारी, आशा बाजपेयी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे। मण्डलों की कार्यशाला में सभी पदाधिकारी,गांव संयोजक व प्रवासी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिये हुई बैठक

तिलोई अमेठी,भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता गांव गांव जाकर सरकार की योजनाओं से लोगो को जागरूक करने के साथ लाभार्थियों से संवाद स्थापित करें। यह बात ब्लाक सभागार सिंहपुर में आयोजित गांव चलो अभियान कार्यशाला में जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने कही। उन्होंने बताया कि आगामी चार फरवरी से भाजपा द्वारा चलाये जाने वाले गांव चलो अभियान में गांव के संयोजक व प्रभारियों की टीम गांव गांव जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण,सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों, पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर लोगों को सरकार के प्रति जागरूक करेंगे।इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, अमरीश जायसवाल, राहुल पाठक, कुलदीप मिश्रा, सुनील पासी, शुभम तिवारी गयानाथ सिंह एव अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थिति रहे।

# अमेठी में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक हुई आयोजित

## आगामी दस से अट्ठाइस फरवरी तक चलाया जायेगा अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में फाइलेरिया मुक्ति अभियान राष्ट्रीय फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि शासन द्वारा दस से अट्ठाइस फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं इसके अंतर्गत जिला, ब्लाक, गांव, समुदाय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए जन समुदाय को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जानी है। उन्होंने बताया कि इस हेतु जनपद में 2216041 लाभार्थी चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनपद में 1783 टीमें लगाई गई है। अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं जिसमें बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को जागरूक करते हुए विद्यालय में ही फाइलेरिया रोग की औषधि टेबलेट एल्बेंडाजोल का सेवन कराना एवं निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन कराना, जनपद के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों के प्रत्येक कक्षा के अभिभावक एवं अध्यापक के व्हाट्सएप ग्रुप में फाइलेरिया से बचाव हेतु वीडियो एवं संदेश को साझा करना, पंचायती राज विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम प्रधान एवं एमडीए,एनडीडी कार्यक्रम का उद्घाटन आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मी के सामने दवा खाकर करेंगे अभियान की तारीख सभी ग्राम वासियों को खुली बैठक करके डुगडुगी पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम द्वारा बताएं एवं दीवार पर वॉल पेंटिंग कराएंगे, बाल विकास पुष्टाहार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रचार प्रसार, सर्वे तथा एडमिनिस्ट्रेशन में सहयोग, जागरूकता बैठकों का आयोजन कराना एवं अपने क्षेत्र वासियों के व्हाट्सएप ग्रुप में फाइलेरिया से बचाव हेतु वीडियो एवं संदेश को साझा करना, स्कूल ना जाने वाले बच्चों की जानकारी आशा से प्राप्त कर लाभार्थियों को आंगनवाड़ी केंद्र पर बुलाकर दवा का सेवन कराना सुनिश्चित करेंगे, खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा प्रत्येक कोटेदार फाइलेरिया से संबंधित पोस्टर एवं बैनर अपने गांव की आशा/आंगनवाड़ी/ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर से प्राप्त कर अपनी दुकान के नोटिस बोर्ड पर एमडीए/एनडीडी की तारीख लिखेंगे, नगर विकास विभाग द्वारा कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में फाइलेरिया से संबंधित ऑडियो मैसेज को चलाया जाएगा। बैठक में सीडीओ ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय करते हुए शासन के निर्देशों का अनुपालन कराने एवं अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, समस्त एसीएमओ सहित समस्त एमओआईसी एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### मोहनगंज पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना मोहनगंज पुलिस ने रमई रोड नहर पुल के पास से नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पन्द्रह ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को उप निरीक्षक राम नरेश सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान निशान्त कुमार लोध पुत्र जगदीश प्रसाद लोध निवासी पन्नू का पुरवा मजरे बहादुरपुर थाना जायस हाल पता ग्राम पूरे मुकुन्द मजरे रमई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब चौबीस वर्ष को रमई रोड नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के कब्जे से पन्द्रह ग्राम स्मैक बरामद हुई है।थाना मोहनगंज के इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने पाक्सो में वांछित युवक को जेल भेजा

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने पकड़े गये आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक राम हिन्द सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट में वांछित राम अवध गोडिया पुत्र गयादीन निवासी अलाईपुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब चालीस वर्ष को अलाईपुर चौराहा, छीछा मोड़ के पास गिरफ्तार किया गया।थाना मोहनगंज पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है।

### स्मृति ईरानी महिलाओं के लिये आयोजित करायेंगी महिला सांसद खेलकूद प्रतियोगिता

अमेठी **कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के लिये सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करायेंगी जिसमें डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं प्रतिभाग करेंगी।प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी माह में शुरू होगा।केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति के निर्देश पर संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिये बड़े स्तर पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन फरवरी माह में करवाया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में संसदीय क्षेत्र की डेढ़ लाख से अधिक महिलाएं प्रतिभाग करेंगी यह प्रतियोगिता पन्द्रह से बीस दिन तक चलेगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

जायस अमेठी **कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जायस क्षेत्र के रायबरेली सुलतानपुर राजमार्ग पर स्थित बहादुरपुर चौराहे के समीप एक पिकअप की टक्कर से बाइक सवार गम्भीर रुप से घायल हो गया है जिसे घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुरसतगंज से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे कुमेदान निवासी नानबाबू कस्बा जायस की तरफ से फुरसतगंज की तरफ बाइक से जा रहे थे जायस की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने पीछे से बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे नानबाबू का दाहिना पैर टूट गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएससी फुरसतगंज भेजा जहां प्रथम उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।चौकी प्रभारी राज कुमार सिंह ने बताया कि वाहन व चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### रामलला मंदिर के दर्शन के लिए जत्था रवाना

जालौन। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में भव्य तरीके से भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात अब सभी भक्तों के दर्शन के लिए प्रभु के द्वार खोल दिये गये हैं। बुधवार को जिले से 80 लोगों का जत्था अयोध्या दर्शन के लिए रवाना किया गया। बता दें कि श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के तत्वावधान मे समिति के कार्यकर्ताओं की टोली ने अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत को सभी नगरों की बस्तियों एवं खंडों में घर-घर पहुंचाकर प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात अयोध्या धाम मे दर्शन का आमंत्रण दिया था।

# जामो पुलिस ने पशुवध उपकरण के साथ चार युवकों को धरदबोचा

## पुलिस ने तीन अदद मवेशियों और एक बाइक को किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना जामो पुलिस ने ग्राम अजबगढ़ में गोकशी की घटना को अंजाम देने की फिराक में बैठे चार लोगों को रंगेहाथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से पशु वध करने के उपकरणों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से तीन अदद गोवंश भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, उप निरीक्षक हरदेव बहादुर सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु वाहन के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अजबगढ़ में नाले के पास कुछ व्यक्ति गोकशी करने वाले हैं।उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर हिकमत अमली से मुस्ताक अहमद पुत्र मोहम्मद शेर, नाजिम अली पुत्र मो0 हासिम,फैज मोहम्मद पुत्र आशिक जमा व मोहम्मद शहनवाज पुत्र मुस्ताक अहमद निवासीगण ग्राम शिवपुर मजरे घाटमपुर थाना जामो को समय करीब पौने तीन बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों के कब्जे से तीन अदद गोवंश, तीन अदद लोहे के बांके व एक अदद तराजू व बांट बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार मुस्तकीम अहमद ने बताया कि हम लोग यहां गोकशी करने के उद्देश्य से आये थे। टीवीएस मोटरसाइकिल संख्या यूपी 44 ए एच 7225 के कागज मांगने पर दिखा नही सके जिसे एमबी एक्ट में सीजकर कर दिया गया है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये इन लोगों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम व पशुक्रूरता निवारण अधिनियम के साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे युवक को जेल भेजा

अमेठी,थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक सुरेश कुमार मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित शनि सरोज पुत्र श्रीराम सरोज निवासी ग्राम चन्दौकी थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब उन्नीस वर्ष को उलरा मोड़ चन्दौकी के पास से गिरफ्तार किया गया है।थाना मुंशीगंज पुलिस गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

# सीबीएसई बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी को दहेज उत्पीड़न मामले में दी गई राहत पुनर्बहाल

एजेंसी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सीबीएसई बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी लखनलाल मीणा को दहेज उत्पीड़न एवं मारपीट के मामले में प्रयागराज पुलिस के आरोप पत्र एवं आपराधिक केस की प्रक्रिया पर पूर्व में लगी रोक को दुबारा पुनर्बहाल कर दिया है। याची मीणा ने हाई कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा था कि हाई कोर्ट द्वारा 28 जुलाई 2014 को पारित अंतरिम आदेश के बाद इस संबंध में कोई अद्यतन जानकारी न देने पर एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट इलाहाबाद ने याची के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर उसे 2 फरवरी 2024 को कोर्ट में तलब किया था। मजिस्ट्रेट के इस 10 जनवरी 24 के आदेश को हलफनामा के मार्फत दाखिल कर पूर्व पारित अंतरिम आदेश को पुनर्जीवित करने की कोर्ट से याचना की गई थी। यह आदेश जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र ने याची लखन लाल मीणा की अर्जी पर पारित किया है। कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम व सहयोगी अधिवक्ता अतिप्रिया गौतम का कहना था कि हाई कोर्ट की फुल बेंच ने एशियन रिसरफ़ेसी केस में क्वेश्चन ऑफ लॉ फ्रेम करके सुप्रीम कोर्ट को भेज दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट फुल बेंच के प्रश्न पर सुनवाई करके निर्णय सुरक्षित कर लिया है जिस पर अभी निर्णय आना बाकी है। अधिवक्ता का कहना था की ऐसी स्थिति में याची को उक्त केस में मिली राहत को पुनर्जीवित किया जाए तथा उसके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट को समाप्त किया जाए। कोर्ट ने अंतरिम आदेश को पुनर्बहाल करने की अर्जी एवं इस संबंध में दाखिल हलफनामा पर विचार करने के बाद याची द्वारा दाखिल अर्जी को मंजूर कर लिया है तथा इस केस में पूर्व पारित अंतरिम आदेश दिनांक 28 जुलाई 2024 को फिर से 5 मार्च 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। कोर्ट ने याची की याचिका पर फिर से सुनवाई के लिए 5 मार्च 2024 की तिथि निर्धारित की है। मामले के अनुसार याची के खिलाफ थाना धूमनगंज इलाहाबाद में वर्ष 2013 में एक प्राथमिकी धारा 376, 412, 495, 313, 317, 498-ए, 307, 323, 406 आईपीसी एवं 3/4 डीपी एक्ट के अन्तर्गत दर्ज कराई गई।

# देशभर के 8 शहरों से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट की विमान सेवाओं का शुभारंभ

## उप्र के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री सिंधिया का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को देशभर के आठ शहरों से अयोध्या के लिए स्पाइस जेट की विमान सेवाओं का वर्चुअल रूप से शुभारंभ किया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सिंधिया के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल (रि.) वीके सिंह और अन्य गण्यमान्य मौजूद रहे। इस कार्यक्रम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित सरकारी आवास से वर्चुअल रूप से जुड़े थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने इन नई उड़ान सेवाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री सिंधिया का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश में तेजी से उभरता प्रदेश है।




उत्तर प्रदेश आज उत्तर से दक्षिण, पूर्व पश्चिम सभी से जुड़ रहा है। आज दिल्ली-अयोध्या, चेन्नई-अयोध्या, अहमदाबाद-अयोध्या, जयपुर-अयोध्या, पटना-अयोध्या, दरभंगा-अयोध्या, मुंबई-अयोध्या और बेंगलुरु-अयोध्या के लिए उड़ान शुरू हो रही है।

योगी ने कहा कि अयोध्या में बेहतर एयर कनेक्टिविटी एक सपना था। आज सपना साकार हुआ है। अयोध्या के बारे में लोगों को कभी कल्पना ही नहीं होती थी कि वहां फोर लेन सडकें होंगी, बेहतरीन रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट हो सकती हैं। अयोध्या में 22 जनवरी का कार्यक्रम एक नए भारत की तस्वीर दिखाने के लिए उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या का विकास मेरे लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले 10 दिन में 25 लाख से ज्यादा लोगों ने रामलला के दर्शन किए। रामनवमी में यह और बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को केंद्रीय मंत्री सिंधिया और वीके सिंह ने बखूबी धरातल पर उतारा है। उन्होंने स्पाइसजेट प्रबंधन को हृदय से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश एक असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है।

### अंत्योदय के प्रण एवं सक्षम भारत का साकार प्रतिबिम्ब है अंतरिम बजट : नन्दी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट अंत्योदय के प्रण एवं सक्षम भारत का साकार प्रतिबिम्ब है। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, महिलाओं के लिए मुफ्त सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन, आयुष्मान भारत योजना से आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आच्छादित करना महिला सशक्तीकरण के निश्चय को दिखाता है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना एक दूरदर्शी निर्णय है। अवस्थापना क्षेत्र के बजट में 11.1 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि औद्योगिक व आर्थिक विकास की यात्रा को गति देगी। नन्दी ने आगे कहा कि तीन नए रेल कॉरिडोर की घोषणा परिवहन व लॉजिस्टिक सुविधाओं को नई ऊंचाई देगी। इसके साथ ही इस बजट में समग्र विकास का ठोस खाका, देशवासियों की बुनियादी सुविधाओं की गारण्टी एवं आर्थिक समृद्धि की प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखती है।

# मौतशाला बन गई यह गोशाला

## भूख-प्यास से मर रहे बेजुबान तो नोंच रहे कुत्ते और चील-कौवे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले तहसील व विकास खंड कर्नलगंज क्षेत्र में बेसहारा मवेशियों को संरक्षित करने के लिए सरकार ने बड़ी संख्या में गोशाला की स्थापना करा दी है,लेकिन अनदेखी की वजह से इनमें बंधे बेसहारा और बेजुबान पशुओं का हाल बेहाल है।गोशाला में बंधे बेहारा पशु बिना पानी और चारा तथा इलाज के दम तोड़ रहे हैं।इतना ही नहीं मृत पशुओं को दफनाने की व्यवस्था नहीं होने की वजह से भी मृत गाय को पशु आश्रय केंद्रों पर कुत्ते और चील-कौवे नोचते दिखे



### भूख-प्यास से मौत के बाद दिखी संवेदनहीनता भी

यह दुखद हाल है विकासखंड कर्नलगंज के गुरवलिया गौ आश्रय केन्द्र का हाल देखकर लोगों के रोंगटे खड़े गए। जहाँ मृत जानवरों को कौवे और कुत्ते नोंचकर खाते दिखाई पड़े जिससे यहां उठ रही दुर्गंध से कोई इधर से गुजरना नहीं चाहता है।वही सूत्र बता रहे है कि कि यहां तीन दिनों से लगातार भूख प्यास से तड़प-तड़प कर गायों की मौत हो रही है।यही नहीं पशु आश्रय केंद्र का संचालन करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा तब देखने को मिली जब गोशाला के अंदर मृत गाय को कुत्ता तथा कौवा नोचते दिखे।इससे तो यही साबित होता है कि गोशाला के जिम्मेदार लोग शायद यहां आते ही नहीं हैं।अन्यथा कम से कम मृत गायों का अंतिम संस्कार कर दिया गया होता।गोशाला की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की होती है। इनकी निगरानी में गोशाला का संचालन होता है।

### स्थानीय अफसरों का दावा,केंद्र पर व्यवस्था दुरुस्त

तेज दुर्गंध ने खोला मृत जानवरों काराज गौ आश्रय केन्द्र के आसपास फैली तेज दुर्गन्ध पर पड़ताल शुरू हुई।केन्द्र के पिछले हिस्से में खेतों से होकर पहुंचने पर जो मंजर दिखा उससे रोंगटे खड़े हो गये।कई मवेशी मृत पड़े थे जिसका शरीर आंखे आदि अन्य हिस्सा चील-कौवे नोंच-नोंचकर खा रहे थे।कुछ पशुओं के शरीर लावारिस हालत में क्षत विक्षत पड़े थे।इसके अलावा कई पशु इधर उधर मृत व मरणासन्न अवस्था में पड़े थे।

### गड्ढे में पटे मिले मृत गौ वंश

थोड़ा और आगे जाते ही देखा गया कि कई पशुओं के शवों को एक गड्डा खोदकर उसमें डाला गया था।इसकी गिनती ठीक से नहीं की जा सकती थी।उसमें पटे पशुओं को देखकर उनकी दुर्दशा का अंदाजा लगाया जा सकता है।अधमरे गौ वंश को नोचते मिले चील कौवे: एक स्थान पर पड़े पशु की आंखों व अन्य नाजुक अंगों को चील-कौवे नोंच रहे थे। थोड़ा और करीब से देखने पर पता चला कि उसमें अभी जान बाकी है। फिर भी चील-कौवों के नोंचने का क्रम जारी था।

### जिम्मेदारों का दावा,व्यवस्था चकाचक

वही इस संबंध में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डाक्टर अरुणेन्द्र सचान से बात की गई तो उनका कहना था कि रोजाना हमारे कर्मचारी गौ आश्रय केन्द्र का दौरा करते हैं। किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर हम स्वयं जाकर इलाज करते हैं।गौ आश्रय केन्द्र के पशुओं का इलाज अच्छे तरीके से हो रहा है। इन आश्रय केन्द्रों की जिम्मेदारी व मानीटरिंग के बारे में पूछने पर एसडीएम ने बताया कि हल्का लेखपाल नियमित तौर पर अपने क्षेत्र के गौ आश्रय केन्द्रों पर नजर रखते हैं।वहीं बीडीओ जे.एन. राव ने बताया कि फिलहाल मुझे गोशाला में अव्यवस्था की कोई जानकारी नहीं है।अगर ऐसा है तो दिखवाकर कार्रवाई की जाएगी।

# जाम के झाम से जूझ रहे लोग,भारी वाहनों की एंट्री ने बढ़ाई परेशानी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। शहर में तेजी से बढ़ती वाहनों की संख्या के चलते अब सड़कों पर जाम के हालात बन रहे हैं।कभी सुबह या दोपहर तो कभी शाम लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।चौराहों और तिराहों पर ट्रैफिक पुलिस की कमी के चलते लोगों को दिशा निर्देश देने वाला कोई नहीं होता इस कारण वाहन रांग साइड में दौड़ते रहते हैं। रही कसर भारी वाहन पूरी कर देते हैं।कभी डंपर तो कभी मिनी ट्रक शहर में घुस आते हैं और लोगों के लिए परेशानी बनते रहते हैं।इस तरह की समस्या सबसे ज्यादा चुंगी नाका, बड़गांव पुलिस चौकी,अग्रसेन चौक,गुरु नानक चौराहा,एलबीएस चौराहा,पर सामने आती हैं।जहां भारी वाहनों का दवाब सड़कों पर रहता है इसके कारण जाम लगता रहता है।आपको बता दें कि गोंडा अयोध्या मार्ग पर गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण शहर की सड़कों पर जाम के हालात बनते रहते हैं।गोण्डा बलरामपुर रोड पर आए दिन जाम लगने व हादसे होने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं।अगर चौराहों और तिराहों पर यातायात पुलिस उसका सही से पालन कराये तो जाम के हालातों से बचा जा सकेगा।साथ ही जो लोग यातायात नियमों की अनदेखी कर दौड़ रहे हैं उन पर भी कार्रवाई हो सकेगी।



### ई-रिक्शा की बढ़ी संख्या लगा रहे जाम

शहर में ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ी है।इनकी कोई तय गाइडलाइन या रूट तय नहीं होने के कारण कहीं से भी दौड़ते रहते हैं।जिनमें कई तो ऐसे हैं जिन्होंने ई रिक्शा माडिफाई करा लिए हैं।ई-रिक्शा सबसे ज्यादा रांग साइड में दौड़ते हुए देखे जा सकते हैं,जिनके कारण हादसे होते रहते हैं।ओवरलोड सामान भरकर वह दौड़ते हैं और कई बार पलट जाते हैं।इस तरह के हादसे बलरामपुर या बहराइच रोड पर होते हैं।जहां भारी माल की सप्लाई में ई रिक्शा जुटे रहते हैं।

वही यातायात नियमों के पालन में ढील न हेलमेट न लाइसेंस शहर में दौड़ने वाले वाहनों में अगर दो पहिया की बात करें तो कई लोगों के पास लाइसेंस तक नहीं रहते।इधर स्कूली बच्चे भी बाइक दौड़ाते रहते हैं।जबकि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए यातायात विभाग कई बार चेकिंग प्वाइंट लगाकर चालान तक करता है इसके बाद भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते।यहां करीब 70 फीसद लोग बिना हेलमेट नहीं लगाते।अगर रोकटोक बढ़े तो यातायात नियमों का पालन कराया जा सकता है।

# व्हाटसप्प पर धानेपुर पुलिस मीडिया सेल के नाम फर्जी ग्रुपों की भरमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

धानेपुर गोंडा। पुलिस प्रशासन और मिडिया के बीच समन्वय बनाये रखने के लिए खबरों का आदान प्रदान आसान बनाने के लिए डिजिटली प्रयोग अब भ्रम फैलाने के साथ शोषण और फर्जीवाड़ा करने का जरिया भी बन चुका है।सोशल मिडिया पर इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कई जनपद के उच्चाधिकारियों समेत डी.आई.जी को अवगत कराया गया,जिस पर अंकुश लगाने के लिए उनके निर्देशन पर धानेपुर पुलिस मीडिया सेल क्रिएट करके बिना भेदभाव के सभी क्षेत्रीय पत्रकारों को स्थान देने की कार्यवाही की जा चुकी है।जिसमे नियमित रूप से की जाने वाली कार्यवाही का प्रेस नोट व अन्य गतिविधियों की जानकारी प्रेषित की जाती थी।





किन्तु धानेपुर में थानाध्यक्ष रहे अंकुर वर्मा का स्थानांतरण होने के बाद नवागत थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने माह बाद भी उच्चाधिकारियों के निर्देशन में बनाये गए ग्रुप की निगरानी करने के बजाय उन ग्रुपों में रूचि लेते दिख रहे हैं जिनमे फर्जीवाड़ा समेत भ्रम फैलाने का कार्य किया जा रहा है।सच्चाई ये है की पुलिस मीडिया सेल के नाम से कई ग्रुप बनाये जा चुके हैं।जिनके बलबूते पर कुछ लोग धन उगाही करने के साथ भ्रम की स्थिति बनाये रखते है। ऐसे ग्रुपों में पुलिस स्टेशन के सिपाही दीवान हेड कांस्टेबल और कुछ चुनिंदा पत्रकार भी शामिल हैं जो अपने को पत्रकारों का सरदार बताते हैं।उन्ही के इशारे पर लोगों को जोड़ना और हटाना तय किया जाता है।ऐसे में सवाल उठता है की सोशल मीडिया पर पुलिस की निगरानी में भेदभाव किया जाता है ?य धानेपुर पुलिस सोशल मीडिया पर या फिर मीडिया सेल के नाम चल रहे इस खेल से अनजान है ?

# मोहल्ले की क्षतिग्रस्त नाली व खड़ंजा को दुरुस्त कराए जाने की लोगों ने की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। शहर के मोहल्ला नई बस्ती अकबरपुर क्षेत्र के वासियों ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच को एक पत्र सौंप कर मोहल्ले की क्षतिग्रस्त नाली व खड़ंजा को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि हम लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे है वही गली में बिजली के तार अंडरग्राउंड है क्षतिग्रस्त हिस्से की जगह बिजली का बॉक्स भी लगा हुआ है ऐसे में किसी बड़ी घटना होने का भय भी हम लोगों को सता रहा है। नाली के पानी की जल निकासी न होने से गंदा पानी घरों में भरा हुआ है। इस प्रकरण में आक्रोशित महिला मोहल्लेवासियों ने बुद्धिजीवी समाजसेवी सुहेल युसूफ सिद्दीकी, संदीप कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, सोमेश्वर द्विवेदी, रविंद्र कुमार चौहान, राजकुमार कश्यप सहित समस्त का कहना है कि इस मामले में शिकायत के बावजूद खानापूर्ति के लिए संबंधित अफसर गली का मुआयना भी कर चुके है फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।



# नलकूप खण्ड बहराइच के दिवार्षिक अधिवेशन में चुने गये निर्विरोध पदाधिकारी

नानपारा, बहराइच। इलेक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल डिप्लोमा इन्जीनियर्स एंड सिचाई विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में नलकूप खण्ड बहराइच की कार्यकारिणी चुनाव हेतु वार्षिक अधिवेशन मण्डल सचिव अछैवर चौहान मण्डल सचिव देवीपाटन मण्डल व इन्जीनियर विनय श्रीवास्तव संगठन सचिव महासंघ जनपद बहराइच के नेतृत्व में बहराइच की कार्यकारिणी के दिवार्षिक अधिवेशन में सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी निर्विरोध चुने गये। बहराइच कार्यकारिणी हेतु अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव अशोक कुमार आजाद उपाध्यक्ष सुजीत कुमार मौर्या एवं संगठन सचिव एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार कनौजिया का निर्विरोध चुना गया।



# उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

बहराइच। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा फखरपुर, बहराइच एक बैठक बीआरसी केंद्र गजाधरपुर में संपन्न हुई जिसमें संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया एंव रिक्त पदों पर पदाधिकारियो का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया । मनोनीत पदाधिकारियों में चंचरीक कुमार पाण्डेय को ब्लॉक कोषाध्यक्ष के पद पर मनोज कुमार को संयुक्त मंत्री, जुनैद अंसारी को उपाध्यक्ष, उदय प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष, अजय शुक्ला को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गिया । इस कार्यक्रम मे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संरक्षक साकेत भूषण तिवारी, अध्यक्ष सुखदराज सिंह, मंत्री तनवीर आलम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इरशाद अहमद, उपाध्यक्ष अमित आर्या, कुलदीप कुमार, संजय कुमार, आर0 पी0 सिंह, सुभाष सिंह, हेमंत कुमार सिंह, राजकिशोर सिंह सहित ब्लॉक के सैकडों शिक्षक उपस्थित रहे । सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को खंड शिक्षा अधिकारी ने बधाई दी व विभागीय कार्यो में सहयोग की अपील की ।



# नवनियुक्त जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जिले का चार्ज संभालते ही शुरू किया काम

गाजियाबाद। जिले के नवनियुक्त जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को जिले का पदभार ग्रहण कर लिया। पहले ही दिन उन्होंने काम शुरू कर दिया। पहले उन्होंने कलक्ट्रेट का निरीक्षण किया और फिर जनशिकायतें सुनी।वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी का पद भार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने बाद नव नियुक्त जिलाधिकारी महोदय इन्द्र विक्रम सिंह ने कार्यभार सम्भालते ही सम्पूर्ण कलेक्ट्रेट का जायजा लिया और सभी विभागों के अधिकारियों से परिचित होते हुए आदेश दिए की कार्यलयों में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि एक स्ववच्छ वातावरण में ही जागरूक सोच का विकास होता हैं और हमें अपने कार्य के प्रति नये–नये गुणवान विचार आते हैं।

उन्होंने आदेश दिए कि सभी अधिकारी शासनादेश अनुसार, समय पर कार्यालय आए, समय से पूर्व ही सभी कार्यालय कार्य पूर्ण करें, साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखे, दिवारों पर अनावश्यक चीजें ना लगायें, कार्यालय में अनावश्यक सामाग्री ना रखे सहित अन्य चीजों का भी विशेष ध्यान रखे।

# अहल्या आयुर क्लिनिक का हुआ भव्य शुभारंभ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जरवल बहराइच। जरवल नगर पंचायत निकट पुलिस चौकी चीनी मील रोड स्थित अहल्या आयुर क्लिनिक का हुआ भव्य शुभारंभ, मुख्य अतिथि भाजपा नेता गौरव वर्मा दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काट कर किया शुभारंभ,डा. अल्हया शशि व उषा टी ने मुख्य अतिथि का बुके व अंग वस्त्र देकर किया स्वागत अभिनंदन मुख्य अतिथि गौरव वर्मा ने उषा दी को नवीन प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर बधाई दी।क्लिनिक की डायरेक्टर उषा टी इस क्षेत्र वर्षो से कार्य करती आ रही है रिटायरमेंट के बाद अपने निजी क्लिनिक के शुभारंभ पर क्षेत्र के तमाम विशिष्ट लोगों ने पहुंचकर उनको बधाई दी उषा टी अपने सरल व हंसमुख व्यवहार के लिए क्षेत्र में पहचानी जाती है, उषा टी ने बताया कि व अपनी बेटी डॉ.अहल्या शशि बीएएमएस, सीजीओ,वाईआईसी, द्वारा क्लिनिक पर मुख्य महिला रोग विशेषज्ञ के तौर पर महिलाओं का उपचार करेंगी, आने वाले तमाम मरीजो को बेहतर उपचार व उनके खास ख्याल का इस क्लिनिक पर उचित प्रबंध की व्यवस्था की गयी है।

# पांडव कालीन चतुर्भुजी नाथ मंदिर पर वेदांती महाराज की कथा में भव्य कलशयात्रा हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। भव्य राममंदिर के निर्माण की प्रसन्नता में ग्राम चतुर्भुजवा महादेवा कलां में आयोजित हो रहे श्री शिवमहापुराण कथाअमृत की भव्य कलशयात्रा बाबा पृथ्वीनाथ मन्दिर से चतुर्भुजीनाथ मन्दिर तक कथा व्यास पूज्य संत रामविलास दास वेदांती महाराज के नेतृत्व में भारी पुलिसबल की सुरक्षा में सम्पन्न हुई।कलश यात्रा के दौरान क्षेत्र के हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे तथा जय श्री राम और हर हर महादेव के जय घोष के साथ गूंज उठा क्षेत्र अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के उपलक्ष में पांडव कालीन चतुर्भुजी नाथ मंदिर पर पूज्य संत डॉ रामविलास वेदांती जी महाराज की मुखारविंद से 2 फरवरी से 8 फरवरी 2024 तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है जिसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।कलश यात्रा में संत राघवेशदास वेदांती जी,महन्त पृथ्वीनाथ राम मनोहर तिवारी जी,रामकृपाल शुक्ला, संतोष शुक्ला,भाजपा मण्डल अध्यक्ष सोहनलाल भारती,जिला अध्यक्ष मजदूर संघ रामानंद तिवारी जी,विजय शुक्ला,वेद प्रकाश गुप्ता जी,माधवराज मिश्रा, अलखराम वर्मा मोहनलाल पाल,राम सनेही गुप्ता, दिनेश मिश्रा सहित हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे वेदांती जी महाराज की कथा में भव्य कलशयात्रा की हुआ आयोजन भव्य राममंदिर के निर्माण की प्रसन्नता में ग्राम चतुर्भुजवा महादेवा कलां में आयोजित हो रहे श्री शिवमहापुराण कथाअमृत की भव्य कलशयात्रा बाबा पृथ्वीनाथ मन्दिर से चतुर्भुजीनाथ मन्दिर तक कथा व्यास पूज्य संत डा रामविलास दास वेदांती जी महाराज के नेतृत्व में भारी पुलिसबल की सुरक्षा में सम्पन्न हुई।



# 10 वर्षो से बहराइच की जनता को ठग रही भाजपा सरकार : ललन कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। कंाग्रेस पार्टी के सिपाही होने के नाते मेरी जिम्मेदारी बनती है कि मैं भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो, कि हमारे नेता राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रही है, और उस यात्रा का जो संदेश है उसको जन-जन तक पहुचाने का काम कर रहे हैं। बहराइच लोकसभा -56 आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, बहराइच को विकास की मुख्यधारा में खड़ा करना मेरा लक्ष्य है। यह बात कंाग्रेस नेता ललन कुमार ने शहर के एक निजी होटल में अयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि जबतक है जान है तबतक बहराइच के हक के लिए यहां की जनता के लिए , यहां के युवाओं के रोजगार के लिए, महिलाओं के सम्मान के लिए सदैव खड़े रहेंगे। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी अगर पार्टी नेतृत्व निर्देश देती है तो हम बहुत मजबूती से चुनाव लडेंगे और जीतेंगे भी जनता जनार्दन के आशीर्वाद से।



ललन कुमार ने बहराइच में रेल सेवा, अन्ना जानवरों की समस्या, किसानो के कर्ज की समस्या, शिक्षा और स्वस्थ, एयरपोर्ट सहित अन्य मुद्दों को उठाते हुए कहा कि रेल सेवा बदहाल है यहां उसका विस्तार अभी तक नहीं हुआ। 2014 में जिन मुद्दों को लेकर भाजपा मैदान में आई थी उसमें से एक भी मुद्दे का समाधान नही हुआ। उन्होंने वर्तमान सांसद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले 10 साल से यहां के भाजपा के एमपी हैं वह लोगों से नहीं मिलते, यहां के सांसद बताएं कि उन्होंने बहराइच के विकास के लिए क्या किया ?

**बहराइच लोकसभा में अब होगा न्याय - ललन कुमार**

**राहुल के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश जन-जन तक पहुचायेंगे - ललन कुमार**

आज भारत जोड़ो न्याय यात्रा को जो समर्थन अलग-अलग राज्यो में मिल रहा है हर कोई देख रहा है, श्री राहुल गांधी जी मन की बात नहीं करते हैं बल्कि जनता की बात करते हैं, उनके मन की बात सुनते है। उन्होंने कहा कि हम सब नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाले लोग हैं, जहां सब का सम्मान हो, उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांच सूत्रों की बात कि। मेरा मकसद सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि यहां की जनता के हितों की रक्षा करते हुए उनके बीच काम करना है, जिससे हमारे समाज का विकास हो सके। जब समाज का विकास होगा तब हमारे प्रदेश और देश का विकास होगा।

ललन कुमार ने कहा कि राहुल गांधी जी की न्याय यात्रा यहां से गुजरेगी। उन्होंने लोगों से सुझाव भी मांगा है।कंाग्रेस किसी व्यक्ति विशेष की पार्टी नहीं है, कंाग्रेस सबकी पार्टी है, कंाग्रेस एक पार्टी ही नही बल्कि एक विचार धारा है। हम यहां की जनता के साथ कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांच स्तंभ युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों के लिए न्याय और भागीदारी के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि यही देश को ताकत प्रदान करेगी। भाजपा द्वारा कंाग्रेस मुक्त भारत के सवाल पर उन्होंने कहा कि, कंाग्रेस कभी मुक्त नहीं हो सकती है, लेकिन मोदी जी ने आडवाणी जी, जोशी जी को मुक्त जरूर कर दिया है।देश की जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर सत्ता से बेद़खल करने जा रही है।

# अधिवक्ता संघ की बैठक में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की सामूहिक मांग

## जल्द अधिवक्ता चैंबर सुलभ होगा : प्रदीप कुमार सिंह

बहराइच । दीवानी न्यायालय परिसर स्थित रूल ऑफ लॉ सोसायटी कैम्प कार्यालय में आयोजित अधिवक्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए बार काउंसिल ऑफ उत्तरप्रदेश के वॉइस चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह ने कहा की प्रदेश के लगभग 12 जिलों में अधिवक्ता चैंबर के लिए मुख्यमंत्री ने बजट आवंटित किया है। बहराइच को भी जल्द अधिवक्ता चैंबर सुलभ होगा, मृत अधिवक्ताओं के परिवार खातों में जल्द ही अहेतुक सहायता के रूप में पांच लाख रुपये पहुंच जाएंगे और इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। प्रशिक्षु अधिवक्ताओं के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा, उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगा जहां इसी वर्ष एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होगा। बार काउंसिल से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा की न्यासी समिति अधिवक्ता की बीमारी के इलाज के लिए सहायता दे रही है। सी ओ पी के लिए अधिवक्ता आवेदन कर सकते हैं जहां 70 वर्ष आयु पूरी कर चुके अधिवक्ताओं के लिए जल्द पेंशन की भी व्यवस्था की जाएगी। रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष (अवध) क्षेत्र संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने संगठन की ओर से प्रदेश में शीघ्र एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की सामुहिक मांग की तथा अधिवक्ताओं के समस्याओं के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी, सुलह अधिकारी राकेश चंद्र श्रीवास्तव, सोसायटी जिला संयोजक प्रमोद सिंह चौहान, राजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 राधेश्याम श्रीवास्तव, समाजसेवी विवेक सक्सेना, राकेश त्रिपाठी एडवोकेट, सभाराज सिंह, बसन्त चौहान एडवोकेट, उमेश कुमार पांडेय समेत दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी ने कार्यभार किया ग्रहण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।नवागत जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने प्रातः 9:30 बजे कोषागार पहुंचकर डबल लॉक का कार्यभार ग्रहण किया है। तत्पश्चात उन्होंने कलेक्टेट कार्यालय पहुँचकर उपस्थित पत्रकारों बन्धुओं से प्रेस वार्ता की। उन्होंने सभी पत्रकारों बन्धुओं को अपना परिचय दिया। साथ ही प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकार बन्धुओं से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि शासन के प्राथमिकता वाली जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों,कानून व्यवस्था,जनसमस्याऐं आईजीआरएस,समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना प्राथमिकता में रहेगा। तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाऐं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने का प्रयास,शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग पर गम्भीरता के साथ प्रयास किये जायेगें और बेहतर सुविधाऐं उपलब्ध कराई जायेगी।उन्होंने कहा कि पूर्व का मतदान प्रतिशत अच्छा रहा है।आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत और बेहतर करने का प्रयास किया जायेगा।बैनामे,शत्रु सम्पत्ति सहित अन्य मामलों को गम्भीरता के साथ लिया जायेगा और नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी है।

## डीएम ने गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक



पीलीभीत।नवागत जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने गांधी सभागार में जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने विभागाध्यक्षो से विभाग वार विकास कार्यों की संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से गौशालाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए नई गौशालाओं के निर्माण करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। चकबंदी की समीक्षा के दौरान उन्होंने चकबंदी अधिकारी से चकबंदी के संबंध में चल रहे कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। चकबंदी अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि पांच ग्रामों में चकबंदी का कार्य कराया जा रहा है। हर घर नल योजना की भी समीक्षा की गई।बैठक में उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए समस्त विभाग अध्यक्ष अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।जिससे संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल सके तथा विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के मुख्यालय ना छोड़े अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## व्यापार मंडल का जिले में हुआ विस्तार अनुज खंडेलवाल संगठन मंत्री एव मलकीत सिंह जिला सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जनपद में संगठन का विस्तार करते हुए युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने पूरनपुर निवासी राइस मिलर अनुज खंडेलवाल को पीलीभीत की युवा शाखा का जिला संगठन मंत्री और स्मार्ट टेक ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के मालिक मलकीत सिंह को संगठन का जिला सचिव नियुक्ति किया गया है।दोनों नव मनोनीत पदाधिकारी गण को शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने उनसे अपेक्षा की है कि वे एक माह के अंदर पूरे जनपद के दौरा करके संगठन का और विस्तार करेंगे और हर जगह नगर कार्यकारिणियों की बैठक लेकर उनको सक्रिय बनाये रखेंगे।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मार्च माह में संगठन की ओर से पीलीभीत जनपद का व्यापारी महाकुम्भ आयोजित करने पर विचार चल रहा है जिसपर बैठक में चर्चा ले उपरांत अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से सक्रियता बढ़ाने और जिन स्थानों पर अभी व्यापार मण्डल नहीं है वहां भी गठन करने हेतु आह्वान किया। सभी नव मनोनीत पदाधिकारी गण को संगठन के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी,संरक्षक प्रकाशवीर सिंह,महामंत्री पंकज अग्रवाल,चेयरमैन अनिल महेंद्रू,युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष गण तुषार अग्रवाल,प्रेम गोयल, देवेंद्र सिंह रिंकू,सौरभ सक्सेना,प्रदीप शुक्ला अंशुमान तिवारी,अजय सूरी,अतुल जायसवाल, नदीम अंसारी,आशीष लोधी,निखिल राजपूत, सागर सैनी, अजय गोयल, गुलशन स्वर्णकार,उत्तम मण्डल,आशीष सक्सेना, प्रिंस भारद्वाज,विक्रम जायसवाल,असगर खान,अखिलेश गुप्ता, इमरान क़ादरी समेत सभी पदाधिकारियों ने हर्ष प्रकट करते हुए बधाई दी है और उम्मीद की है कि इनके आने से संगठन और मजबूत होगा।

## परिषदीय विद्यालय के बच्चों को डीएम ने खिलाई गोली



पीलीभीत।राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला तखान में नवागत जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया गया।जिसमें समस्त उपस्थित छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली के महत्व के बारे में बताया गया एवं उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मापअप राउंड 05.02.2024 को चलेगा जिसमें समस्त छूते हुए बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सरकारी,निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनबाड़ी केदो पर पंजीकृत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,खंड शिक्षा अधिकारी,महिला चिकित्सा अधिकारी नगरीय क्षेत्र, जिला सलाहकार आरकेएसके,अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर,फार्मासिस्ट नगर क्षेत्र एवं अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चोरी की घटना का खुलासा, कार सवार तीन चोर गिरफ्तार

हमीरपुर। अपराध नियन्त्रण एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत बिवांर पुलिस ने गुरुवार को दोपहर राठ हमीरपुर मुख्य मार्ग से महेरा की तरफ जाने वाले रोड पर स्थित पुलिया के पास एक चार पहिया स्विफ्ट गाड़ी में बैठे हुये तीन अभियुक्तों को चोरी हुये रुपयों के साथ अवैध तमंचा बरामद कर गिरफ्तार कर लिया।क्षेत्राधिकारी मौदहा श्रेयस त्रिपाठी ने गुरुवार को बताया कि आकाश राजपूत पुत्र हरिसिंह निवासी ग्राम बरौली खरका थाना चिकासी, शानू खान पुत्र इसरार निवासी दीवानपुरा थाना राठ, अवधेश राजपूत पुत्र हरिसिंह निवासी ग्राम महेरा थाना बिवांर को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों द्वारा 29 जनवरी को रात्रि में महेरा गांव स्थित शराब ठेका से रुपयो की चोरी को कबूल किया गया है।

तीनो के कब्जे से चोरी किये गये रुपयो में से बचे हुये 84,845 रुपये बरामद करने के साथ घटना में प्रयुक्त चार पहिया स्विफ्ट गाडी सहित गाडी से घटना में ताला तोडने में प्रयुक्त रिंच पाना को बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शानू खान के कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर नाजायज व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर भी बरामद हुआ है। तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक तीर्थराज पाण्डेय, हेड कांस्टेबल राहुल त्रिपाठी, कांस्टेबल हरिनन्द सिंह, श्रवण कुमार सिंह शामिल रहे।

## जनसंख्या नियंत्रण पर कमेटी गठित करने की घोषणा का हुआ स्वागत

बिजनौर । आम बजट के दौरान वित्तमंत्री सीतारमण द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाये जाने के लिए शीघ्र एक कमेटी के गठन की घोषणा किये जाने से जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त है। कमेटी में फाउंडेशन के पदाधिकारियों को भी रखे जाने की उम्मीद है।फाउंडेशन के पदाधिकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा एडवोकेट, कमलजीत सिंह नूर, लोकेन्दर चौहान, नरेश मुनीम जी, राजेंदर चौधरी, नवदीप चौधरी ने वित्तमंत्री द्वारा बजट सत्र में इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा है कि बढ़ती जनसंख्या देश के लिये बेहद हानिकारक है। जिसको लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा पिछले 10 वर्ष से देशभर में आंदोलन चलाये जा रहे है। सरकार से इस सम्बंध में फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कुमार, ममता सहगल आदि पदाधिकारी कई बार वार्ता कर चुके हैं।

## तालाब के किनारे पाया गया युवक का शव, हत्या की आशंका

कानपुर। सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के घुरवा खेड़ा गांव में तालाब के किनारे एक युवक का शव गुरुवार को पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर रंजीत कुमार ने बताया कि सेन पश्चिम पारा के ग्राम घुरवा खेड़ा में स्थित एक तालाब के किनारे एक 40 वर्षीय युवक का शव गुरुवार को ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया तो उसकी शिनाख्त विश्रामपुर नगुआ गांव निवासी लक्ष्मण के रूप में की गई। खबर मिलते ही उसके परिवार के लोग पहुंचे। पूछताछ के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि उसकी शराब पीने की आदत बन चुकी थी, इसके अतिरिक्त उसे मिर्गी के दौरे भी आते थे। प्रथम दृष्टया यह दुर्घटना प्रतीत हो रही है।

## डीएम का जंगल के बीच हुआ विदाई समारोह

पीलीभीत।आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए। उत्तर प्रदेश शासन लगातार अधिकारियों के ट्रांसफर कर रहा है।इसी क्रम में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार का ट्रांसफर करते उनके स्थान पर आईएएस जोगिंदर सिंह का ट्रांसफर डीएम के रूप में पीलीभीत किया गया लेकिन शासन द्वारा 24 घंटे भी नहीं बीते और ट्रांसफर में फिर बदलाओ करते हुए फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को पीलीभीत का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।जनपद के अधिकारियों ने शांत वातावरण के माहौल में स्थित जंगल के बीचो-बीच में स्थित बायफरर्केशन में पूर्व डीएम प्रवीण कुमार का विदाई समारोह का आयोजन किया है।

# उद्योग व एआरटीओ कार्यालयों से अधिकारी कर्मचारी गायब वेतन रोका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बागपत। बागपत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निरीक्षण में उद्योग व एआरटीओं कार्यालय में कर्मचारी और अधिकारी अनुपस्थित मिले है। जीएमडीआईसी, आरटीओ, सहायक आयुक्त उद्योग सहित कार्यालय में अधिकारी अनुपस्थित मिले है। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन रोक दिया है और सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह गुरूवार को इंडस्ट्री एरिया में स्थापित उद्योग विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उद्योग विभाग के कार्यालय में 7 कर्मचारी तैनात हैं जिसमें से कार्यालय अध्यक्ष उपायुक्त उद्योग अर्चना तिवारी ,सहायक आयुक्त स्वीटी उपाध्याय ,नेहा, आशा, सगीर सहित 5 कर्मचारी अनुपस्थित मिले।कार्यालय के अधिकारी स्वीटी उपाध्याय व अर्चना तिवारी ने उपस्थिति पंजिका में कुछ समय तो उपस्थित लगाई लेकिन पिछले तीन माह से उपस्थिति पंजिका में उपस्थित नहीं लगाई जा रही थी जिलाधिकारी ने लापरवाई को देखते जनवरी माह का वेतन आहरित करने पर रोक लगा दी है साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। जिलाधिकारी ने 10:25 मिनट पर सहायक परिवहन अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया जिसमें कार्यालय के बाहर दिल्ली पुलिस के एक जवान अपना ड्राइवर लाइसेंस बनवाए जाने के लिए अधिकारियों का इंतजार कर रहे थे लेकिन अधिकारी कार्यालय में आये नही थे जो निरीक्षण में अनुपस्थित मिले ।एआरटीओ कार्यालय में 9 अधिकारी /कर्मचारियों का स्टाफ तैनात है जिसमें से मात्र संजीव और सत्येंद्र नाम के कर्मचारी ही कार्यालय में जिलाधिकारी को उपस्थित पाए गए शेष अनुपस्थित अधिकारियों में आरटीओ अश्वनी कुमार राजपूत ,पीटीओ संदीप जयसवाल, आर आई नीतू शर्मा, राजेंद्र प्रधान सहायक, राजेंद्र, राकेश ,दिलीप ,किशोर, प्रेमपाल सिंह, भारतलाल सहित अन्य कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कर्मचारियों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए जबकि उक्त अधिकारियों का जनवरी माह का वेतन आहरित करने पर रोक लगाई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं समस्त अधिकारी 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठे और जनता दर्शन करें जनता की समस्याओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निस्तारण हो जब अधिकारी क्षेत्र में निकले तो वह अपनी भ्रमण पंजिका में लिखकर जाए प्रत्येक कार्यालय में अनिवार्य रूप से भ्रमण पंजिका बनी हो। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों के साथ-साथ अधिकारी /कार्यालय अध्यक्ष को भी उपस्थिति पंजिका में लगानी होगी अपनी उपस्थिति, अगर इसमें कोई अधिकारी अनुशासनहीनता करते हैं तो उन पर कार्यवाही की जाएगी।

## आश्रम में भंडारे का हुआ आयोजन उपस्थित रहे युवा व्यापारी नेता विजयपाल विक्की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। गुरुवार आनंदपुर सत्संग आश्रम खमरिया पट्टी में मासिक संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ो श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद चखा। इसमें फरीदाबाद सहित अन्य स्थानों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। युवा व्यापारी नेता विजयपाल विक्की ने खमरिया पट्टी स्थित आनंद सत्संग आश्रम में पहुंच कर श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया इस धार्मिक कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। भंडारे में इस ग्राम पंचायत सहित आसपास गांव के श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

# केन्द्र सरकार का अंतरिम बजट से सभी वर्गों के सपने होंगे साकार : शिवशंकर

### किसानों को आमदनी होगी दोगुनी, डेयरी उद्योगों को भी लगेंगे पंख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर। लोकसभा में केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट में डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने से किसानों में जहां खुशी है, वहीं युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए बजट में प्रावधान किए जाने से आम लोगों के चेहरे खिल उठे है।इस बजट पर भारतीय किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट सभी वर्गों के सपने को साकार करने वाला है।भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट में डेयरी उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा इससे किसानों और पशु पालकों की आमदनी दोगुनी होगी।

उन्होंने क्षेत्र में लोगों को मिठाई खिलाते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने तीन सौ यूनिट बिजली देने की बात कही है जिससे गरीबों को बड़ी राहत मिलेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा में पेश अंतरिम बजट सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र को साकार करेगा। कहा कि मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत निश्चित ही विकसित भारत बनेगा।

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने पर किसानों ने राहत मिलने की उम्मीद जताई है। डेयरी उद्योग से जुड़े किसान विद्यासागर, उदयभान यादव, सुरेश यादव आदि ने कहा कि केंद्र सरकार अगर बजट में डेयरी उद्योग को बढ़ाने का निर्णय लिया है तो यह किसानों के लिए बेहतर साबित होगा। डेयरी उद्योग बढ़ने से किसानों एवं पशु पालकों की आमदनी में इजाफा होगा। कस्बे के निवासी राजकुमार चौरसिया ने कहा केंद्र सरकार ने ३०० यूनिट फ्री बिजली देने की बात कही है। लेकिन यह किन परिवारों को दी जाएगी इसकी घोषणा नहीं की है। इस योजना में गरीब परिवारों को प्राथमिकता के साथ शामिल किया जाए।

## आलू की खुदाई से 10 व 15 दिन पूर्व बेल कटाई करना बहुत आवश्यक: डॉ.आर.बी.सिंह

कानपुर। आलू फसल में अधिकांश प्रजातियां 90 से सौ दिनों में परिपक्व हो जाती हैं। जब फसल परिपक्व हो जाती है तो उस समय बेल की कटाई कर देनी चाहिए। बेल कटाई का कार्य खुदाई के 10 से 15 दिन पहले की जानी चाहिए। बेल काटने से आलू कंद का छिलका कड़ा हो जाता है। जिससे आलू कंदों के भंडारण क्षमता में सुधार होता है। यह जानकारी गुरुवार को बिहारी पुरवा गांव के किसानों को एक दिवसीय आलू उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के साकभाजी अनुभाग प्रभारी अधिकारी डॉ.आर.बी.सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि आलू की पछेती फसल में जिंक, लोहा एवं बोरॉन सूक्ष्म पोषक तत्वों का पर्णीय छिड़काव करें। आलू के विपणन एवं भंडारण विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि आलू का कंद के आकार के आधार पर ग्रेडिंग की जानी चाहिए।डॉ अजय कुमार यादव ने बताया कि आलू फसल पर लगने वाले रोगों एवं निदान के बारे में बताया तथा कहा कि झुलसा रोग के लिए समय से रिडोमिल दवा का प्रयोग करें। इस अवसर पर डॉ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आलू फसल में कीट प्रबंधन बहुत आवश्यक है।तथा एमिडेक्लोप्रिड के छिड़काव करना चाहिए।

डॉ शशिकांत ने आलू फसल में सिंचाई करते समय दो तिहाई तक मेड की ऊंचाई तक पानी लगाने की सलाह दी। कार्यक्रम में 100 से अधिक आलू उत्पादकों एवं कृषक महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देशराज भारतीय ने किया।

## श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में दस दिन में 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

अयोध्या। अयोध्या के नव्य-दिव्य-भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजित श्रीरामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की राम नगरी में रेला चल रहा है। दो लाख से अधिक लोग प्रतिदिन दर्शन कर रहे हैं। पिछले 10 दिन के अंदर अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु रामलला के दर्शन किए हैं।गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 दिन के अंदर अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रभु रामलला के दर्शन किए हैं। एक अद्भुत स्थिति है जो लोगों के लिए कौतूहल और आश्चर्य का विषय बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या देश की आस्था का प्रतीक है। जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हुई हैं। प्रभु श्री राम लला के साथ जुड़ी हैं। हर अयोध्यावासी की एक अभिलाषा थी कि अयोध्या का भी विकास होना चाहिए। आज वह सपना साकार हो रहा है। वास्तव में अयोध्या इसकी हकदार थी लेकिन किन्हीं कारणों से अयोध्या की उपेक्षा हुई। पांच सदी पूर्व जो एक कलंक अयोध्या पर लगाने का प्रयास हुआ था, उससे मुक्त होकर प्रभु राम के भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हो गए, इस सपने को साकार होते हुए देखकर के आज पूरी दुनिया प्रफुल्लित है।

# विकसित भारत का सशक्त बजट: जनरल वीके सिंह




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग व नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ वीके सिंह ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए अंतरिम बजट 2024 को विकसित भारत का सशक्त बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत की आशाओं, आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूर्ण कर नए, आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत की कड़ी को मजबूत करता है। हर वर्ग के कल्याण, गरीब के उत्थान और भारत की शान बढ़ाता यह बजट नए भारत के संकल्प को भी मजबूत करता है। इस बजट में सभी वर्गों, सभी क्षेत्रों का ध्यान रखा गया है।

केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह की ओर से जारी प्रेसनोट में कहा कि आज संसद में केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि हम 09 करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं।

हमने 60 स्थानों पर जी20 बैठकों के आयोजन की सफलता ने दुनिया के सामने भारत की विविधता प्रस्तुत की है। हमारी आर्थिक ताकत ने देश को व्यापार और सम्मेलन पर्यटन के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है। भारत में अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को एकीकृत करके, जीएसटी ने व्यापार और उद्योग पर अनुपालन बोझ को कम कर दिया है। उद्योग जगत ने जीएसटी के फायदे को स्वीकार किया है। भाजपा की सरकार में 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। डीबीटी के जरिए 34 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए यह लाभ की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित इससे सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई। कृषि के क्षेत्र में बड़े परिवर्तन हुए हैं। फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में प्राइवेट और पब्लिक निवेश को बढ़ावा मिला है, आत्मनिर्भर तिलहन अभियान फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में प्राइवेट और पब्लिक निवेश को बढ़ावा, नैनो डीएपी में सभी कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर एप्लीकेशन का विस्तार और डेयरी किसानों की सहायता के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू हुआ है। अभी कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएंगे।

पीएम किसान संपदा योजना से 38 लाख किसानों को फायदा हुआ है और 10 लाख रोजगार पैदा हुए हैं। कोविड की चुनौतियों के बावजूद, पीएम आवास योजना ग्रामीण का कार्यान्वयन जारी रहा और हम 03 करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं।

## नये भारत का नया बजट देश के विकास मे अग्रणी : डॉ आर ए वर्मा

सुलतानपुर।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश कर दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए कहा यह बजट मजबूत भविष्य की गारंटी देता है। उन्होंने कहा पिछले दस वर्षों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए और सरकार गरीबों को सशक्त बना रही है।बजट में 5 साल में 2 करोड़ लोगों के लिए नए घर बनाने,इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11. 11 लाख करोड़ खर्च करना बताता है कि देश विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ रामजी गुप्ता ने आज एक गरीब के पास भी अपना पक्का मकान है उनके घर में शौचालय है उन्हें हर महीने फ्री का राशन मिल रहा है । सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उठाया गया एक बेहतर कदम है । भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार आर्य ने बजट सराहनीय बजट बताया है। महिलाओं के लिए विशेष योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशा बहनों को आयुष्मान से जोड़े जाने की योजना सराहनीय कदम है।

विजय सिंह रघुवंशी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा 2047 तक विकसित भारत बनाने वाला बजट है।इस बजट में 3 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी।3 प्रमुख आर्थिक रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे।रोजगार के लिए 55 लाख नए अवसर मिलेंगे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 51245003 | HIGH CAPACITY 500 AMP 750 VOLT INTER VEHICULAR COUPLER (IV COUPLER) FOR LHB AC EOG COACHES RDSO/PE/SPEC/ AC/0177-2013 (REV-0) or latest. Make-RDSO, MCF, ICF, RCF approved source only | 10 Sets | 06.03.2024 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं: 51245003 दिनांक: 01.02.2024

339/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# टूटे न जीवन की डोर

जब 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में देश के करोड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों से दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम व वर्चुअल संवाद के जरिये प्रधानमंत्री परीक्षा भय से मुक्त होने की बात कर रहे थे, देश के कई भागों से छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें आ रही थीं। जाहिर है अभिभावक व शिक्षक इन बच्चों के मानसिक द्वंद्व व वास्तविक दिक्कतों को नहीं समझ पा रहे हैं, जिसके चलते इन बच्चों को मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प नजर आ रहा है। निश्चित रूप से परीक्षा का भय इस कदर बच्चों पर हावी है कि उन्हें लगने लगता है कि परीक्षा में असफलता के बाद जीवन में कुछ शेष नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस संबोधन में इन तमाम चुनौतियों को संबोधित किया। उन्होंने गहरी बात कही किदृ 'बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं।' यह एक हकीकत है कि अपने जीवन में शैक्षिक व रोजगारपरक लक्ष्यों को हासिल न कर पाने वाले अभिभावक अपने बच्चों से आईएएस, डॉक्टर व इंजीनियर बनने की उम्मीद पाल बैठते हैं। जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करते हुए यह नहीं सोचते कि बच्चे की क्षमताएं क्या हैं और हमारी उम्मीदों का बोझ वे किस सीमा तक बर्दाश्त कर पाएंगे। संगरूर में मेरिटोरियस स्कूल के हॉस्टल से एक छात्र के पिता को फोन जाता है कि तुम्हारे बच्चे के नंबर कम आए हैं। उसे हॉस्टल से निकाल दिया जाएगा। इसके तीन घंटे बाद खबर आई कि छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यहां इस फोन करने वाले शिक्षक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए कि उसने ऐसा संवेदनहीन व्यवहार क्यों किया। क्या नंबर कम आने के लिये छात्र को हॉस्टल से निकाल देना समस्या का समाधान है? यह दबाव अभिभावकों पर बना तो छात्र तनाव में आ गया। क्या उन कारणों की पड़ताल नहीं की जानी चाहिए थी जिसकी वजह से छात्र के नंबर कम आए? नये दौर में संक्रमणकाल से गुजर रहे छात्रों को समझने में क्या शिक्षक जिम्मेदार भूमिका निभा रहे हैं? वहीं दूसरी ओर कोचिंग बाजार का गढ़ बन चुके कोटा में छात्रों की आत्महत्या का सिलसिला थम नहीं रहा है। कोटा से फिर एक संभावना के अस्त होने की खबर आ रही है। वहां से बुरी खबर आई कि सोमवार को जेईई व नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 साल की निहारिका ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले लिखे पत्र में उसने लिखा- 'मम्मी-पापा, मैं जेईई नहीं कर सकती, इसलिए सुसाइड कर रही हूं। आई एम लूजर, यही लास्ट ऑप्शन है।' जाहिर है बच्ची इतनी भयाक्रांत थी कि परीक्षा से पहले ही आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। जाहिर है इस फैसले में परिवार की उम्मीदों का बोझ ही शामिल होगा, जिसके चलते परीक्षा की विफलता को उसने जीवन का अंत मान लिया। आखिर क्यों मां-बाप बच्चों के साथ ऐसा सहज संवाद नहीं बना पाते कि इस आत्मघाती फैसले से पहले वह किसी तरह का विमर्श उनके साथ कर सके? क्यों हम बच्चों के सामने ऐसे हालात पैदा कर देते हैं कि उन्हें लगता है कि परीक्षा में उत्तीर्ण न हुए तो जीवन ही खत्म हो जाएगा? प्रश्न यह भी है कि उम्मीदों का कब्रगाह बनते कोटा भेजने से पहले क्या अभिभावकों ने सोचा है कि क्या जेईई में निकलना निहारिका का पैशन भी है? हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है। ईश्वर उसे किसी निश्चित लक्ष्य के लिये रचता है। दुर्भाग्य से मां-बाप उसकी रुचि व रुझान को नहीं समझ पाते। अपनी इच्छाएं थोपकर उसे कैरियर की दिशा निर्धारित करने के लिये कह देते हैं। यहीं से उसके जीवन में द्वंद्व शुरू होते हैं। जो पाठ्यक्रम छात्र-छात्राओं के मन का होता है उसमें वे जीवन में आशातीत सफलता प्राप्त करते हैं, विशिष्टता हासिल करते हैं। दुर्भाग्य से हम 21वीं सदी के बच्चों को 19वीं सदी के हंटर से हांक रहे हैं। उनके अहसासों व उम्मीदों का खात्मा कर रहे हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा के छद्म प्रदर्शन के लिए कि हमारा बेटा डॉक्टर व इंजीनियर है, बच्चों के अरमानों का गला घोंट रहे हैं। दरअसल, शिक्षक व अभिभावकों से संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जानी चाहिए।

# दिल्ली की 'सुनहरी' पर बवाल क्यों?

**नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुनहरी मस्जिद को हटाना चाहती है। एनडीएमसी के चीफ आर्किटेक्ट ने हाल ही में दिए एक विज्ञापन में जनता से इस मस्जिद को हटाने के संबंध में अपने सुझाव और आपत्तियां मांगी थी। जैसे ही ये विज्ञापन आया मानो कोई भूचाल आ गया हो। राजनेताओं से लेकर मौलानाओं ने इस मस्जिद को हटाने का विरोध किया। इसके विरोध में दिल्ली उच्च न्यायालय में दो याचिका भी दायर हुईं। एक याचिका में तो इसे दिल्ली वक्फ बोर्ड की जमीन पर बने होने का दावा भी किया है, जबकि एनडीएमसी ने हलफनामा देकर कहा है कि ये एनडीएमसी की जमीन है। सोशल मीडिया पर भी इसका हर तरह से विरोध किया जा रहा है। हैरत की बात है कि हर कोई जानता है कि इस मस्जिद की वजह से अकसर वहां ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है और जुमे के दिन यहां नमाजियों की अच्छी खासी भीड़ रहती है। लेकिन इसे एक सांप्रदायिक मुद्दा बनाया जा रहा है और यह आरोप लगाया जा रहा है कि ये सब किसी एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए किया जा रहा है। जबकि सच तो यह है की पिछले पांच साल में इसी वर्तमान सरकार ने विकास कार्यों के लिए अनगिनत मंदिरों को तोड़ कर सड़कें चौड़ी करवाईं और निर्माण कार्य करवाए जिससे ट्रैफिक की समस्या में लाभ भी हुआ। लेकिन ये सब न इतनी प्रमुखता से मीडिया में आता और न ही यह सब कभी विस्तृत चर्चा का विषय बनता है । शायद मंदिरों को तोड़ कर ट्रैफिक की समस्या का हल निकालने को सकारात्मक रूप से देखा जाता है।**

भारत में विकास के कार्यों में कानूनी पेचीदगियां, धार्मिक एवं राजनीतिक हस्तक्षेप कोई नई बात नहीं है। वैसे भी विपक्ष और कुछ वर्ग विशेष के नुमाइंदों ने सरकार के प्रत्येक विकास के कार्य को सांप्रदायिक और सियासी मुद्दा बनाने की कुत्सित मानसिकता बना ली है। हाल ही में हमने नये संसद भवन के उद्घाटन, पवित्र सेंगोल और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जैसे प्रकरणों में कई कुतर्कों और दुर्भावनाओं के विष वमन को झेला है। यही संकीर्ण मानसिक प्रवृत्ति अन्य छोटे-बड़े विकास कार्यों को भी सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करती रहती है। दिल्ली में एक सुनहरी मस्जिद है। यह लुटियन जोन में सड़क के बीचों-बीच गोल चक्कर में स्थित है। कभी इस गोल चक्कर को 'हकीम जी का बाग' भी कहा जाता था। इस छोटे से बाग में सुनहरी मस्जिद खड़ी है। इसके चारों तरफ दिन-रात ट्रैफिक चलता है। नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुनहरी मस्जिद को हटाना चाहती है। एनडीएमसी के चीफ आर्किटेक्ट ने हाल ही में दिए एक विज्ञापन में जनता से इस मस्जिद को हटाने के संबंध में अपने सुझाव और आपत्तियां मांगी थी। जैसे ही ये विज्ञापन आया मानो कोई भूचाल आ गया हो। राजनेताओं से लेकर मौलानाओं ने इस मस्जिद को हटाने का विरोध किया। इसके विरोध में दिल्ली उच्च न्यायालय में दो याचिका भी दायर हुईं। एक याचिका में तो इसे दिल्ली वक्फ बोर्ड की जमीन पर बने होने का दावा भी किया है, जबकि एनडीएमसी ने हलफनामा देकर कहा है कि ये एनडीएमसी की जमीन है। सोशल मीडिया पर भी इसका हर तरह से विरोध किया जा रहा है। हैरत की बात है कि हर कोई जानता है कि इस मस्जिद की वजह से अकसर वहां ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है और जुमे के दिन यहां नमाजियों की अच्छी खासी भीड़ रहती है। लेकिन इसे एक सांप्रदायिक मुद्दा बनाया जा रहा है और यह आरोप लगाया जा रहा है कि ये सब किसी एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए किया जा रहा है। जबकि सच तो यह है की पिछले पांच साल में इसी वर्तमान सरकार ने विकास कार्यों के लिए अनगिनत मंदिरों को तोड़ कर सड़कें चौड़ी करवाईं और निर्माण कार्य करवाए जिससे ट्रैफिक की समस्या में लाभ भी हुआ। लेकिन ये सब न इतनी प्रमुखता से मीडिया में आता और न ही यह सब कभी विस्तृत चर्चा का विषय बनता है । शायद मंदिरों को तोड़ कर ट्रैफिक की समस्या का हल निकालने को सकारात्मक रूप से देखा जाता है और जबकि यह बात दूसरी ओर लागू नहीं होती। इस मस्जिद को दिल्ली सरकार की 2009 की अधिसूचना के अनुसार ग्रेड-ऋऋविरासत भवन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आपको यह जान कर अचरज होगा की 2009 की अधिसूचना के तहत, विरासत संरक्षण समिति की सलाह पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ने 141 विरासत स्थलों को शामिल किया था। अचरज वाली बात यह है कि 141 स्थलों में से 51 मस्जिदें और मकबरे हैं और केवल दो मंदिर हैं, जिन्हें विरासत स्थलों में शामिल किया है। अगर आप दिल्ली एकीकृत भवन निर्माण उपविधि 2016, के अनुलग्नक - द्यद्य में क्लॉज 1.5 को पढ़ें तो साफ समझ आता है की इन स्थलों को विरासत स्थलों की सूची में सुझाव देने से लेकर स्थान देने तक का जिम्मा सरकार का है। इस सूची को तैयार करके जून 2005 में सार्वजनिक किया गया था, जब यहां कांग्रेस की तथाकथित पंथनिरपेक्ष सरकार थी। उसके बाद अक्टूबर 2009 में ये सब स्थल इस सूची में शामिल किए गए। अब प्रश्न यह है की 2009 में जब ये सूची तैयार की गई तब केवल एक समुदाय के स्थलों के प्रति इतना झुकाव क्यों? माना दिल्ली में 12वीं शताब्दी से मुसलमान शासकों का राज रहा है। पहले दिल्ली सल्तनत और फिर उसके बाद मुगल परंतु दिल्ली का इतिहास इससे भी पुराना है। दिल्ली पांडवों, मौर्यों, तोमरों और चौहानों के अधीन रही है। क्या इसकी सांस्कृतिक विरासत में केवल मस्जिद और मकबरे ही आते हैं? और न के बराबर मंदिर? क्या इसके अलावा इसका कोई इतिहास नहीं ? या उसको खोजने से या इन सूचियों में स्थान देने से आप ये न भूल जाएं कि दिल्ली के इतिहास का अर्थ है केवल मुसलमान शासकों का शासन। दिल्ली का नाम सुनते ही आपके दिमाग में जो छवि बनती है वो यही तो बनती है। इसका कारण यह है हमें इतिहास में पढ़ाया ही यही गया है। इसे मनोविज्ञान में इंडॉक्ट्रिनेशन (द्वद्धदधदप्न्द्वद्धथप्द्धधद्व) कहा जाता है जब किसी व्यक्ति के दृष्टिकोण को बहुत ही सूक्ष्म तरीके से बदला जाता है। रोमिला थापर जैसे इतिहासकार इसी इंडॉक्ट्रिनेशन के सहारे भारत के लोगों के दिमाग को भरमाते है। हम लोग बिना इस बात का विश्लेषण किए कि हमें ऐसा इतिहास या कहानी क्यूं सुनाई जा रही हैं , इसी को सच मान लेते है। ये भूल जाते हैं कि इस कहानी के पीछे की क्या राजनीति है। इन्हीं कहानियों ने देश के युवा को भरमाया है । उसे अपनी संस्कृति और धर्म से दूर किया है। यह सर्वविदित है कि पूर्व की तथाकथित पंथनिरपेक्ष सरकारों ने एक विशेष वर्ग के वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए , कई कानूनी दांव-पेंच खेले हैं और यह उनके कई कार्यों में दिखाई देता है, जैसे कि सांस्कृतिक विरासत की सूची, कम्युनल वायलेंस बिल, वक्फ बोर्ड को दिये कई अधिकार इत्यादि। जिस तरह से एनडीएमसी द्वारा सुझावों को आमंत्रित किया गया है, वो भी एक विडंबना है। क्या एनडीएमसी के पास ऐसे संसाधन हैं, जिनसे वो एक निश्चित समय में बहुत ही बारीकी से सुझावों, उनकी गुणवत्ता और स्त्रोतों की विश्वसनीयता को सत्यापित कर सके? इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में नकली ई-मेल और ट्विटर अकाउंट बनाना क्या इतना मुश्किल है? यह भी सत्य है कि 80-90 फीसदी मामले बातचीत और आपसी सहमति से सुलझाने की कोशिश होती है और कई कोशिशें नाकामयाब हो जाती हैं। वर्ष 2015 में जयपुर में कुल 13 प्राचीन मंदिरों को मेट्रो रेल परियोजना के लिए तोड़ा गया था। इसमें रोजगारेश्वर महादेव और कष्ट हरण महादेव जैसे प्राचीन मंदिर भी थे। ये निर्णय मंदिर समिति की सहमति से लिए गए थे और वैकल्पिक व्यवस्था की भी बात हुई थी। गुजरात में भी बस रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (बीआरटीएस) के निर्माण के दौरान कई मंदिरों को तोड़ा या विस्थापित किया गया। ऐसे ही कोलकाता में हवाईअड्डे के विस्तार के समय में एक मस्जिद, जिसकी ऊंचाई 25 मीटर थी उसे हटाने के लिए हवाईअड्डा प्राधिकरण 1986 से प्रयासरत था। मस्जिद दूसरे रन-वे के उत्तरी छोर से 200 मीटर की दूरी पर थी। अंत में जब मस्जिद समिति नहीं मानी तो कई गुना लागत के साथ हवाईपट्टी को दूसरे छोर से विस्तृत किया गया। इन अड़चनों को वजह से इस हवाईअड्डे के विस्तार का काम 2013 में पूरा हो पाया। इसके विपरीत अगर गुजरात के बीआरटीएस परियोजना की बात करें तो उस समय के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक इच्छाशक्ति से ही ये परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हो पाई। एक पुराने साक्षात्कार में एम. रामचन्द्रन (जो उस समय नगर विकास मंत्रालय में सचिव थे) कहा था कि नगर आयुक्त को केवल मुख्यमंत्री के कार्यालय में सूची भेजनी होती थी और बाकी का काम हो जाता था। सुनहरी मस्जिद संसद के पास एक अत्यंत संवेदनशील स्थान पर है जहां बार बार ट्रैफिक जाम लगना सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत भयावह है। भारत की सरकार को भी ये समझना होगा कि बातचीत और सुझावों का अपना महत्व है, अपितु राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर इस तरह से निर्णय लेना सरकार की कमजोरी को ही उजागर करता है। विकास के कार्यों में यदि ऐसी बाधाएं आती हैं तो उनका निराकरण प्रशासनिक सख्ती से करना ही उचित है। पूर्व की सरकारों द्वारा पोषित संकीर्ण स्वार्थों और स्तरहीन कुतर्कों को कुचल कर ही स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखी जा सकती है। सरकार से देशहित में कड़ी रवैया अपेक्षित है। उम्मीद है कि वर्तमान सरकार आम नागरिकों की विकास संबंधी अपेक्षाओं पर एक निर्णायक कदम उचित समयावधि में लेगी ताकि ये या ऐसी कोई और समस्या भविष्य में गतिरोध उत्पन्न न कर सके। **-अदिति सिंह**

# नीतीश के फैसले से जद (यू) का भविष्य अंधकारमय

**कल्याणी शंकर**

रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन को छोड़कर एनडीए में वापसी का बम फोड़ दिया। उन्होंने इंडिया विपक्षी गठबंधन भी छोड़ दिया, जिसे उन्होंने आठ महीने पहले बनाने की पहल की थी। इससे इंडिया गठबंधन को एक बड़ा महत्वपूर्ण झटका लगा है। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक ने भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव में हराने का एक मौका गंवा दिया लगता है। यह तलाशने लायक है कि बिहार की राजनीति राष्ट्रीय परिदृश्य को कैसे प्रभावित कर सकती है। कुमार के एन.डी.ए. में लौटने के निर्णय से भाजपा को राजनीतिक लाभ हो सकता है और इससे बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस कमजोर भी हो सकती है। यह अंततरू राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट को प्रभावित कर सकता है। यह भाजपा-जद(यू) साझेदारी भाजपा की चुनावी संभावनाओं में सुधार कर सकती है जिससे आगामी 2024 के आम चुनावों में भाजपा और एनडीए को अधिक सीटें मिल सकती हैं और मोदी को जीत की हैट्रिक हासिल करने में भी मदद मिल सकती है। भाजपा ने स्पष्ट रूप से विपक्षी गठबंधन को तोड़ने और जद(यू) गठबंधन के साथ साझेदारी करने की कोशिश की है। पार्टी बिहार में नीतीश कुमार को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखती है और मानती है कि उनकी साझेदारी 2024 के चुनावों में जीत हासिल करा सकती है। मौजूदा विधानसभा में कुमार के पास केवल 45 सीटें हैं, जबकि राजद और भाजपा के पास क्रमशरू 79 और 78 सीटें हैं। इसके बावजूद नीतीश मुख्यमंत्री बने रहने में कामयाब रहे। क्या नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन छोड़ने में कांग्रेस पार्टी का हाथ था? इस झटके के पीछे की वजह नीतीश को किनारे करने और कांग्रेस को आगे बढ़ाने का फैसला था। कुमार ने कांग्रेस पार्टी पर इंडिया गठबंधन के असफल होने के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया और तर्क दिया कि संवादहीनता की स्थिति के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के प्रवक्ता के सी त्यागी ने कांग्रेस पार्टी पर विपक्षी गुट पर हावी होने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। 13 जनवरी को मुंबई में सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी ने नीतीश कुमार को ब्लॉक के संयोजक के रूप में प्रस्तावित किया। इस सुझाव का उपस्थित अधिकांश अन्य नेताओं ने समर्थन किया। हालांकि, राहुल गांधी ने अपनी असहमति जताई। बाद में ममता बनर्जी ने गठबंधन प्रमुख के रूप में कांग्रेस प्रमुख खड़गे का नाम प्रस्तावित किया, त्यागी का दावा है कि यह एक व्यापक साजिश का हिस्सा था। त्यागी ने कहा कि नीतीश कुमार ने एक गठबंधन बनाया जो सभी गैर-कांग्रेसी दलों को एकजुट करता है। हालांकि, अब यह विघटित हो रहा है। पंजाब और बिहार में स्थिति खराब होने की कगार पर है और पश्चिम बंगाल में भी इंडिया गुट टूट रहा है। नीतीश कुमार ने पुष्टि की कि उन्होंने इंडिया गठबंधन छोड़ दिया है क्योंकि यह गठबंधन उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। उन्हें लगा कि गठबंधन के लक्ष्यों की दिशा में काम करने वाले वे एकमात्र व्यक्ति हैं। हालांकि इस साझेदारी ने सभी गैर-कांग्रेसी दलों को एक साथ ला दिया, लेकिन गठबंधन बिहार में बिखर गया और पंजाब और बंगाल में लगभग ध्वस्त हो गया। एक अनकही कहानी भी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लक्ष्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक विपक्षी गठबंधन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस योजना का मकसद लालू यादव के बेटे के लिए बिहार का मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ करना था। हालांकि, यह योजना तब विफल हो गई जब मल्लिकार्जुन खड़गे को नये गठबंधन के नेता के रूप में चुना गया। नतीजतन, नीतीश कुमार ने बेहतर भविष्य के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला किया। नतीजों की परवाह किये बिना सत्ता पर काबिज रहने की उनकी अटूट इच्छा के कारण कुमार की विश्वसनीयता धूमिल हो गई है। उन्होंने हमेशा अपने फायदे के लिए कई बार राजनीतिक निष्ठाएं बदली हैं और वर्तमान में उनके पास बिहार में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री का खिताब है। नीतीश का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि 2013 में दूसरे विकल्प तलाशने के बाद नीतीश कुमार ने भाजपा छोड़ दी और राजद तथा कांग्रेस से गठबंधन किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के साथ गठबंधन किया, और 2020 में फिर मुख्यमंत्री बने। हालांकि, दो साल बाद कुमार ने भाजपा छोड़ दी और राजद के साथ मिलकर नई सरकार बनाई। अब उन्होंने राजद का साथ भी छोड़ दिया है, इसीलिए उन्हें पलटू राम भी कहा जा रहा है।

## सेहत मंत्र

# एग्रोफोबिया है युवाओं में डिप्रेशन का सबसे बड़ा कारण

इस बात को तो आप भी सच मानते होंगे कि डिप्रेशन युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन बन रहा है। अगर आपके आसपास 5 से 6 लोग रहते हैं तो यकीनन उनमें से 1 व्यक्ति जरूर डिप्रेशन का शिकार होगा। यह बात अलग है कि हमें डिप्रेशन के लक्षण समझ नहीं आते हैं या कई बार हम इसे डिप्रेशन मानने से ही इंकार कर देते हैं। डिप्रेशन कहीं न कहीं फोबिया से संबंध रखता है। अगर किसी इंसान को किसी चीज के पास जाने में या किसी चीज को खोने में डर लगता है तो वह उसकी कमजोरी बनेगा और धीरे धीरे यही डिप्रेशन यानि कि तनाव का रूप ले लेता है। आज हम आपको बता रहे हैं कि एग्रोफोबिया किस तरह से युवाओं के लिए खतरनाक है। एग्रोफोबिया विचित्र प्रकार का डर होता है। इसमें व्यक्ति को बिना किसी कारण के ही डर लगता रहता है। यह डर किसी चीज, व्यक्ति, जानवर या परिस्थिति से जुड़ा हुआ न होकर खुद के प्रति ही होता है। एग्रोफोबिया के होने पर किसी खुली सार्वजनिक जगह जैसे बाजार या गली में अकेले जा पाना मुश्किल हो जाता है। बाहर निकलते ही अजीब सी बेचैनी और घुटन होने लगती है। फोबिया एक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति में किसी खास वस्तु, कार्य एवं परिस्थिति के प्रति डर उत्पन्न हो जाता है। इसमें वह उन चीजों या स्थिति से बचने की कोशिश करता है। फोबिया में व्यक्ति अपने डर की सोच भी डरने लगता है कि उसकी मानसिक व शारीरिक क्षमताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसमें डर वास्तविक या काल्पनिक दोनों तरह का हो सकता है। ब्रिटिश वैज्ञानिकों शोध टीम का नेतृत्व करने वाले डीन मोब्स के अनुसार, किसी चीज, लोग, जानवर और परिस्थितियों से बिना किसी बात का डर और लगातार होता डर ही फोबिया कहलाता है। आमतौर पर फोबिया में व्यक्ति को बंद स्थानों, ऊचाई, हाईवे ड्राइविंग, सुरंग या पुल उड़ते हुए पक्षियों-कीड़े मकोड़ों, सांप, तूफान, पानी, अंधेरे, खून बहने या चोट लगने का डर या इंजेक्शन अथवा किसी भी अन्य चीज से डर लगता है। अधिकतर फोबिया बचपन में होता है लेकिन यह वयस्कों को भी हो सकता है। आमतौर पर फोबिया से पीड़ित लोग अपने डर से दूर ही रहते हैं, लेकिन अनजाने में अपने अगर डर को सामने देखकर उन्हें फोबिया का दौरा पड़ता है। ऐसे में उनमें तनाव, बेचैनी, पसीने आना, परिस्थिति या लोगों से दूर भागना, सिर में भारीपन, कानों में अलग-अलग आवाजें सुनाई देना, दिल की धड़कन बढ़ जाना, सांस तेज होना, डायरिया, चक्कर आना, शरीर में कहीं भी दर्द को महसूस करना, पेट खराब हो जाना, ब्लड प्रेशर बढ़ना या कम हो जाना जैसी दिक्कतें दिखाई देती हैं।

## धर्म मंत्र

# सबकुछ दिलाता है 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजन

महालक्ष्मी के पूजन का यह सोलह दिवसीय अनुष्ठान भाद्रपद शुक्ला अष्टमी से प्रारम्भ होकर आश्विन कृष्णा अष्टमी को पूर्ण होता है। धनधान्य की देवी महालक्ष्मी को प्रसन्न करने हेतु सोलह दिन तक लगातार व्रत और उनकी पूजा तो की ही जाती है सोलह धागों से बना हुआ सोलह गांठयुक्त एक धागा भी हाथ में बांधा जाता है। अंतिम दिन पूजा करते समय इस धागे को उतार कर किसी सरोवर अथवा नदी में विसर्जित कर दिया जाता है। अनुष्ठान के एक दिन पूर्व सूत के सोलह धागों का एक डोरा बनाकर उसमें सोलह गांठें लगाई जाती हैं। फिर उसे हल्दी में रंग कर सुखा लेते हैं। व्रत और पूजा करने वाली स्त्रियां प्रतिदिन प्रातः काल किसी नदी या सरोवर में स्नान करके सूर्य को अर्घ्य देती हैं। सुहागिन स्त्रियां चालीस अंजलि और विधवा सोलह अंजलि अर्घ्य देती हैं। इसके बाद घर आकर एक चौकी पर डोरा रखकर लक्ष्मीजी का आह्वान करती हैं और डोरे का पूजन करती हैं। फिर सोलह बोल की यह कहानी कहती हैं? 'आमोती?दमोती रानी, पोला?परपाटन गांव, मगरसेन राजा, बंभन बरूआ, कहे कहानी, सुनो हे महालक्ष्मी देवी रानी, हम कहते तुमसे, सुनते सोलह बोल की कहानी।' इसी प्रकार आश्विन कृष्णा अष्टमी तक सोलह दिन व्रत और पूजा की जाती है। आश्विन कृष्णा अष्टमी अर्थात क्वार के प्रथम पक्ष की आठे को एक मंडप बनाकर उसमें लक्ष्मी जी की मूर्ति, डोरा और एक मिट्टी का हाथी रखकर पूजा की जाती है और फिर सोलह बार उपरोक्त कहानी कहकर अक्षत छोड़ती हैं। पूजा के लिए सोलह प्रकार के पकवान बनाये जाते हैं और पूरे धूमधाम से पूजा की जाती है। सोलह ब्राह्मणियों को भोजन कराकर पूजा की सभी वस्तुएं उन्हें दे दी जाती हैं और डोरे को सिरा दिया जाता है।

## पर्यटन



# वारसा में शहर की सड़कों से लेकर इमारतें तक समेटे हुए हैं रोचक इतिहास

शाम का समय था और तापमान शरीर को जमा देने वाली बिंदु तक पहुंच चुकी थी। हम में से किसी को हिम्मत नहीं हो रही थी कि वैन से निकलकर सिटी सेंटर के टॉवर बिल्डिंग में स्थित पैलेस ऑफ कल्चर एंड साइंस की सैर करें। फिर हमारे टूर गाइड ने कहा कि इसकी सैर नहीं करना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा और साथ ही इसे अंतिम पड़ाव भी बताया। लेकिन यह उसकी चाल थी, क्योंकि इसके बाद भी यही बात दोहराते हुए उसने दो और स्थलों का दौरा करवाया। हम पौलैंड की राजधानी वारसा में थे, जहां का तापमान जमाव बिंदु से दो डिग्री नीचे था। हम सभी ने भारत से उसी दिन उड़ान भरी थी और इतने कम तापमान की उम्मीद नहीं की थी। हमारे गर्म कपड़े और जैकेट भी इतनी कड़कड़ाती ठंड में नाकाफी साबित हो रहे थे। इसके बाद हम पोलैंड की सबसे ऊंची इमारत, जिसे स्टालिन पैलेस के नाम से भी जाना जाता है, को देखने का विचार बनाया। टॉवर के निर्माण का कार्य स्टालिन ने शुरू करवाया था और रूस की तरफ से पोलैंड को यह इमारत को तोहफ़े में दी थी। इमारत में सिनेमा, थियेटर, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स क्लब, यूनिवर्सिटी के अलावा और भी काफी कुछ है। लिफ्ट के जरिए छत पर जाकर वारसा शहर के खूबसूरत नजारे को निहारा जा सकता है। द्वितीय विश्र्व युद्ध के दौरान नाजियों द्वारा पूरी तरह तबाह किए जाने के बाद इसे फिर से बसाया गया और आज के दिन यह पोलैंड का सबसे बड़ा शहर है। यहां से पुराने शहर में छोटे पत्थरों से बनी सड़कों पर सैर की जा सकती है और विश्र्वस्तरीय खान-पान और यूरोप के कुछ बेहतरीन बार का आनंद भी लिया जा सकता है। सुबह के साढ़े 9 बजे हम वारसा के ओकेसी एयरपोर्ट पर उतरे। मौसम ठीक था और धूप खिली थी - जो घूमने के लिए उपयुक्त था। जैसे ही हम अपने होटल पोलोनिया पैलेस पहुंचे वहां हमारा गाइड पहले से ही मौजूद था, जो हमें सैर-सपाटे पर ले जाने के लिए तैयार था। हमने जल्दी नाश्ता किया और शहर को देखने निकल पड़े। अचानक एक आसमानी नीले रंग की नायसा वैन हमारे सामने आकर रूकी। पहले हमने सोचा कि यह किसी और के लिए है, लेकिन हमारे गाइड ने हमें वैन में चढ़ने को कहा।

# 20 हजार युवाओं को रोजगार देने की तैयारी

## नियुक्ति पत्र वितरित कर युवाओं को प्रेरित करने को मौजूद रहेंगे सीएम योगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर । युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार की पहल पर नियमित तौर पर आयोजित हो रहे रोजगार मेले बड़े कारगर साबित हो रहे हैं। इन आयोजनों से दोहरा लाभ मिल रहा। एक और इनके जरिए जहां कंपनियों को एक जगह योग्य मानव संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं तो दूसरी ओर बेरोजगार युवाओं को बड़े पैमाने पर नौकरी मिल रही है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) परिसर में 04 फरवरी को मंडल स्तरीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन होने जा रहा है। चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर प्रेरित करने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद उपस्थित रहेंगे।

मिशन रोजगार के अंतर्गत रविवार (04 फरवरी) को गोरखपुर में ''ऑन द स्पॉट जॉब मेगा इवेंट'' का नजारा देखने को मिलेगा। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में स्थानीय से लेकर बहुराष्ट्रीय स्तर तक की कंपनियां युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेंगी। तकनीकी व गैर तकनीकी क्षेत्र में रोजगार का बहार लाने वाले इस मेले में एक ही स्थान पर एक ही दिन लगभग 20 हजार युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। मेले में प्रतिभाग के लिए लगभग 150 कंपनियों के आने की उम्मीद है। मेला परिसर में कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में आयोजित हुए पांच वृहद रोजगार मेलों के जरिये अब तक 32 हजार 923 युवाओं को नौकरी मिल चुकी है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक अन्य अन्य रोजगार मेलों में 07 हजार 176 युवा सेवायोजित हुए हैं।

रविवार पूर्वाह्न से आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले को लेकर जिला प्रशासन, सेवायोजन कार्यालय, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र मिलकर सभी तैयारियां पूरी करने में जुटे हैं। अलग-अलग सेक्टर की कंपनियों को एमएमएमयूटी परिसर में स्टाल लगाने को स्थान का आवंटन किया जा रहा है। पंजीकरण से छूटे अभ्यर्थियों के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन की भी व्यवस्था की जा सकती है। रोजगार मेले में अभी तक कंपनियों की तरफ से दर्शायी गई रिक्तियों के अनुसार कक्षा आठ उतीर्ण से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग डिग्री होल्डर तथा सामान्य हाई स्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक बेरोजगार युवा नौकरी पाने के लिए प्रतिभाग कर सकते हैं।

### रोजगार मेले में अधिक संख्या में युवाओं को लाने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में होने वाले मंडल स्तरीय वृहद रोजगार मेले को लेकर कमिश्नर अनिल ढींगरा ने गुरुवार को गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया व कुशीनगर के जिलाधिकारियों व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गोरखपुर के डीएम कृष्णा करुणेश, सीडीओ संजय मीना व अन्य अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे जबकि अन्य जिलों के डीएम व अन्य अफसर वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े। इस दौरान कमिश्नर ने डीएम व अन्य अफसरों को रोजगार मेले में अधिकाधिक युवाओं को लाया जाए। इसमें आने वाले युवाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिये रोजगार मेले में हर जिले से एक-एक नोडल अधिकारी भी तैनात करें। कमिश्नर ने बताया कि वृहद रोजगार मेले मे टाटा, हनीबेल, डिक्स सहित कई कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

## बुलडोजर से तोड़ी दरगाह की दीवार, शिया समाज के लोगों का हंगामा

मेरठ। भावनपुर थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव में नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार को तालाब को कब्जामुक्त करने के लिए दरगाह की दीवार तोड़ डाली। इससे आक्रोशित हुए शिया समाज के लोगों ने जमकर हंगामा किया। नगर निगम और पुलिस के अधिकारियों ने पहुंच कर लोगों को शांत किया।अब्दुल्लापुर गांव में गुरुवार को नगर निगम की प्रवर्तन दल की टीम ने तालाब को कब्जामुक्त करने के लिए अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रवर्तन टीम ने बुलडोजर से इमाम हुसैन की दरगाह की दीवार तोड़ दी। इसकी जानकारी मिलते ही शिया समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए लोगों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने प्रवर्तन टीम को दौड़ा लिया और टीम के साथ धक्कामुक्की की। टीम के साथ गई पुलिस टीम ने लोगों को शांत किया। मामले की जानकारी मिलने पर अपर नगर आयुक्त ममता मालवीय एवं सहायक नगर आयुक्त शरद पाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए लोगों को समझाने का प्रयास किया।लोगों ने आरोप लगाया कि दरगाह के आसपास हजारों वर्ग मीटर जमीन पर लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिसे नगर निगम हटाने को तैयार नहीं है। नगर निगम के अधिकारियों और ठेकेदार की सांठगांठ से तालाब मानक के विपरीत 15 फीट गहरा खोदकर खनन शुरू कर दिया गया था। इतना ही नहीं मिट्टी खनन माफिया को बेच दी गई। लोगों ने इसकी शिकायत जब जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से की तो मिट्टी खरीदकर तालाब का भराव शुरू किया गया है।

# आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा, चुनाव व्यवस्था साफ सुथरी और पारदर्शी बनाने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्रशिक्षण है, प्रशिक्षण की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव व्यवस्था को बेहद साफ़ सुथरा और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को स्वयं अच्छा कार्य करने की प्रेरणा अपने अंदर से आनी चाहिए। चुनाव की व्यवस्था में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

ज़िलाधिकारी गुरुवार को लोक सभागार में इस आगामी चुनाव की तैयारियों के सम्बंध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुथान अब्दुल्ला, अपर ज़िलाधिकारी अरुण कुमार सिंह,एएसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बर्नवाल सहित समस्त सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ज़िलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम से सम्बंधित पूरा मैनुअल सम्बंधित सभी अधिकारी और कर्मचारी जरूर पढ़ लें, बल्कि इसे कंठस्थ कर लें। इससे जुड़ी हर बात जो मैनुअल में लिखी है और चुनाव आयोग के दिशानिर्देश प्राप्त हुए हैं, उन्हें अक्षरशः लागू किया जाना होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम मैनेजमेंट त्रुटिरहित होना चाहिए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की गलती अक्षम्य होगी।

ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि चुनाव से सम्बंधित स्वीप की गतिविधियों की रफ़्तार को तत्काल बढाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कॉलेजों से लेकर विद्यालयों तक में हर सप्ताह के कार्यक्रमों को लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद की स्वयं सेवी संस्थाओं, नागरिक संगठनों को भी पूर्व की भाँति सक्रिय किया जाए। स्वीप का लोगो और टोन आदि का शीघ्र ही लोकार्पण कराया जाए, उन्होंने स्वीप का प्रभारी अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी को बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन बूथों पर पिछले चुनाव में तीस प्रतिशत के आस पास वोट पड़े हैं, उन क्षेत्रों में मताधिकार के प्रयोग के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए और स्थानीय स्तर पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जाएं।

ज़िलाधिकारी ने महिला मतदाता जागरूकता के प्रति अधिक संवेदनशील होकर कार्य करने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि दिव्यांग जन को वोटिंग कराने की व्यवस्थाओं को पुख़्ता रखें, जितनी भी व्हीलचेयर आदि चाहिए हों, अभी से व्यवस्था करना शुरू कर दी जाएं। ग्राम पंचायत स्तर पर व्हील चेयर आदि की व्यवस्था रखी जाए।

ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि इस चुनाव में जब्त किए जाने वाली वस्तुओं का विवरण चुनाव आयोग के एक एप पर फीड करना होगा, यह व्यवस्था पहली बार लागू हो रही है। उन्होंने बताया कि ज़ब्ती की सारी कार्रवाई अबकी बार ऑनलाइन कर दी गई है। ज़िलाधिकारी ने यह भी कहा का चुनाव वाहन से किसी सड़क या स्थान पर जाम आदि की समस्या न होने पाए, इसके लिए भी चौकस इंतज़ाम होने चाहिए।चुनाव के दौरान पार्किंग की व्यवस्था प्राथमिकता की सूची में सबसे ऊपर रखें, पार्किंग की व्यवस्था हर उपयुक्त स्थान पर किया जाना आवश्यक है, इसे हर स्तर पक सुनिश्चित किया जाना होगा।

# जनकल्याण किसान एसोसिएशन आज देगा 11 सूत्रीय ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जनकल्याण किसान एसोसिएशन द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय को सम्बोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन शुक्रवार को जिलाधिकारी को दिया जाएगा।उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि संगठन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव के नेतृत्व में दिये जाने वाले ज्ञापन में पर्यावरण सुरक्षा को दृष्टिगत रकते हुए प्रतिबंधित हरे पेड़ो खास तौर पर आम व महुआ प्रजाति के कटान हेतु परमिट पर अबिलम्ब बिराम लगाना ,ग्रामीण अंचल की सड़कों पर सड़क क्षमता से अधिक लोड वाहन जैसे-मिट्टी भरे डम्परों का चलना बिल्कुल प्रतिबंधित करना,पुलिस की ड्यूटी आठ घंटे की जाए,होमगार्ड व पी आर डी जवानों का नियमतीकरण किया जाए,सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए।प्रत्येक जिला स्तर पर सर्व सुविधा युक्त ट्रामा सेंटर एवं कैंसर हॉस्पिटल की स्थापना की जाए,अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए,पत्रकारों के सम्मान सुरक्षा को दृष्टिगत हुए सख्त व ठोस कानून बनाया जाए तथा सूचना विभाग में पंजीकृत पत्रकारों को सरकार द्वारा उचित मानदेय दिया जाए,प्रत्येक तहसील स्तर पर मीडिया हाउस का निर्माण कराया जाए एवं पत्रकारों के लिए रेल व बस का किराया माफ किया जाए,आयुष्मान योजना से वंचित 05 (पांच) यूनिट के नीचे वाले सभी परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं,स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा बहुओं का मानदेय बढ़ाकर कम से कम रूपये 15 हजार प्रतिमाह किया जाए आदि मांगे सम्मिलित है।

# एकल गायन प्रतियोगिता में श्रद्धा श्रीवास्तव ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



फतेहपुर बाराबंकी। फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महमूदाबाद में प्राचार्य डॉक्टर सीमा सिंह की अध्यक्षता में डॉक्टर जेबा खान सांस्कृतिक प्रभारी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धा श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, विमल राजवंशी एवं अमीर हमज़ा ने द्वितीय स्थान तथा शैला खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गायन के निर्णायक डॉक्टर मुंतज़िर कायमी एवं डॉक्टर वंदना मिश्रा रहे। इसके बाद घाट सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सोफिया एवं साजिया परवीन ने प्रथम स्थान आंचल वर्मा एवं शीतल वर्मा ने द्वितीय स्थान तथा शिखा मौर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वैभव श्रीवास्तव तथा विमल भार्गव को सांत्वना में स्थान दिया गया। इसके निर्णायक प्रोफ़ेसर ज्योति शाह एवं डॉक्टर दीप शिखा कार्तिक रही। डॉक्टर प्रार्थना सिंह एवं डॉक्टर सना परवीन अंसारी द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रिशु वर्मा ने प्रथम स्थान, शाजिया ने द्वितीय स्थान एवं शमशेर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रोफ़ेसर ज्योति शाह एवं डॉक्टर मुंतज़िर कायमी रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.सीमा सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है ।इस अवसर पर डॉक्टर मनोज कुमार ,डॉ.आरपी सिंह सहित अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

## खेल मैदान पर अवैध निर्माण पर चलवाया गया बुलडोजर



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील नवाबगंज के समुंदरपुर मजरे उरगदिया मे गाटा संख्या 255/0.152 हेक्टेयर खेल मैदान पर एसडीएम नवाबगंज बिजय कुमार त्रिवेदी के निर्देशन मे गठित राजस्व टीम ने अवैध निर्माण पर बुलडोजर कार्यवाई की है जिससे उक्त भूमि कब्जा मुक्त हुई।

## खंड शिक्षा अधिकारी के उद्बोधन के साथ सम्पन्न हुई कार्यशाला




बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवा शिक्षा क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र सिपहिया में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चार दिवसीय बुनियादी भाषा एवं गणित विषय पर आधारित प्रशिक्षण का समापन खंड शिक्षा अधिकारी महोदय राम नारायण द्वारा किया गया। अपने उद्बोबोधन खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी को कार्य योजना बनाकर अपने विद्यालय को मार्च तक निपुण बनाने का लक्ष्य पूरा करना है इसके लिए सभी शिक्षकों को एक नई ऊर्ज़ा के साथ अपने-अपने विद्यालयों में कार्य करने की जरूरत है।

खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में जाकर बताई गई विधाओं से बच्चों को पढ़ायें और अपने विद्यालयों को सत्र 2023-2024 में लाभान्वित कर निपुण बनाए।इस अवसर पर प्रशिक्षण दे रहे शिक्षक में एआर पी मनोज श्रीवास्तव, कमलेश कुमार वर्मा, जितेंद्र बहादुर,अनूप त्रिपाठी एवं अध्यापक विजय प्रताप सिंह, मंजू वर्मा, कविता वर्मा, नमिता, सीमा सावलानी,नीतू,अनुज कुमार, राजेश दूबे, विनीता सिंह,पूनम सिंह,आदि शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन

## बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा महिलाएं किसी से काम नहीं



सूरतगंज बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाबा पुरवा के ठाकुर जी संस्थान श्रीराम जानकी मंदिर के प्रांगण में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में 400 नन्ही कलियों के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया यह कार्यक्रम नंदी फाउंडेशन के नन्ही कली प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को एक बेहतर मंच प्रदान करना था जहां बालिकाएं आत्मविश्वास के साथ अपने मन की बात कह सके एवं चहुँमुखी विकास कर सकें तथा विशेष अतिथियों द्वारा दिए गए आशीर्वाद स्वरुप अनमोल वचनों से प्रेरित हो सके, इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ब्लॉक सूरतगंज, संकुल शिक्षक /प्रधानाध्यापक राजेश शिवम कंपोजिट विद्यालय दौलतपुर, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती लकी सिंह, पुलिस विभाग से उप निरीक्षक अवधेश सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान बरैय्या रामानंद वर्मा, मंडल स्तरीय बाल संरक्षण तकनीकी सलाहकार यूनिसेफ से अनिल कुमार यादव, नन्ही कली परियोजना की प्रोग्राम ऑफिसर सितारा सिद्दीकी एवं उनकी टीम आदि उपस्थित रही।

## धनुषयज्ञ के साथ लक्ष्मण परशुराम संवाद ने मोहा मन

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क़स्बा बड़ागांव में चल रही रामलीला (धनुषयज्ञ) के चौथे दिन सीता स्वयंबर व धनुष भंग लीला का समापन कलेवा के बाद हुआ। व्यास अनन्त वर्मा के मुखार विंदु द्वारा मंचन किया गया , सीता स्वयंबर में आये रावण और बाणासुर में जमकर वाक युद्ध हुआ, जिसमें रावण के शास्त्र ज्ञान को बाणासुर ने बड़ी ही निपुणता से तर्क पूर्ण संवाद कर उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रावण- बणासुर के वाकयुद्ध का दर्शकों ने भी आनन्द उठाया! सीता के योग्य वर नही मिलने पर पिता के रूप में राजा जनक के करूण विलाप ने दर्शकों अश्रुपूरित कर दिया म गुरू विश्वामित्र का आदेश प्राप्त कर भगवान राम ने जैसे ही शिव धनुष का खण्डन किया तो समूचे दर्शक दीर्घा में जय श्रीराम का उद्घोष गूंजने लगा। भगवान शिवशंकर के धनुष के खण्डन की आवाज़ सुनकर पहुँचे परशुराम के क्रोध को देखकर सभी भयभीत हो गये !लक्ष्मण जी द्वारा परशुराम के क्रोध का सामना किया गया, परशुराम और लक्ष्मण में हुए वाक युद्ध में दर्शक काफी रोमांचित हुए, दर्शकों द्वारा परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुये वीर रस और श्रंगार रस के वाक युद्ध के दौरान प्रांगण में तालियाँ गूँजती रही।

# श्यामवीर सिंह साईकिल से 13 दिन में मथुरा से पहुंचे अयोध्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी।एक भक्त को भगवान श्री राम के दर्शन करने की ललक ऐसी लगी कि बिरौना जनपद मथुरा से साईकिल से चलकर लगभग 1100 किलोमीटर की यात्रा तय कर के 13 दिन में अयोध्या पहुंच गए! उस भक्त का नाम है श्याम वीर सिंह!

श्याम वीर सिंह ने यह यात्रा 16 जनवरी को प्रारंभ कर के 28 जनवरी को विरौना पहुंचे! बात करते हुए उन्होंने बताया कि जगह जगह भक्तों के द्वारा स्वागत किया गया और लगभग 100 किलोमीटर की यात्रा पर विश्राम किया! 'कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती, लहरों से डर कर नौका पार नही होती ! और यह श्याम वीर सिंह ने साबित कर दिखाया की भगवान श्री राम से मिलने की चाहत को कोई रोक नही सकता! 22 जनवरी को अयोध्या पहुँच कर भगवान् श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होकर दर्शन किया! वापस लौटते समय ए पी पैलेस लक्षबर बजहा बाराबंकी में विश्राम किया! फिर 28 जनवरी को निज निवास आश्रम शनि धाम बिरौना पहुंचे! जहाँ पहुँचते ही ग्रामीणों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया!

इसके बाद श्याम वीर सिंह ने शनि धाम स्थित स्मारक में निदेशक सोनपाल जी के साथ दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया! श्याम वीर ने अपनी यात्रा का उद्धेश्य बताते हुए कहा कि वे हिंदू धर्म के सबसे पवित्र स्थानों में से एक अयोध्या श्री राम जन्मभूमि की यात्रा करना चाहते थे! उन्होंने बताया कि साईकिल से यात्रा करने का उनका उद्धेश्य लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना था! उन्होंने यह भी कहा कि साईकिल से 1100 किलोमीटर की यात्रा करना एक बड़ी चुनौती थी परन्तु श्री राम के दर्शन की लालसा लेकर चले अपने भक्त शकुशल यात्रा पूर्ण कराई! आगे उन्होंने इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि मै चाहता हूँ कि जैसे प्रभु श्रीराम अयोध्या में विराजमान हैं भव्य मन्दिर बना है वैसे ही मथुरा में श्री कृष्ण भगवान का भी मन्दिर बने !

# सड़क सुरक्षा जागरूकता पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर- बाराबंकी। परास्नातक महाविद्यालय में सड़क-सुरक्षा माह (15 जन .- 14 फरवरी) के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित छात्र-छात्राओं में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं जिनमें पोस्टर/ रंगोली/ क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर/ रंगोली में प्रथम अनुराग,प्राची सिंह द्वितीय, अंजली पांडे? ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विजेताओं में अपना नाम दर्ज कराया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफ़ेसर कौशल विक्रम मिश्र के गरिमामय संरक्षण एवं प्रो. ऋषिकेश मिश्र मास्टर ट्रेनर- सड़क सुरक्षा जागरूकता के मार्गदर्शन में संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में मुख्य नियंता प्रोफ़ेसर सुनीत कुमार सिंह, डॉ.अखिलेश वर्मा, विश्वेश कुमार मिश्र, डॉ. सुरेश कुमार सिंह, अमरजीत सिंह डॉ.संजय तिवारी ने पृथक पृथक प्रतियोगिताओं में जज/निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहयोग प्रदान करने वाले विजेताओं के साथ समस्त प्रतिभागियों को भावी 2024 के लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु भी 'हम देश के मतदाता हैं हमें वोट देने आता है' 'सावधानी हटी दुर्घटना घटी' जैसे प्रेरक नारों के साथ कार्यक्रम की सफल संपन्नता हेतु सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# पंचायत सचिव समेत अन्य जिम्मेदारों पर पीएम आवास में हेराफ़ेरी का बड़ा आरोप भाकियू धर्मेंद्र ने खोला मोर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेही घाट बाराबंकी। विकासखंड बनी कोडर की ग्राम पंचायत सिल्हौर में पंचायत सचिव व अन्य जिम्मेदारों द्वारा पात्र को अपात्र व अपात्र को पात्र बनाकर प्रधानमंत्री आवास का भुगतान किया जाना संज्ञान में आया है ग्राम पंचायत सिल्हौर में वर्ष 2020-21 में आवास आवंटन प्रतीक्षा सूची में कुल 13 लोगों के नाम थे जिसमें गांव में खुली बैठककर पात्रता की जांच की गई बैठक? की जांच में क्रमांक 1 से 4 व 6 से 12 पर अंकित लोग आपात्र पाए गए क्रमांक 5 पर अंकित फुलझारा पत्नी राम कैलाश व क्रमांक 13 पर अंकित रमेश कुमार पुत्र प्रहलाद पात्र पाए गए फुलझारा पत्नी राम कैलाश को आवास का लाभ दिया गया लेकिन रमेश कुमार पुत्र प्रहलाद के खाते मे पैसा भेज कर वापस करा लिया गया तथा उनकी जगह आपात्र किए गये क्रमांक 10पर अंकित अजीत कुमार पुत्र माधव राम को आवास का लाभ दे दिया गया पात्र लाभार्थी रमेश कुमार काफी दिनों से भाग दौड़ कर रहा है पर उसकी सुनने वाला कोई नहीं है इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन धर्मेंद्र गुटके जिला अध्यक्ष मायाराम यादव द्वारा पात्र व्यक्ति को आवास दिलाते हुए पात्र को आपात्र व अपात्र को पत्र करने वाले अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही हेतु एक शिकायती प्रार्थना पत्र खंड विकास अधिकारी बनीकोडर को सौपा है। जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बनीकोडर से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

# अपनी मांगो को लेकर पंचायत सहायकों ने भरी हुंकार, एडीयो पंचायत को सौंपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। नियुक्ति के अनुबंध के तहत कार्य लेने समेत तीन सूत्री मांगों के समर्थन में गुरुवार करीब तीन दर्जन से अधिक संविदाकर्मी पंचायत सहायक बनीकोड़र ब्लॉक पहुंच गए। मांगों के समर्थन में एडीओ पंचायत को ज्ञापन सौंपा। तदोपरांत नारेबाजी करते हुए आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। पंचायत सहायकों ने राजस्व क्राप सर्वे का पूरी तरह से विरोध किया है।

बनीकोड़र ब्लॉक क्षेत्र के 87 पंचायत में से 78 संविदा पंचायत सहायक कार्यरत हैं। यह स्वयं को उपोक्षित मानने साथ पंचायत राज विभाग के सिवाए अन्य विभागों के कार्य कराने से प्रताड़ित करने का प्रशासन पर आरोप लगा रहे हैं। क्योंकि आयुष्मान कार्ड, शौचालय नल व सर्वे आदि कार्य कराए जा रहे हैं। अब राजस्व विभाग के क्रॉप सर्वे का विरोध कर पंचायत सहायकों में गुंजन इब्राहिमाबाद, हथौंदा, अक्षय मिश्र बबुरी, अमरजीत सिंह गजपतीपुर, लवकुश महुलारा, राजेश कुमार भानपुर, दयाराम सरोज जमौली, महेश प्रसाद यादव व सादुल्लापुर समेत करीब तीन दर्जन से अधिक पंचायत सहायककर्मी गुरुवार को ब्लॉक पहुंच गए। उनके द्वारा एडीओ पंचायत सहायक श्रीकांत मिश्रा को ज्ञापन सौपा गया है। जिसमे पंचायती राज विभाग के सिवाय अन्य कार्यों नहीं कराए जाए, उनकी नियुक्ति स्थाई करते हुए चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी का दर्ज़ा दे आदि शामिल हैं। इसका नेतृत्व गजपतिपुर के पंचायत सहायक अमरजीत सिंह ने की। उन्होंने बताया कि शनिवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा?।

# भारतीय टीम इंग्लैंड पर पलटवार को तैयार, मेजबान टीम को खल रही विराट कोहली की कमी

एजेंसी



विशाखापत्तनम। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद कल से शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट में पलटवार करने को तैयार है। भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के स्पिनरों से निपटने के लिए तैयारी कर ली है और इसको लेकर बीते दिनों में भारतीय बल्लेबाजों को परंपरागत शॉट्स के साथ स्वीप शॉट और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने का जमकर अभ्यास किया। मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है और अब रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल के भी बाहर हो जाने से उनकी बल्लेबाजी लाइनअप में एक बड़ा अंतर आ गया है। हालाँकि, इससे रजत पाटीदार, सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर को यहां अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की चोटों से जुझ रहे भारतीय टीम को एक उदाहरण पेश करना होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल पर भी दबाव है। दोनों बल्लेबाजों को धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा करना होगा। रोहित को अपनी पारी को मैच जिताने वाली पारी में तब्दील कर करना होगा। रोहित शर्मा चार हजार टेस्ट रन पूरे करने से 200 रन दूर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी स्टाइल में ऐतिहासिक मुकाम हासिल करेंगे। दूसरे टेस्ट के लिए भारत की पूरी टीम के पास कुल मिलाकर 10,702 टेस्ट रन हैं, जबकि अकेले जो रूट के नाम 11,447 टेस्ट रन हैं। इसलिए उम्मीद है कि सभी आलोचकों की इस भारतीय बल्लेबाजी इकाई पर नजर रहेंगी। भारत ने पहले भी विशाखापत्तनम में दो टेस्ट खेले हैं और वहां उसका रिकॉर्ड शानदार रहा है, लेकिन पहला टेस्ट जीतकर इंग्लैंड की उत्साही टीम भारत के घरेलू प्रभुत्व को खत्म करने का प्रयास करेगी। भारतीय प्रशंसकों को उम्मीद है कि भारतीय टीम फिर से अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराते हुए और सीरीज में बराबरी करेगी।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे जैक लीच, बशीर को मिल सकता है मौका

एजेंसी



नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने पुष्टि की है कि पहले टेस्ट के दौरान घुटने की चोट से उबरने में विफल रहने के बाद जैक लीच विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लीच ने हैदराबाद में टेस्ट के पहले दिन फील्डिंग करते हुए अपने घुटने में चोट लगा ली थी, लेकिन दूसरी सुबह मामला और बिगड़ गया। हालांकि बाकी मैच में छोटे स्पैल तक सीमित रहने के बावजूद, लीच दूसरी पारी में 10 ओवर फेंकने में सफल रहे और श्रेयस अय्यर का विकेट लिया। यह मैच इंग्लैंड ने 28 रन से जीता। उम्मीद थी कि उनकी चोट ठीक हो जाएगी, लेकिन लगातार सूजन के कारण लीच बुधवार को एसीए-वीडीसीए क्रिकेट मैदान पर प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने में असमर्थ थे। उन्हें अभी भी चलने-फिरने में कठिनाई हो रही थी। स्टोक्स ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से कहा, ''वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। दुर्भाग्य से, उसके पैर में हेमेटोमा हो गया। यह हमारे लिए बड़ी शर्म की बात है। जाहिर तौर पर यह निराशाजनक है। लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसका हम हर दिन आकलन कर रहे हैं। मेडिकल टीम ने इसे संभाल लिया है, और उम्मीद है, यह कुछ ऐसा नहीं है जो बहुत गंभीर हो और उसे श्रृंखला में लंबे समय तक बाहर रखे।'' लीच के समरसेट टीम के साथी, शोएब बशीर इंतज़ार में हैं। अनकैप्ड ऑफस्पिनर अपने प्रवेश वीजा में देरी के बाद पहले टेस्ट के दौरान भारत पहुंचे। अब समूह और प्रशिक्षण के बीच वापस आकर, स्टोक्स ने बशीर से अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया, जो कि उनका केवल सातवां प्रथम श्रेणी मैच होगा। स्टोक्स ने कहा, ''मैंने बशीर को गेंदबाजी करते हुए देखा, उन्होंने जिस ऊंचाई से गेंद फेंकी, यह कुछ ऐसा था जिसे मैंने देखा और सोचा कि 'यह भारत के लिए बहुत अच्छा हो सकता है। वह जिस ऊंचाई से गेंद फेंकता है, वह जितनी प्राकृतिक विविधता पैदा कर सकता है, वह यहां है। जब टीम के चयन की बात आई, तो उनके बारे में बहुत अधिक विचार नहीं किया गया क्योंकि बैश ने जो दिखाया उससे हर कोई बहुत-बहुत प्रभावित था। हम अपने स्पिन समूह में जो कुछ भी चाहते थे उसका उत्तर बशीर ने दिया।

# ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल शेष घरेलू सत्र और डब्ल्यूपीएल से बाहर

एजेंसी



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल गर्दन पर त्वचा कैंसर की चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरने के बाद शेष घरेलू सत्र और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से बाहर हो गई हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, चीटल ने बुधवार को इस प्रक्रिया को अंजाम दिया। उन्होंने इससे पहले 2021 में भी त्वचा कैंसर का इलाज कराया था। उन्हें 23 फरवरी से शुरू होने वाले इस सीज़न के डब्ल्यूपीएल के लिए गुजरात जायंट्स द्वारा साइन किया गया था, लेकिन अब वह टूर्नामेंट के साथ-साथ न्यू साउथ वेल्स के लिए डब्ल्यूएनसीएल के बाकी सीज़न में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगी। उन्होंने एसीटी के खिलाफ अपनी आखिरी पारी में 18 रन देकर 3 विकेट लिए और सीजन में 15.45 की औसत से 11 विकेट लिए हैं। सिडनी सिक्सर्स के लिए डब्ल्यूबीबीएल में उन्होंने 17.23 की औसत से 21 विकेट लिए। क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''चीटल का लक्ष्य खिलाड़ियों के निर्धारित ऑफ-सीजन ब्रेक के बाद एनएसडब्ल्यू के साथ प्रशिक्षण पर लौटने का है। चीटल ने पिछले साल के अंत में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया, जो कंधे की चोटों के बाद 2019 के बाद उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति थी।

# अंडर 19 विश्व कप : आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल से होगा भारत का सामना

एजेंसी



ब्लोमफोंटेन। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में उतरेगी तो नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने का लक्ष्य होगा। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान (प्लस 1.06) और भारत (प्लस 3.32) दोनों के छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली भारतीय टीम अभी तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफ़ेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे ने अभी तक 12 विकेट ले लिए हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान सहारन, विकेटकीपर बल्लेबाज अरावल्ली अवनीश, आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढा होगा । बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाये जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने पांच विकेट लिए थे।

टीमें : भारत : अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी

नेपाल : देव खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद

## वालेंसिया के डिफेंडर गेब्रियल पॉलिस्ता ने एटलेटिको मैड्रिड के साथ किया करार

मैड्रिड। एटलेटिको मैड्रिड ने वालेंसिया के 33 वर्षीय ब्राजीलियाई डिफेंडर गेब्रियल पॉलिस्ता के साथ फ्री ट्रांसफर के तहत करार किया है। पूर्व आर्सेनल और विलारियल स्टॉपर ने सीज़न के अंत तक एक प्रारंभिक अनुबंध पर सहमति व्यक्त की है और कैगलर सोयुनकु के लिए कवर करेंगे, जो ऋण पर फ़ेनरबाश में शामिल हो गए हैं, जबकि जोस जिमेनेज़ चोटिल हैं। ब्राज़ीलियाई खिलाड़ी एटलेटिको डिफेंस में काफी अनुभव लेकर आएंगे, जो इस सीज़न में थोड़ा कमजोर दिख रहा है, और इस सप्ताह के अंत में रियल मैड्रिड के खिलाफ अपनी शुरुआत कर सकता है। दिलचस्प बात यह है कि वालेंसिया के लिए गेब्रियल की आखिरी उपस्थिति रविवार रात को एटलेटिको से 2-0 की हार में थी। वह यूईएफए चैंपियंस लीग में अपने नए क्लब के लिए खेल सकेंगे, लेकिन एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ कोपा डेल रे सेमीफाइनल के लिए अयोग्य हैं क्योंकि वह पहले ही उसी प्रतियोगिता में वालेंसिया का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

# प्रो लीग के घरेलू मैचों के लिये भारतीय हॉकी टीम की कमान हरमनप्रीत को



नयी दिल्ली। अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान होंगे । मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे । हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिये बृहस्पतिवार को 24 सदस्यीय टीम का ऐलान किया । भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा । भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो दो बार खेलेगी । पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा । भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे । गोलकीपिंग का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे । डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित , संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे । मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे । फॉरवर्ड पंक्ति में अनुभवी ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे । मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,'' हमने सोच समझकर काफी संतुलित टीम चुनी है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं । हमारा लक्ष्य एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना है । यह शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को आंकने का सुनहरा मौका है।' टीम : गोलकीपर : पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक

डिफेंडर : हरमनप्रीत, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित , संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह। मिडफील्डर : हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम। फॉरवर्ड : ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडल।

# एएफसी एशियन कप: जापान ने बहरीन को हराया, ईरान ने सीरिया को दी शिकस्त

एजेंसी

दोहा। पान ने बुधवार को यहां बहरीन पर 3-1 से जीत के साथ एएफसी एशियाई कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि ईरान ने 1-1 से ड्रा के बाद पेनल्टीशूट आउट में सीरिया को 5-3 से हराया। जापान के लिए रित्सु डोन, टेकफुसा कुबो और अयासे उएदा ने गोल किये। जापान ने 31वें मिनट में बढ़त ले ली जब 25 गज की दूरी से सेइया माईकुमा का शॉट पोस्ट से टकराया और रित्सु डोन की ओर गया, जिन्होंने गेंद को गोल पोस्ट में डाल दिया। पहले हाफ की समाप्ति पर जापान 1-0 से आगे रहा। जापान ने दूसरे हाफ में चार मिनट बाद ही बढ़त दोगुनी कर दी। कुबो ने बहरीन बॉक्स के सामने कब्ज़ा जमा लिया और उएदा को पास दिया। हज्जा अली ने स्ट्राइकर को रोकने की कोशिश की, लेकिन गेंद कुबो की ओर ही ले गए, जिन्होंने बेहतरीन गोलकीपर लुटफल्ला को छकाकर शानदार गोल किया और अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मैच के 64वें मिनट में अयासे उएदा ने बड़ी गलती करते हुए आत्मघाती गोल कर बहरीन का खाता खोल दिया और स्कोर 2-1 हो गया। हालांकि 72वें मिनट में, उएदा ने अपनी पिछली गलती की भरपाई करते हुए बेहतरीन गोल कर जापान को 3-1 से जीत दिला दी। 16वें राउंड के एक अन्य मैच में, ईरान ने 1-1 से ड्रा के बाद पेनल्टीशूट आउट में सीरिया को 5-3 से हराया। मैच के 34वें मिनट में मेहदी तारेमी के गोल ने ईरान को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद 64वें मिनट में ओमार ख्रीबिन ने पेनल्टी को गोल में बदलकर सीरिया को 1-1 की बराबरी दिला दी। तय समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर रही, जिसके बाद पेनल्टीशूट आउट का सहारा लिया गया, जिसमें ईरान ने 5-3 से बाजी मारी।

# संक्षिप्त समाचार

## विकास को बढ़ावा देने वाला बजट : ईईपीसी

नयी दिल्ली। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) इंडिया ने नये वित्त वर्ष के बजट को उम्मीद के अनुरूप विकास को बढ़ावा देने वाला बताया और कहा कि इसमें लोकलुभावन उपायों के प्रलोभन का विरोध करने के लिए पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ईईपीसी इंडिया अरुण कुमार गारोडिया ने गुरुवार को कहा, ''जैसा कि अपेक्षित था, अंतरिम बजट 2024-25 में विकास को बढ़ावा देने और लोकलुभावन उपायों के प्रलोभन का विरोध करने के लिए पूंजीगत व्यय पर अपना ध्यान केंद्रित किया गया है। बुनियादी ढांचा निर्माण कार्यक्रम पिछले बजट का केंद्रीय विषय रहा है और नये बजट में भी इसकी निरंतरता बरकरार रखी गई है।बजट में प्रस्ताव निवेशकों की भावनाओं को और बढ़ाने, स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और भारतीय उद्योग को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निर्धारित हैं। उन्होंने कहा कि बजट में प्रस्तावित रेलवे कॉरिडोर विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और यह लॉजिस्टिक्स में दक्षता लाएगा और माल ढुलाई लागत को कम करेगा। उन्होंने कहा कि प्रमुख परियोजनाओं को लागू करने में सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, हम विभिन्न क्षेत्रों में परियोजनाओं के त्वरित निष्पादन को लेकर आशान्वित हैं। साथ ही हरित गतिशीलता और प्रौद्योगिकी से संबंधित घोषणाएं अर्थव्यवस्था में बदलाव के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। श्री गारोडिया ने कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह की कर दरों पर यथास्थिति बताती है कि नीतिगत निश्चितता प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कुल मिलाकर, अंतरिम बजट विकास समर्थक है और सरकार के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## मंत्रिमंडल ने भारत-यूएई द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर को मंजूरी दी

नयी दिल्ली। सरकार ने बृहस्पतिवार को भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज भारत और यूएई के बीच बीआईटी पर हस्ताक्षर और अनुमोदन को मंजूरी दी है। बयान में कहा गया कि इस संधि से निवेशकों, विशेषकर बड़े निवेशकों का भरोसा बढ़ने की उम्मीद है। इसके चलते विदेशी निवेश और विदेशों में प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) के अवसरों में वृद्धि होगी। आगे चलकर रोजगार सृजन पर इसका सकारात्मक असर हो सकता है। बयान के मुताबिक, ''इस मंजूरी से भारत में निवेश बढ़ने की उम्मीद है। इससे घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने, आयात पर निर्भरता कम करने, निर्यात बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। दोनों देशों ने मई, 2022 में एक मुक्त व्यापार समझौता भी लागू किया था। भारत में अप्रैल, 2000 से सितंबर, 2023 के बीच 16.7 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है।

## परिधान, कपड़ा के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजना को मार्च 2026 तक जारी रखने की मंजूरी

नयी दिल्ली। सरकार ने बृहस्पतिवार को परिधान, कपड़ा और 'मेड-अप' के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजना आरओएससीटीएल को 31 मार्च, 2026 तक जारी रखने की मंजूरी दी। 'मेड-अप' ऐसे वस्त्र होते हैं जिनका उत्पादन कैनवास बैग, कालीन, टेपेस्ट्री, तकिया कवर, रसोई लिनेन और अन्य शिल्प वस्तुओं जैसे विभिन्न उपयोगी उत्पादों में किया जाता है। राज्य और केंद्रीय करों तथा उपकरों में छूट (आरओएससीटीएल) योजना का उद्देश्य परिधान/कपड़ा और मेड-अप के निर्यात पर शुल्क वापसी योजना के तहत प्रदान की गई छूट के अलावा राज्य और केंद्रीय करों और उपकरों की भरपाई करना है। आधिकारिक बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परिधान/कपड़ा और मेड-अप के निर्यात के लिए आरओएससीटीएल की योजना को 31 मार्च, 2026 तक जारी रखने की मंजूरी दी। इसमें कहा गया है कि यह कदम एक स्थिर नीति व्यवस्था प्रदान करेगा, जो दीर्घकालिक व्यापार योजना के लिए जरूरी है।

# 1.1 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय से कारोबार में होगी जबरदस्त बढ़ोतरी : कैट

एजेंसी

नई दिल्ली। खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने नए वित्त वर्ष के लिए पेश बजट का स्वागत करते हुए आज कहा कि बजट में प्रस्तावित 11.1 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से कारोबार में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वार गुरुवार को सांसद में वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए पेश अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि 11.1 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से देश के बाज़ारों में कारोबार में जबरदस्त वृद्धि होगी। वहीं, लॉजिस्टिक कॉरिडोर बनाने तथा रेलवे की माल ढुलाई को अधिक सक्षम बनाने से माल की आवाजाही और अधिक सरलता से होगी। इससे भी व्यापार में वृद्धि होगी। साथ ही 11.1 लाख करोड़ रुपये के खर्च से देश में विभिन्न परियोजनाओं से व्यापार और बड़े पैमाने पर रोज़गार भी बढ़ेगा। श्री भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने कहा कि इस राशि से देश भर में अधिक निर्माण कार्य होंगे जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों में नई आधारिक सुविधाएं बनाने के लिए खर्च का उपयोग हो सकता है, जिससे बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा और उससे भी व्यापार में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि उससे उत्पादन में वृद्धि होगी तथा यह खर्च उत्पादन को बढ़ावा देने और विभिन्न उद्यमों को समर्थन करने के माध्यम से व्यापार में वृद्धि की स्थिति में सुधार कर सकता है।

# औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा कि भारत में अत्यंत विभाजित अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को एकीकृत करके व्यापार और उद्योग पर अनुपालन का बोझ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) आने से कम हो गया है और औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्री ने कहा, एक अग्रणी परामर्शदाता कंपनी द्वारा हाल ही में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 94 प्रतिशत शीर्ष उद्योगपति जीएसटी में हुए परिवर्तन को व्यापक स्तर पर सकारात्मक मानते हैं और सर्वेक्षण में प्रश्नों के उत्तर देने वाले 80 प्रतिशत प्रतिभागियों ने स्वीकार किया है कि इससे आपूर्ति श्रृंखला बेहतर हुई। जीएसटी का कर आधार बढ़कर दोगुना हुआ और इस वर्ष औसत मासिक सकल जीएसटी संग्रह बढ़कर लगभग दोगुना यानी 1.66 लाख करोड़ रुपये हो गया। राज्यों के राजस्व में वृद्धि का संकेत देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि राज्यों को जारी किए गए मुआवज़े सहित राज्यों के एसजीएसटी राजस्व का तेज उछाल वर्ष 2017-18 से 2022-23 तक जीएसटी के बाद की अवधि में 1.22 रहा। जबकि वर्ष 2012-13 से 2015-16 की जीएसटी पूर्व के चार वर्षों में राजस्व टैक्स में उछाल केवल 0.72 था। वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी से उपभोक्ता सर्वाधिक लाभान्वित हुए हैं, क्योंकि लॉजिस्टिक तंत्र और करों में कमी के कारण अधिकतर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में कमी आई है। नेशनल टाइम रिलीज स्टडीज़ का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुगम बनाने के लिए उठाये गए कदमों से वर्ष 2019 से अब तक के चार वर्षों के दौरान इनलैंड कंटेनर डिपो में आयात जारी करने की समयावधि 47 प्रतिशत कम होकर केवल 71 घंटे रह गई। एयर कार्गो परिसरों में 28 प्रतिशत कम होकर 44 घंटे और बंदरगाहों में 27 प्रतिशत कम होकर 85 घंटे रह गई। वित्त मंत्री ने प्रत्यक्ष कर का उल्लेख करते हुये कहा कि पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष कर संग्रह तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया है और रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या बढ़कर 2.4 गुना हो गई है। रिटर्न की प्रोसेसिंग में लगने वाला औसत समय वर्ष 2013-14 के 93 दिनों से काफी घटकर अब केवल 10 दिन रह गया है। वित्त मंत्री ने करदाताओं को आश्वस्त किया कि उनके कर योगदान का व्यापक उपयोग देश के विकास और देशवासियों के कल्याण के लिए किया गया है। उन्होंने करदाताओं के सहयोग के लिए उनकी प्रशंसा की।

# अंतरिम बजट : रक्षा क्षेत्र को मिले 6.2 लाख करोड़, 0.27 लाख करोड़ रुपये का इजाफा

एजेंसी

नई दिल्ली, 01 फरवरी (हि.स.)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट संसद में पेश किया। इसमें रक्षा क्षेत्र को 6.2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले साल के मुकाबले 0.27 लाख करोड़ रुपये बजट में इजाफा किया गया है। वित्त मंत्री ने बजट में रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए नई डीप-टेक्नोलॉजी लाने का वादा किया है।

रक्षा क्षेत्र के लिए 2003-24 के बजट में 5.94 लाख करोड़ रुपये मंजूर किये गए थे, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 13 फीसदी ज्यादा था। पिछले साल की तुलना में इस अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र का बजट 0.27 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 6.20 लाख करोड़ हो गया है, यानी 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अंतरिम बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया कि डीप टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आएगी, जिससे 'आत्मनिर्भरता' में तेजी आएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने छठे बजट में डिफेंस सेक्टर के लिए देश के कुल बजट का आठ फीसदी हिस्सा रखा है। वित्त मंत्री ने संसद में पेश अंतरिम केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय के लिए सेना को कुल 1.72 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य साजो सामान खरीदना शामिल है। पिछले साल यानी 2023-24 में पूंजी परिव्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.62 लाख करोड़ रुपये था।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय के लिए 0.27 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी किये जाने पर कहा है कि ये अंतरिम बजट बहुत उत्साहवर्धक है। उन्होंने सकारात्मक और उत्साहवर्धक 'अंतरिम बजट' पेश करने के लिए वित्त मंत्री सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि यह बजट आत्मविश्वासी, मजबूत और आत्मनिर्भर विकसित भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिली प्रेरणा और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप यह बजट भारत के तीव्र आर्थिक परिवर्तन की झलक देता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। इस बजट में बुनियादी ढांचे, निर्माण, विनिर्माण, आवास और प्रौद्योगिकी विकास पर बड़ा जोर दिया गया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब दुनिया लड़खड़ा रही थी, तब भारत आशा की किरण बनकर उभरा। यह बजट पूरी तरह से पीएम के 'पंचामृत लक्ष्यों' के अनुरूप है और यह अगले पांच वर्षों में अभूतपूर्व विकास का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इस बजट ने वित्त वर्ष 24 से पूंजीगत व्यय परिव्यय को 11.1% बढ़ाकर वित्त वर्ष 25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये कर दिया है।

**रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए डीप-टेक टेक्नोलॉजी लाने का वादा**

**- डिफेंस सेक्टर के लिए देश के कुल बजट का आठ फीसदी हिस्सा रखा गया**

## प्रधानमंत्री शुक्रवार को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो को संबोधित करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 फरवरी को शाम 4:30 बजे भारत मंडपम, नई दिल्ली में देश की सबसे बड़ी और अपनी तरह की पहली गतिशीलता प्रदर्शनी - भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 संपूर्ण गतिशीलता और ऑटोमोटिव मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा। एक्सपो में प्रदर्शनियां, सम्मेलन, क्रेता-विक्रेता बैठकें, राज्य सत्र, सड़क सुरक्षा मंडप और गो-कार्टिंग जैसे सार्वजनिक-केंद्रित आकर्षण भी शामिल होंगे। 50 से अधिक देशों के 800 से अधिक प्रदर्शकों के साथ एक्सपो अत्याधुनिक तकनीकों, टिकाऊ समाधानों और गतिशीलता में सफलताओं पर प्रकाश डालेगा। एक्सपो में 600 से अधिक ऑटो कंपोनेंट निर्माताओं की उपस्थिति के अलावा 28 से अधिक वाहन निर्माताओं की भागीदारी होगी। इस कार्यक्रम में 13 से अधिक वैश्विक बाजारों के 1000 से अधिक ब्रांड अपने उत्पादों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं की पूरी श्रृंखला का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनी और सम्मेलनों के साथ-साथ, इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर सहयोग को सक्षम करने, गतिशीलता समाधानों के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय योगदान और पहल को प्रदर्शित करने के लिए राज्यों के लिए राज्य सत्र भी शामिल होंगे।

## आयुष्मान भारत योजना में आशा वर्कर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया शामिल

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र पर जोर देते हुए आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थकेयर कवर सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं तक बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि अंतरिम बजट विकास पर केंद्रित है, जो सर्वांगीण, सर्वव्यापी और सर्व-समावेशी है। यह मुख्य रूप से चार प्रमुख जातियों को लक्षित करता है, जिसमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता को शामिल करते हुए भारत को 2047 तक विकसित बनाने का है। निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सरकार 9-14 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। टीकाकरण के प्रबंधन और मिशन इंद्रधनुष के गहन प्रयासों के लिए नए डिजाइन किए गए यू-विन प्लेटफॉर्म को पूरे देश में तेजी से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना विभिन्न विभागों के तहत मौजूदा अस्पताल के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके अधिक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की है। इस उद्देश्य के लिए मुद्दों की जांच करने और प्रासंगिक सिफारिशें करने के लिए एक समिति की स्थापना की जाएगी। मातृ एवं शिशु देखभाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें बेहतर पोषण वितरण, प्रारंभिक बचपन देखभाल और विकास के लिए पोषण 2.0 में तेजी लाई जाएगी। कार्यान्वयन में तालमेल सुनिश्चित करने के लिए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के तहत विभिन्न योजनाओं को एक व्यापक कार्यक्रम के तहत लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ के अनुसरण में सरकार ने 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में सहायता की है।

# कैबिनेट ने पशुपालन अव-संरचना विकास कोष के विस्तार को मंजूरी दी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पशुपालन अव-संरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) को 29,610.25 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2025-26 तक अगले तीन वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी।

यह योजना डेयरी प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण, मांस प्रसंस्करण और उत्पाद विविधीकरण, पशु चारा संयंत्र, नस्ल गुणन फार्म, पशु अपशिष्ट से धन प्रबंधन (कृषि-अपशिष्ट प्रबंधन) और पशु चिकित्सा वैक्सीन और दवा उत्पादन सुविधाओं के लिए निवेश को प्रोत्साहित करेगी। भारत सरकार अनुसूचित बैंक और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), नाबार्ड और एनडीडीबी से 90 प्रतिशत तक ऋण के लिए दो साल की मोहलत सहित 8 वर्षों के लिए 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान करेगी। भारत सरकार एमएसएमई और डेयरी सहकारी समितियों को 750 करोड़ रुपये के ऋण गारंटी कोष से उधार लिए गए ऋण की 25 प्रतिशत तक ऋण गारंटी भी प्रदान करेगी।तकनीकी रूप से सहायता प्राप्त नस्ल गुणन फार्म, पशु चिकित्सा दवाओं और वैक्सीन इकाइयों को मजबूत करना, पशु अपशिष्ट से धन प्रबंधन जैसी नए कार्यों को शामिल करने के बाद, यह योजना पशुधन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के उन्नयन में मददगार साबित होगी। यह योजना उद्यमिता विकास के माध्यम से प्रत्यक्ष और अ-प्रत्यक्ष रूप से 35 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन का एक माध्यम होगी और इसका उद्देश्य पशुधन क्षेत्र में धन सृजन करना है।




अब तक एएचआईडीएफ ने लगभग 15 लाख किसानों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया है। पात्र लाभार्थियों द्वारा प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन बुनियादी ढांचे में इस तरह के निवेश से इन संसाधित और मूल्य वर्धित वस्तुओं के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। इस प्रकार एएचआईडीएफ में प्रोत्साहन द्वारा निवेश न केवल निजी निवेश को 7 गुना बढ़ा देगा, बल्कि किसानों को जानकारी पर अधिक निवेश करने के लिए भी प्रेरित करेगा, जिससे उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

एएचआईडीएफ ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक 141.04 एलएलपीडी (लाख लीटर प्रति दिन) दूध प्रसंस्करण क्षमता, 79.24 लाख मीट्रिक टन फ़ीड प्रसंस्करण क्षमता और 9.06 लाख मीट्रिक टन मांस प्रसंस्करण क्षमता की आपूर्ति में मददगार साबित हुई है। यह योजना डेयरी, मांस और पशु चारा क्षेत्र में प्रसंस्करण क्षमता को 2-4 प्रतिशत तक बढ़ाने में सक्षम है।

## एक करोड़ परिवार को प्रत्येक महीने 300 यूनिट तक नि:शुल्क बिजली होगी उपलब्ध

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में रूफ-टॉप सोलर एनर्जी को लेकर बड़ा एलान किया। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे मध्यम वर्ग को हर साल बिजली में खर्च होने वाली बड़ी राशि बचाने में मदद मिलेगी।

वित्त मंत्री के एलान के मुताबिक छत पर सौर प्रणाली लगाने से एक करोड़ परिवार प्रत्येक महीने 300 यूनिट तक नि:शुल्क बिजली प्राप्त कर सकेंगे। यह योजना अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन प्रधान मंत्री के संकल्प के अनुसरण में लाई गई है। इससे नि:शुल्क सौर बिजली और अधिशेष बिजली वितरण कंपनियों को बेचने से परिवारों को हर वर्ष पंद्रह हजार से अठारह हजार रुपये की बचत होगी। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की स्थापना से आपूर्ति तक बड़ी संख्या में वेंडरों को काम मिलेगा। विनिर्माण, स्थापना और रखरखाव में तकनीकी कौशल रखने वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलेगा।

## बजट - इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए परिदृश्य को मजबूत और व्यापक बनाने पर रहेगा जोर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश को कार्बन तटस्थ बनाने के दृष्टिकोण के तहत सरकार इलेक्ट्रिक बसों को व्यापक रूप से अपनाने को तैयार है। स्थायी परिवहन की इस दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम के तहत केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक पहल विनिर्माण और चार्जिंग बुनियादी ढांचे दोनों पर केंद्रित है, जिसका लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए परिदृश्य को मजबूत और व्यापक बनाना है। इसके तहत ई-बस ऑपरेटरों के बीच विश्वास को बढ़ावा देते हुए भुगतान सुरक्षा तंत्र के कार्यान्वयन के माध्यम से इसे सुविधाजनक बनाया जाएगा। इस पहल से सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने, पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्ज़ा-कुशल आवागमन के तरीके को बढ़ावा देने की उम्मीद है। सतत विकास के लिए एक मजबूत नींव बनाने पर जोर देने के साथ, स्वच्छ और हरित भविष्य को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ का कोष होगा तैयार

नई दिल्ली। सरकार ने उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाने का प्रस्ताव रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि आने वाला समय तकनीकी प्रेमी युवाओं के लिए एक स्वर्णिम युग होगा। सरकार 50 साल तक ब्याज मुक्त ऋण मुहैया कराने के लिए कोष की स्थापना करेगी। इसके माध्यम से लंबी अवधि के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा, हमें ऐसे कार्यक्रम बनाने की ज़रूरत है जिससे हमारे युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों का संयोजन हो। इस पहल से निजी क्षेत्र को उभरती प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और नवाचार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।ङ्क सीतारमण ने कहा कि नवाचार ही विकास की नींव है। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' का नारा दिया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान' को आगे बढ़ाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। भारत अपने लोगों के नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से दुनिया को समाधान दिखा रहा है।

## देश के विकास को समर्पित यह बजट राम राज्य की परिकल्पना को दर्शाता है: भाजपा

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के विकास को समर्पित करते हुए बजट को राम राज्य की परिकल्पना को दर्शाता हुआ बताया है।

गुरुवार को जे पी नड्डा ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, '' इस बजट में मातृ शक्ति का विजन है तो अंतरिम बजट में किसान, मध्यम वर्ग, महिला से लेकर सभी वर्गों के लिए रूपरेखा बनाई गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर आगे बढ़ रही है। मैं इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को साधुवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी बजट विकसित भारत की नींव रखता है। इस बजट में मध्यम वर्ग के लिए घोषित आवास योजना एक क्रांतिकारी कदम है। लखपति दीदी का लक्ष्य बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। एमएसएमई सेक्टर को ग्लोबल बनाया जाएगा। इस बजट में पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जे पी नड्डा ने कहा कि यह बजट सामाजिक कल्याण और देश के विकास को समर्पित है। यह बजट राम राज्य की परिकल्पना को दर्शाता है। इसमें विकसित भारत का संकल्प और आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य है। अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना लाए जाने का कदम क्रांतिकारी है। अगले 5 साल में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लगभग 2 करोड़ घर बनाने का निर्णय लिया गया है।

# पेज एक का शेष

### तीन...

करोड़ करनेए लघुए सूक्ष्म एवं मझोले उद्यमों को वैश्विक स्टार पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने और उन्हें नियमों के अनुपालन के साथ काम करने में समर्थ करने की घोषणा भी शामिल है।

अंतरिम बजट में बिहार झारखण्ड पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे पूर्वी क्षेत्र के राज्यों को अमृत काल में विकास के नये इंजन के रूप में खड़ा करने रेलवे में सुधार के लिए कई पहल की घोषणा की गयी है। शहरीकरण को गति देने के लिए मेट्रो और नमो भारत को गति देने के उपाय किये गये हैं। निजी क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने के लिये दीर्घकालिक क़र्ज देने के वास्ते एक लाख करोड़ रुपये का एक नया कोष बनाने की घोषणा की गयी है। पर्यटन के विकास के लिये राज्यों को ब्याज मुक्त कर सुविधा देने की घोषणा की गयी है जिसमें आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। मोदी सरकार के दस साल के काम की इससे पिछली सरकार के 10 साल के काम की तुलना करते हुये श्वेत पत्र लाया जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2024.25 के अंतरिम बजट को समावेशी तथा नवान्वेषी करार दिया है और कहा है कि बजट में 2047 के विकसित भारत की गारंटी है। श्री मोदी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आज का ये अंतरिम बजट समावेशी और नवान्वेषी बजट है। इस बजट में निरंतरता का विश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ. युवा गरीब महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। ये बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान एवं नवान्वेषण पर एक लाख करोड़ रुपए का फंड बनाने की घोषणा की गई है। बजट में स्टार्टअप्स को मिलने वाली टैक्स छूट के विस्तार का एलान भी किया गया है।

कंग्रेस सहित अधिकांश विपक्षी दलों ने बजट को निराशाजनक बताया है। कांग्रेस ने बजट को अमीरों के पक्ष में बताते हुए कहा है कि इसमें बेरोजगार युवाओं के लिए कुछ नहीं हैं और इसमें शब्दों के जाल में फंसा कर सिर्फ खोखले दावे किए गये हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि वित्त मंत्री ने पूरे बजट भाषण में किसानों के बारे में बात की लेकिन किसान की नाखुशी को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गये हैं। वित्त मंत्री ने कृषि श्रमिकों सहित किसानों की आत्महत्या की संख्या का खुलासा नहीं किया है।

पूर्व वित्त मंत्री पी चिदम्बरम ने कहा कि वित्त मंत्रालय की रिपोर्टए राष्ट्रपति के अभिभाषण तथा वित्त मंत्री के भाषण में पिछले तीन दिनों से वही संख्याएं गिना रही हैं और इन संख्याओं पर अर्थशास्त्रियों और विषय के जानकार लोगों ने सवाल उठाये हैं।

उद्योग जगत ने इसको देश के विस्तृत और समावेशी विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराने वाला अंतरिम बजट बताया है और उसका मानना है कि बजट की दिशा आर्थिक वृद्धि के आधार को मजबूत करने वाली और दीर्घकालिक समृद्धि को बढ़ाने वाली है। अंतरिम बजट का हालांकि शेयर बाजार पर नकारात्मक प्रभाव दिखा और बीएसई का सेंसेक्स 107 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 28 अंक उतर गया।

### यह बजट ...

निर्णयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रिसर्च और इनोवेशन के लिए एक लाख करोड़ रुपये का फंड बनाने की घोषणा की गई है। उन्होंने बजट में स्टार्टअप्स के लिए टैक्स छूट के विस्तार पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए कैपिटल एक्सपेंडिचर को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है। अर्थशास्त्रियों की भाषा में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह एक प्रकार का स्वीट स्पॉट है। उन्होंने कहा कि यह भारत में 21वीं सदी के आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने वंदे भारत मानक की 40,000 आधुनिक बोगियों का निर्माण करने और उन्हें सामान्य यात्री ट्रेनों में स्थापित करने की घोषणा के बारे में भी बताया, जिससे देश के विभिन्न रेल मार्गों पर करोड़ों यात्रियों की सुविधा और यात्रा अनुभव में वृद्धि होगी। महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ङ्घहम एक बड़ा लक्ष्य तय करते हैं, उसे हासिल करते हैं और फिर अपने लिए उससे भी बड़ा लक्ष्य तय करते हैं।ङ्क उन्होंने गरीबों और मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए गांवों और शहरों में 4 करोड़ से अधिक घरों के निर्माण और 2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य बढ़ाने की जानकारी दी। महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए मोदी ने कहा, ङ्घहमने दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था। अब इस लक्ष्य को बढ़ाकर तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का कर दिया गया है।ङ्क प्रधानमंत्री ने गरीबों को सहायता देने, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को इसका लाभ देने के लिए आयुष्मान भारत योजना की प्रशंसा की। मोदी ने इस बजट में गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए नए अवसर पैदा करके उन्हें सशक्त बनाने पर सरकार का जोर दिया। उन्होंने रूफ टॉप सोलर अभियान का उल्लेख किया, जहां एक करोड़ परिवार मुफ्त बिजली का लाभ उठाएंगे, साथ ही सरकार को अतिरिक्त बिजली बेचकर प्रति वर्ष 15 से 20 हजार रुपये की आय भी अर्जित करेंगे।

प्रधानमंत्री ने आज घोषित आयकर छूट योजना का उल्लेख किया जिससे मध्यम वर्ग के लगभग एक करोड़ नागरिकों को राहत मिलेगी। बजट में किसान कल्याण को लेकर लिए गए प्रमुख फैसलों पर मोदी ने नैनो डीएपी के उपयोग, पशुओं के लिए नई योजना, पीएम मत्स्य सम्पदा योजना के विस्तार और आत्मनिर्भर तेल बीज अभियान का उल्लेख किया, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होंगे।

### प्रधानमंत्री...

बढ़ाकर 03 करोड़ करने के लिए वह प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

### केंद्र के...

ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का मार्ग प्रशस्त करते इस लोक-कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री मोदी का हार्दिक आभार एवं वित्त मंत्री का धन्यवाद।

### किसानों ...

परिवार मज़बूत। रिफार्म, परफ़ॉर्म और ट्रांसफ़ॉर्म। आगे उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि सबको काम, सबको सम्मान जनता का संकल्प, मोदी का कोई नहीं विकल्प। उन्होंने कहा कि जनता को मोदी और मोदी को जनता पर भरोसा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सपा बहादुर अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया हताशा का परिचायक है।

### समाज के...

प्रतिनिधित्व करने वाला बताया। राज्यपाल ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट नए भारत के राम राज्य वाला बजट है जो गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर केंद्रित है, जिसमें समाज के हर वर्ग को सौगात दी गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार उच्च समृद्धि के साथ-साथ लोगों की आकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए आगे बढ़ रही है। राज्यपाल ने बजट को आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए कौशल विकास के साथ उद्यमशीलता को बढ़ावा देने वाला बताया और कहा कि इससे अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ-साथ बड़ी संख्या में रोजगार सृजन भी संभव होगा। उन्होंने कहा कि बजट में आयुष्मान भारत योजना के दायरे में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों तथा आशा वर्करों को भी शामिल किये जाने तथा 08 वर्ष से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण की नि:शुल्क व्यवस्था से महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

भारत के...

करने वाला उत्कृष्ट बजट है। यह बजट भारत के स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला रखने वाला है। यह अंतरिम बजट गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु एवं भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में तथा भारत की समृद्धि और विकास को तीव्र गति प्रदान करने में मजबूती प्रदान करेगा।यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को भी दर्शाता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस अंतरिम बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का समस्त प्रदेशवासियों की तरफ से हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

### विकसित...

विकसित भारत लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण होने वाला है। केन्द्रीय मंत्री गुरुवार को संसद में पेश किए गए केंद्रीय अंतरिम बजट 2024 पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट में बुनियादी ढांचे और नवाचार पर विशेष ध्यान देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए ठाकुर ने कहा, ङ्घये बजट एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला रखता है, जो ग़रीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों को सशक्त बनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, उनके मार्गदर्शन में मोदी सरकार 2.0 का यह अंतरिम बजट समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभान्वित करने वाला है।ङ्क केन्द्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की परिवर्तनकारी यात्रा को दर्शाने वाला मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह अंतरिम बजट देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ आजादी के 100वें वर्ष तक विकसित भारत के ब्लूप्रिंट को भी प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस वर्षों में भारत को विश्व के सबसे तेजी से बढ़ने वाले प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिस्थापित किया है। इस बजट से भारत की विकास यात्रा को और बल मिलेगा

### पूर्व मुख्यमंत्री...

को आज कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री सोरेन को ईडी की टीम ने भूमि घोटाला मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

### ज्ञानवापी...

याचिका दाखिल करती है तो मामले में कोई भी आदेश पारित करने से पहले उनका पक्ष सुना जाय।

### ज्ञानवापी...

जो जमीन कब्जा की थी वो वापस करें। केन्द्रीय अंतरिम बजट को लेकर संजय निषाद ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक ऐसा बजट पेश किया है जो सभी के लिए फायदेमंद होगा। पहले की सरकारों का बजट पूंजीपतियों के लिए होता था। लेकिन अब देश को विकसित बनाने के संकल्प वाला बजट होता है। मत्स्य मंत्री ने यूपी विधानसभा सत्र को लेकर कहा कि विपक्ष को सत्र शांतिपूर्ण चलाए जाने के लिए सहयोग देना चाहिए ताकि प्रदेश की जनता और विकास को उन्नति के रास्ते पर निरंतर बढ़ता रहे।

### ज्ञानवापी...

को और भी मजबूत करने के लिए आगे आने की अपील की है। विधान परिषद सदस्य मोहसिन रज़ा ने 'हिन्दुस्थान समाचार' से बात करते हुए कहा कि मैंने पहले भी यह कहा था और अब भी कह रहा हूं कि कोई भी निर्णय एएसआई की रिपोर्ट के आधार पर ही आएगा। एएसआई की रिपोर्ट निष्पक्ष है। उस रिपोर्ट में कई ऐसे साक्ष्य सामने आए हैं जिसके आधार पर दूसरे पक्ष की दावेदारी बढ़ रही है। जब यह प्रमाण सामने आ ही गए हैं तो हमें विवाद और नहीं बढ़ाना चाहिए। सही तो यह होगा कि कोर्ट में मुकदमा लंबा खिंचे, उससे पहले धर्मगुरुओं को आगे आना चाहिए। मैं कहूंगा तो लोग राजनीति और राजनीतिक दल से जोड़कर मेरे बयान को देखेंगे। लेकिन सच्चाई को कोई झुठला नहीं सकता। यदि हम मिल बैठककर निर्णय लेंगे और जिसका है, उसे सौंप देंगे तो यह मिसाल कायम होगी। भारत के इस आपसी सौहार्द का संदेश दुनिया में जाएगा।

उल्लेखनीय है कि ज्ञानवापी पर एएसआई की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद भी मोहसिन रजा ने मुस्लिम समाज के गुरुओं से आगे आकर मिल बैठकर निर्णय लेने की अपील की थी। उनका कहना था कि यदि ऐसे साक्ष्य सामने आए हैं, जिससे यह साबित हो रहा है कि यह स्थल हिन्दू भाईयों का है, तो उन्हें दे देना चाहिए। सच को झुठलाया नहीं जा सकता। अगर हम कोर्ट में इसे लंबा खीचने की कोशिश करेंगे तो भी निर्णय साक्ष्य के आधार पर ही आएगा।

# बजट गतिशील और विकासोन्मुखी है : मुख्यमंत्री धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- यह सर्वस्पर्शी बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचितों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा
- उत्तराखंड पर्यटन विकास को पंख लगेंगे और औद्योगिक निवेश की ग्राउंडिंग में और तेजी आएगी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्तमंत्री ने देशवासियों के लिए एक गतिशील और विकासोन्मुखी बजट पेश किया है। इस बजट से उत्तराखंड पर्यटन विकास को पंख लगेंगे और औद्योगिक निवेश की ग्राउंडिंग में और तेजी आएगी। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आर्थिक महाशक्ति के साथ ही विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में यह अंतरिम बजट नई गति प्रदान करेगा। यह सर्वस्पर्शी बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचितों के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ ही प्रधानमंत्री जी के ''आत्मनिर्भर भारत'' की संकल्पना को मूर्त स्वरूप देने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास के साथ ही यह बजट ''नए भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, कृषि, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, पर्यटन'' जैसे विभिन्न क्षेत्रों को नए आयाम प्रदान करेगा, जिसके द्वारा विकसित भारत''अ 2047 के विजन को सार्थकता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। यह बजट प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में महिला, गरीब, युवा और किसानों को सरकार ने अपनी प्राथमिकता में रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें जहां खेती-किसानी के साथ ही पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन पर फोकस किया गया है, वहीं मातृशक्ति को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरिम बजट में पर्यटन, उद्योग, हवाई कनेक्टिविटी आदि पर भी खास जोर दिया गया है। इससे उत्तराखंड में पर्यटन विकास को पंख लगेंगे और औद्योगिक निवेश की ग्राउंडिंग में और तेजी आएगी। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए संकल्पित है। यह अंतरिम बजट इस संकल्प को पूरा करने की दिशा में सहायक बनेगा।

केंद्रीय करों में राज्यांश बढ़ा - मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के लिए यह अंतरिम बजट महत्वपूर्ण है। वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान जो आज प्रस्तुत किये गये हैं में केंद्रीय करों में राज्यांश बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तराखंड राज्य के लिए 11419.78 करोड़ रुपये का प्रावधान था, जो कि संशोधित अनुमान में 12348 करोड़ हो गया है। इस प्रकार लगभग 928 करोड़ इस वर्ष में अधिक मिलने की संभावना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 13637 करोड़ हो गया है। यह गत वर्ष के मूल अनुमान से 2217 करोड़ अधिक है। प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए यह केन्द्र सरकार का महत्वपूर्ण उपहार है।

# अंतरिम बजट से राहत की उम्मीद पर फिरा पानी, सिलेंडर के दामों ने तोड़ी कमर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे सामान्य व मोदी सरकार का बजट बताया। पूर्व महानगर अध्यक्ष अनिल सती ने कहा लोकसभा चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 पेश किया। चुनाव पूर्व बजट से उम्मीद थी कि लोगों को महंगाई के इस दौर में राहत मिलेगी और केंद्र सरकार पेट्रोल, डीजल के दामों में कटौती करेगी, परंतु ठीक इसके विपरीत बजट से ठीक पहले कामर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 14 रुपये की वृद्धि कर लोगों की कमर तोड़ने का काम मोदी सरकार ने किया है। सती ने कहा कि लंबे समय से मिडिल क्लास, ओल्ड टैक्स स्लैब में बदलाव का इंतजार कर रहा था, परंतु आयकर दाताओं को अंतरिम बजट में कोई राहत नहीं दी गई है। केवल और केवल केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया है। इंडियन रेवन्यू सर्विस अधिकारी बाला मुरुगन को इसलिए बर्खास्त कर दिया गया, क्योंकि उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आलोचना कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख दिया था। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान की हत्या हो रही है। सरकार के खिलाफ बोलने पर फर्जी तरीके से गिरफ्तारियां हो रही है। विपक्षी पार्टियों को कूटनीतिक तरीके से जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर जेल भेजा जा रहा है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जिस तरह दिन दहाड़े लोकतंत्र की हत्या हुई है, उससे स्पष्ट हो गया है की आने वाले समय में विपक्ष विहीन सरकार चलेगी। 2014 में किसानों की आय दोगनी करने का वादा कर सरकार सत्ता में आई थी।

# लंबे इंतजार के बाद पहाड़ों में शुरू हुई बर्फबारी, कई जगहों पर बिछी बर्फ की सफ़ेद चादर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। पहाड़ों में लंबे वक्त से बर्फबारी नहीं हुई थी, लेकिन बुधवार सुबह उत्तरकाशी जिले के ऊंचाई क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हुई थी जो गुरुवार को भी जिले के निचले इलाकों में देखने को मिली है। उत्तरकाशी जिले की ऊंचाई वाले इलाकों को लंबे वक्त से अच्छी बर्फबारी का इंतजार था, लेकिन कल से इलाके के लोगों इसका दीदार होने लगा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की आशंका जाहिर की थी। पहाड़ों के कुछ ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी भी हुई है। गंगोत्री ,भैरव घाटी, कनखू बेरियल, गंगोत्री नेशनल पार्क हर्षिल , सहित उपला टकनोर, दयारा, चौरंगी वहीं यमुघाटी के यमुनोत्री ,गीठ पट्टी, हरकीदून, गोविंद नेशनल पार्क,समूचे फातें पर्वत पर बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद यहां का नजारा बेहद खूबसूरत हो गया है। इसके अलावा जरमौला, सरबडियार, बसराली,सरनौल, में भी कुछ हिस्सों में बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के बाद तापमान में भी गिरावट आई है। उत्तरकाशी शहर में भी सुबह से ही लगातार बादल छाए हुए हैं। उत्तरकाशी लोगों के साथ पर्यटक भी यहां बर्फबारी देखने के लिए तरस गए हैं। उत्तरकाशी का अधिकतम तापमान 11.8 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान माइनस 1.2 डिग्री तक पहुंच गया है। तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ गई है। लोग ठंड से बचने के लिए लोग यहां अलाव का सहारा ले रहे हैं। पहाड़ों के ऊंचाई वाले इलाकों में हुई बर्फबारी के बाद ठंड का असर पूरे जनपद में नजर आ रहा है। बर्फबारी के बाद जिले भर के अलग-अलग हिस्सों में तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। उत्तरकाशी 11.8 डिग्री में न्यूनतम तापमान 1.2, मोरी 8.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। उत्तराखंड प्रदेश में लंबे वक्त से बर्फबारी न होने के चलते पर्यटन कारोबार पर भी इसका असर पड़ा है। पहाड़ों में घूमने के लिए आने वाले पर्यटक कारोबारी से सबसे पहले बर्फबारी को लेकर ही सवाल कर रहे थे। इसके अलावा किसानों और बागवानों को भी बर्फबारी न होने का नुकसान झेलना पड़ रहा था। बर्फबारी न होने की वजह से सेब के पौधे के लिए जरूरी नमी की मात्रा उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। आने वाले तीन दिन तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने का अनुमान है। इससे सेब बागवानों के साथ पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद भी जगी है।

# पहाड़ों ने ओढ़ी सफ़ेद चादर, देहरादून में झमाझम बारिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। जनवरी सूखी बीत जाने के बाद 31 जनवरी की रात से ही मौसम देहरादून पर मेहरबान हो गया है। देहरादून के साथ-साथ पूरे पहाड़ के ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर मौसम विभाग ने बर्फबारी और बारिश हो रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के तर्ज पर ही रात हुई रिमझिम बारिश के बाद प्रातःकाल से ही हल्की बारिश का दौर जारी था, जो दोपहर एक बजे के बाद झमाझम बारिश में परिवर्तित हो गया। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि कई जिलों में भारी बर्फबारी का अनुमान है। पहाड़ी की रानी मसूरी में ओलों की बौछार के बाद मौसम बदल गया और सड़कों पर सफ़ेद चादर बिछ गई। इसके बाद तापमान में काफी गिरावट हो गई। लंबे अंतराल के बाद प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र बर्फबारी से सफ़ेद हो गए हैं। 31 जनवरी को चकराता और अन्य क्षेत्रों में वर्षा हुई और मसूरी में ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग का मानना है कि फरवरी के पहले सप्ताह में कई बार बारिश और बर्फबारी हो सकती है, जिससे सूखी ठंड से राहत मिलेगी। फरवरी के पहले सप्ताह में ढाई हजार से तीन हजार फीट की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह का कहना है कि जिस दिन बारिश और बर्फबारी होगी, उसी दिन तापमान में गिरावट होगी। मौसम साफ होने पर सामान्य तापमान दो तीन डिग्री अधिक ही रहेगा। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़ जिलों में कहीं कहीं भारी बर्फबारी हो सकती है। अन्य जिलों में बिजली चमकने के साथ-साथ ओलावृष्टि की संभावना है। 2 फरवरी को मौसम साफ रहेगा, 3 फरवरी की रात मौसम एक बार फिर करवट लेगा और 4-5 फरवरी को वर्षा तथा बर्फबारी की संभावना है। 5 फरवरी के बाद प्रदेश में फिर मौसम शुष्क हो जाएगा। यह जरूर है कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश तथा बर्फबारी होने के कारण मैदानी क्षेत्रों में तापमान में कोई बहुत अंतर नहीं आएगा।

## अंतरिम बजट में कर्मचारियों के अति महत्वपूर्ण मुद्दों की अनदेखी

चंडीगढ़। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने गुरुवार को बजट में कर्मचारियों के अति महत्वपूर्ण मुद्दों की अनदेखी करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। श्री लांबा ने एक बयान में कहा कि देशभर के करोड़ों की तादाद में कर्मचारी 16 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल कर इसका माकूल जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि लगता है कि मोदी सरकार के एजेंडे में कर्मचारी एवं उनकी मांगें हैं ही नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए अंतरिम बजट में पीएफआरडीए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन बहाली, ठेका कर्मियों का नियमितीकरण, समान कामः समान वेतन, सेवा सुरक्षा प्रदान करने, आठवें वेतन आयोग का गठन करने, कोविड 19 में फ्रीज किये गये 18 महीने के डीए डीआर को रिलीज करने, आयकर छूट की सीमा बढ़ाने, निजीकरण पर रोक लगाने, खाली पड़े लाखों पदों को स्थायी भर्ती से भरने आदि मुद्दों को संबोधित ही नहीं किया गया।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव: हाई कोर्ट के आदेश को आप पार्षद ने दी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। चंडीगढ़ नगर निगम में मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के लिए हुए चुनावों का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। आम आदमी पार्टी के पार्षद ने 30 जनवरी को हुए चुनावों के मामले में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें हाई कोर्ट ने चुनाव परिणाम पर तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि, हाई कोर्ट ने एक नोटिस जारी करके इस मामले की सुनवाई तीन हफ्ते बाद के लिए तय की है। आम आदमी पार्टी के पार्षद कुलदीप कुमार ने याचिका में मेयर चुनाव की प्रक्रिया को रद्द करके चुनाव से जुड़ा पूरा रिकॉर्ड सील करने की मांग करते हुए कहा है कि मेयर के पदभार संभालने पर रोक लगाई जाए। याचिका में पूरी चुनावी प्रक्रिया में हुई धांधली की जांच करवाने और नए सिरे से हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में चुनाव करवाने का निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

# रेल रोकने जा रहे संगरूर के सांसद व उनके कई साथी हाउस अरेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया एक्टिविस्ट भाना सिद्धू के समर्थन में रेल रोकने जा रहे संगरूर के लोकसभा सांसद सिमरनजीत सिंह मान व उनके समर्थकों को फतेहगढ़ साहिब में हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। मान ने भाना सिद्धू की गिरफ्तारी के विरोध में गुरुवार को पंजाब के संगरूर में आंदोलन करने का ऐलान किया था। गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल अमृतसर के अध्यक्ष एवं सांसद सिमरनजीत सिंह मान की चेतावनी को देखते हुए पुलिस ने सुबह करीब दस बजे मान और उनके समर्थकों को उस समय घर में नजरबंद कर दिया, जब वह रेल रोकने के लिए धरना स्थल पर जाने के लिए फतेहगढ़ साहिब के किला हरनाम सिंह नगर में स्थित आवास पर एकत्र हुए थे। उनके आवास के बाहर और आसपास पुलिस फोर्स तैनात कर इलाके को छावनी में बदल दिया गया। किसी को अंदर जाने और बाहर आने की इजाजत नहीं दी गई। इस हाउस अरेस्ट के विरोध में सांसद के निजी सचिव इकबाल सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को अंदर ही बंद कर दिया है। सरकार आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। भाना सिद्धू राज्य सरकार के खिलाफ पोस्ट करने के बाद चर्चा में आया था। एक महिला ट्रेवल एजेंट की शिकायत पर 20 जनवरी को भाना सिद्धू को गिरफ्तार कर लिया गया। इस केस में सिद्धू को जैसे ही जमानत मिली तो उसे एक और केस में गिरफ्तार कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि सोशल वर्कर व ब्लॉगर भाना सिद्धू की गिरफ्तारी के विरोध में सांसद मान ने 1 फरवरी से धूरी में रेल रोको आंदोलन का ऐलान किया था।

# बारिश-बर्फबारी से राहत, धनोल्टी में पर्यटकों की आवाजाही की जगी आस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई टिहरी। लंबे समय बाद हुई बारिश से आम लोगों को शुष्क मौसम से राहत मिली है। बर्फबारी होने से धनोल्टी क्षेत्र में एक बार पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने के आसार बढ़ गये हैं। गुरुवार से ही धनोल्टी व आस-पास के क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही होने लगी है। टिहरी के प्रतापनगर, धनोल्टी व घनसाली के दूरस्थ क्षेत्रों में बीती रात हुई बारिश के साथ बर्फबारी भी हुई है। बारिश व बर्फबारी होने से लोगों ने राहत महसूस की है। बीते बुधवार की सुबह से ही मौसम करवट लेता दिखा। टिहरी सहित विभिन्न हिस्सों में बारिश की बूंदाबांदी ही होती नजर आई। लेकिन बीती रात से बारिश की बौछारें शुरू हुई और रातभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। जिससे मौसम में नमी आई। लगातार खुश्क मौसम के चलते सर्दी, जुकाम, बुखार सहित तमाम तरह की बीमारियों का सामना कर रहे लोगों को राहत मिली है। इसके साथ ही किसानों को बारिश ने खासी राहत दी है। जो किसान आलू, मटर सहित कई अन्य फसलों को बो नहीं पा रहे थे। खेतों में नमी आने के बाद किसान को फसलों को बोने का मौका मिलेगा। चिलिंग प्वाइंट वाले फलों के लिए भी यह बर्फबारी राहत देने वाली होगी। इससे सेब, आड़ू व खुमानी की फसलों को राहत मिलेगी। भले ही देर में हुई बारिश के कारण खेती को काफी नुकसान भी हुआ है। देवप्रयाग में करीब पांच माह बाद इंद्रदेव के प्रसन्न होने से जहां शुष्क मौसम से लोगों को राहत मिली वहीं खेती के लिए यह बारिश ज्यादा उपयोगी नहीं सिद्ध हो पायेगी। तीर्थ नगरी देवप्रयाग में बुधवार रात से तड़के तक हुई बारिश से महीनों से छाई धुन्ध जरूर छंट गयी। इससे देवप्रयाग में आने वाले यात्रियों व पर्यटकों को आसपास स्थित पहाड़ियों के दृश्य भी देखने को मिले।

# लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन बने आईएए के 52वें कमांडेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी के लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन के रूप में 52वां प्रमुख मिल गया है। उन्होंने गुरुवार को अपना कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने अपने राष्ट्र के लिए बहादुर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को मान्यता देते हुए एक समारोह में युद्ध स्मारक पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ले. ज. संदीप जैन, एसएम को जून 1988 में 13 महार (थानपीर) में नियुक्त किया गया था। 35 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर में, जनरल ऑफिसर ने विभिन्न संवेदनशील परिचालन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कमांड नियुक्तियों पर काम किया है। उन्होंने अर्ध विकसित इलाके में अपनी बटालियन की कमान संभाली है और यूएनएमआईएस में सेक्टर कमांडर, स्ट्राइक कोर में एक इन्फैंट्री ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में एक काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स रहे हैं। जनरल ऑफिसर ने 16 कोर की कमान संभालने से पहले रक्षा मंत्रालय (सेना) के डीजी सीडी, आईएचक्यू की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा। परिचालन और प्रशासनिक दोनों क्षेत्रों में उनके स्टाफ के अनुभवों में एमओ, एमएस ब्र, इथियोपिया में सैन्य निरीक्षण, स्ट्राइक कोर में इन्फैंट्री डिवीजन के कर्नल जीएस और घाटी में एक प्राइवेट कोर के ब्रिगेडियर क्यू में नियुक्तियां शामिल हैं। भारतीय सेना की पूंजीगत खरीद को गति देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जनरल ऑफिसर ने डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, सीनियर कमांड, हायर कमांड जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित पाठ्यक्रमों में भाग लिया है और केन्या में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में भाग लेने का गौरव भी प्राप्त किया है। उनके अनुकरणीय नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए, जनरल ऑफिसर को क्रमशः 2022 में सेना मेडल और 2007 में चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड से सम्मानित किया गया था।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063